संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, गुरुवार, 04 मई 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 17 अंकः 121 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि एनडीएमसी के 4400 आरआरएम कर्मियों को नियमित कर उनकी लगातार व प्रशंसनीय सेवाओं को पहचान देने का काम किया।

## ऑनलाइन शापिंग में 10 हजार से ज्यादा की नकदी के लेनदेन पर रोक की मांग



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** हाई कोर्ट ने ऑनलाइन शॉपिंग प्लेटफॉर्म से खरीदारी करते समय 10 हजार रुपये से अधिक की नकदी के लेनदेन पर रोक लगाने की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र और दिल्ली सरकार को नोटिस जारी किया है। चीफ जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की अध्यक्षता वाली बेंच ने चार हफ्ते में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। याचिका वकील और भाजपा नेता अश्विनी उपाध्याय ने दायर की है। 10 हजार रुपये से ऊपर के नकदी के लेनदेन पर रोक लगाई जाए। याचिका में कहा गया है कि इस तरह के कदम उठाने से भ्रष्टाचार, कालाधन, मनी लॉन्ड्रिंग, बेनामी लेनदेन और आय से अधिक संपत्ति के संग्रह पर लगाम लगेगी।

## पंजाब के पूर्व सीएम के हत्यारे की दया याचिका खारिज




**टीम एक्शन इंडिया/अमृतसर**

**पंजाब** के पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह के हत्यारे बलवंत सिंह राजोआना की दया याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने ठुकरा दिया है। दोषी बलवंत सिंह राजोआना की फांसी को उम्रकैद में बदलने की मांग वाले मामले पर बुधवार को सुनवाई हुई। उसे सुप्रीम कोर्ट से कोई राहत नहीं मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने दया याचिका ठुकराते हुए केंद्र को राजोआना की सजा पर जल्द फैसला लेने के लिए कहा है।

**1995 में किया था कत्ल:** राजोआना ने 1995 में तत्कालीन मुख्यमंत्री बेअंत सिंह को अपने साथियों के साथ मिल कर मानव बम से उड़ा दिया था। जुलाई 2007 में निचली अदालत ने मौत की सजा सुनाई थी। पंजाब एंव हरियाणा हाईकोर्ट ने 2010 में उसकी सजा को बरकरार रखा था, वह 27 साल से जेल में है।

## चीन की 232 एप बैन, 300 नई आ गईं



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**चीन** की तरफ से आया एक खतरा, जिसकी जद में हम-आप तो हैं ही, सेना के लोग भी हैं। यह चीनी हथियार हैं डेटिंग, चैटिंग, ट्रेडिंग व लोन एप। एप स्टोर पर 35 व गूगल प्ले पर 250 से ज्यादा। भारत सरकार ने 2020 से अब तक 232 चीनी एप्स बैन की, लेकिन 300 से ज्यादा एप्स देश में वापस आ गई हैं। लगता यह है कि ये एप हांगकांग, वियतनाम, सिंगापुर, इंडोनेशिया की हैं, लेकिन असल में चीनी कंपनियां इन्हें प्रॉक्सी लोकेशन से चला रही हैं। एक्सपर्ट्स की मदद से इन एप्स की खुफिया रिपोर्ट बनाई गई है, जो सरकार को भेजी जाएगी। इसमें दावा है कि ये एप ऑनलाइन वेश्यावृत्ति तक करा रही हैं और छोटे कस्बों-गांवों की संभ्रांत परिवारों की लड़कियां-महिलाएं ट्रैप हो रही हैं।

## शंघाई सहयोग संगठन के विदेश मंत्रियों की गोवा में बैठक



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**शंघाई** सहयोग संगठन (एससीओ) के विदेश मंत्रियों की दो दिवसीय बैठक गुरुवार से गोवा में प्रांरभ होगी। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर विदेश मंत्रियों की इस बैठक में शामिल होने के लिए बुधवार को गोवा पहुंचे। भारत शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) का वर्तमान अध्यक्ष है। एससीओ की स्थापना 15 जून 2001 को शंघाई में हुई थी। एससीओ में इस समय आठ सदस्य देश- भारत, चीन, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, रूस, पाकिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान हैं। चीन के विदेश मंत्री किन गैंग, रूस के सर्गेई लावरोव और पाकिस्तान के बिलावल भुट्टो-जरदारी बैठक में अन्य नेताओं के साथ शामिल होंगे।

# जय हनुमान...चुनावी घमासान!

### मोदी ने बजरंगबली के 6 बार जयकारे लगवाए, पोलिंग बूथ में बटन दबाते ही जय बजरंगबली बोलकर कांग्रेस को सजा देना: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**टीम एक्शन इंडिया/बेंगलुरु**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने बुधवार को मूडबिद्री में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए 6 बार बजरंगबली के जयकारे लगवाए। पीएम ने भाषण से पहले तीन बार बजरंगबली का जयकारा लगाया, फिर संबोधन खत्म होने के बाद तीन बार जनता से बजरंगबली की जय-जयकार करवाई। उन्होंने कहा- जब पोलिंग बूथ में बटन दबाओ तो जय बजरंगबली बोल कर इन्हें (कांग्रेस को) सजा दे देना। दरअसल, मंगलवार को कांग्रेस ने अपना घोषणापत्र जारी किया था, इसमें बजरंग दल पर बैन लगाने की बात कही थी। इस पर पीएम मोदी ने मंगलवार को कहा था- श्रीराम के बाद ये बजरंगबली को भी कैद करना चाहते हैं। पीएम मोदी ने तीन रैलियां कीं। पहली रैली उन्होंने मूडबिद्री में, दूसरी अंकोला और तीसरी जनसभा बेलहोंगल में की। पीएम ने कहा कि भाजपा की डबल-इंजन सरकार का आधा समय तो पिछली सरकार के अधूरे कामों की मरम्मत करने में चला गया। कांग्रेस-जेडीएस सरकार के दौरान 30 हजार करोड़ रुपए के आस-पास FDI कर्नाटक में आता था। हमने इसे बढ़ाकर तीन गुना किया। कांग्रेस अपने दशकों के



**'बजरंग दल बैन करने पर सिंधिया से राय ले बीजेपी**

**कांग्रेस** ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव के अपने मेनिफेस्टो में पीएफआई और बजरंग दल पर बैन लगाने की बात कही है। इस घोषणा पर मध्यप्रदेश की राजनीति भी गरमा गई। गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने पूर्व सीएम कमलनाथ को पत्र लिखकर कांग्रेस की आस्था पर सवाल उठाए हैं। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कर्नाटक में चुनाव प्रचार के दौरान कहा- एक तरफ हम बजरंग बली की पूजा कर रहे हैं, दूसरी तरफ कांग्रेस जय बजरंग बली की बोलने वालों पर प्रतिबंध लगाने की बात कर रही है।

कुशासन से जन विश्वास खो चुकी है इसलिए झूठे आरोप और झूठी गारंटी... यही कांग्रेस का एकमात्र सहारा बचा है। कांग्रेस ने देश के कोने-कोने में करीब 10 करोड़ नकली नाम सरकारी कागजों में डलवा दिए थे। ये पैसा कांग्रेस के टॉप से बॉटम तक बैठे भ्रष्ट नेताओं की जेब में जाता था। शॉर्टकट गवर्नेंस ने ही देश में वोट बैंक की खराब राजनीति को जन्म दिया है। पीएम ने कहा कि कर्नाटक में जहां कभी रेल और रोड बदहाल स्थिति में थी। वहां अब एयरपोर्ट और आधुनिक रेलवे स्टेशन बन रहे हैं।

**शिवराज सिंह चौहान - कांग्रेस तो राम सेतु को भी काल्पनिक बता चुकी है:** बजरंग दल को बैन करने वाली बात पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, यह एक राष्ट्रवादी संगठन है जो आतंकवाद, लव जिहाद का विरोध करता है और समाज सेवा में विश्वास करता है। इसकी तुलना आतंकवादी संगठन पीएफआई से की जा रही है। यह वही कांग्रेस है जिसने राम मंदिर निर्माण का विरोध किया था और राम सेतु को काल्पनिक बताया था।

**कांग्रेस निशाने पर**

**● बजरंग दल को पीएफआई से जोड़ना बहुत ही शर्मनाक है। कांग्रेस के इस फैसले का विरोध करेंगे**

**बजरंग दल का हैदराबाद में कांग्रेस के खिलाफ प्रदर्शन, पुलिस से झड़प:** इधर, कांग्रेस के घोषणा पत्र के खिलाफ बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने हैदराबाद में कांग्रेस दफ्तर के बाहर प्रदर्शन किया। वे कांग्रेस दफ्तर में जाना चाहते थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया। इस दौरान पुलिस और बजरंग दल कार्यकर्ताओं में झड़प भी हुई। बाद में पुलिस ने समझा-बुझाकर उन्हें लौटा दिया। बजरंग दल के राष्ट्रीय संयोजक नीरज दोनेरिया ने कहा- बजरंग दल को पीएफआई से जोड़ना बहुत ही शर्मनाक है। वे समाज के विकास और लाभ के लिए काम करने वाले एक दल की तुलना एक ऐसे समूह से कर रहे हैं जिसने कई आतंकवादी गतिविधियों को बढ़ावा दिया है।



हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने पिहोवा से करनाल जाने वाली बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह बस पिहोवा से अभिमन्युपुर, अंजनथली होते हुए करनाल पहुंचेगी।

## 'दस वर्षों में अंग प्रत्यारोपण के मामलों में तीन गुना बढ़ोतरी'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**केंद्रीय** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा है कि देश में पिछले दस वर्षों में अंग प्रत्यारोपण के मामलों में तीन गुना बढ़ोतरी हुई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने "मन की बात" कार्यक्रम की 99वीं कड़ी में देशवासियों से अंगदान के लिए आगे आने का आह्वान किया था। इससे देश में अंगदान को एक नई गति मिली है। डॉ. मांडविया ने बुधवार को स्वास्थ्य राज्यमंत्री डॉ. भारती प्रवीण पवार और मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में अंगदान एवं प्रत्यारोपण की स्थिति की समीक्षा की।

## राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन पर ड्रोन हमले की कोशिश!

**टीम एक्शन इंडिया/कीव**

**रूस के राष्ट्रपति** व्लादिमिर पुतिन की हत्या की साजिश रचे जाने का दावा किया गया है। दावा रूस की तरफ से ही किया गया है। रूस का कहना है कि यूक्रेन ने क्रेमलिन पर ड्रोन से हमला करने की कोशिश की। क्रेमलिन ने इसे आतंकवादी कृत्य करार दिया है और जवाब देने के उसके अधिकार तहत कार्रवाई करने की भी चेतावनी दी है। क्रेमलिन ने एक बयान में कहा कि दो मानवरहित व्हीकल (ड्रोन) को रूस की ओर भेजा गया था। उनके निशाने पर राष्ट्रपति पुतिन थे। ड्रोंस को मार गिराया गया है। हम इसे एक सुनियोजित



आतंकवादी कृत्य मानते हैं। यह रूसी संघ के राष्ट्रपति की जान लेने का एक प्रयास था। हमले में पुतिन को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। रूस ने कहा कि राष्ट्रपति पुतिन के काम करने का कार्यक्रम नहीं बदला गया है। यह हमेशा की तरह जारी रहेगा। हम जवाबी कार्रवाई करने का अधिकार के तहत काम करेंगे। मौजूदा हालात को देखते हुए यही सह है।

## एनसीपी अध्यक्ष पर नहीं हुआ फैसला



**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**

**शरद** पवार के एनसीपी अध्यक्ष पद से इस्तीफे के ऐलान के अगले दिन बुधवार को जितेंद्र आव्हाड ने भी महासचिव पद से इस्तीफा दे दिया। विधायक अनिल पाटिल ने भी अपना त्यागपत्र शरद पवार को भेजा है। सूत्रों के मुताबिक, अभी कई और इस्तीफे हो सकते हैं। 82 साल के एनसीपी चीफ शरद पवार ने मंगलवार को इस्तीफे का ऐलान किया था और उनके भतीजे अजित ने कहा था कि साहब का फैसला पलटता नहीं है। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ही नेताओं-कार्यकर्ताओं ने फैसले का विरोध किया और इस्तीफा वापस लेने की मांग की थी। सुबह पवार ने कहा है कि इस्तीफा वापस लेने के लिए उन पर भारी दबाव है। मुंबई के यशवंत राव चव्हाण सेंटर में 15 सदस्यीय कमेटी की मीटिंग हुई, जिसे नया अध्यक्ष चुनने का जिम्मा सौंपा गया है। अध्यक्ष की दौड़ में अजित पवार, सुप्रिया सुले और प्रफुल्ल पटेल का नाम आगे चल रहा है। इधर, एनसीपी के उपाध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल ने कहा- नए अध्यक्ष को लेकर कोई चर्चा नहीं हुई है। मैं अध्यक्ष पद के लिए तैयार नहीं हूं।

**मंथन जारी**

**● जितेंद्र ने महासचिव पद से इस्तीफा दे दिया। विधायक अनिल पाटिल ने भी अपना त्यागपत्र शरद पवार को भेजा है**

## 'पीएम मोदी के विजन को यूपी ने बनाया अपना मिशन'

**टीम एक्शन इंडिया/बलिया**

**बलिया** की चुनावी सभा में सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के विजन को यूपी ने मिशन मानकर आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि दुनिया में भारत सबसे तेज विकसित अर्थव्यवस्था है। 2014 के पहले ऐसी स्थिति नहीं थी। इसके पहले दुनिया हमें शक की नजर से देखती थी। योगी ने प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि दुनिया यह मानती है कि कहीं भी संकट होगा तो मोदी जी संकटमोचक की भूमिका में होंगे। उन्होंने कहा कि आज भारत तेजी से बदल रहा है। कहीं आईआईटी और आईआईएम बनाना हो या गरीब तक बिजली पहुंचाने का कार्य करना हो, सब कुछ हो रहा है।कहीं एक्सप्रेस वे तो कहीं हाइवे बन रहा है। कोरोना काल में तीन वर्ष से 80 करोड़ लोगों को फ्री अनाज दिया जा रहा है। इसमें 15 करोड़ यूपी के ही लाभार्थी हैं। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत के 220 करोड़ लोगों को कोरोना की वैक्सीन का डोज दिया गया। ये चीजें दिखा रही हैं कि आज भारत न केवल मोदी के हाथों में सुरक्षित है बल्कि हर नागरिक को स्वावलंबी बनाकर उसे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। सीएम बोले कि प्रदेश में भी हर व्यक्ति को स्वावलंबी बनाने की योजना चलाई जा रही है।



**पीएम की तारीफ**

**● दुनिया यह मानती है कि कहीं भी संकट होगा तो मोदी जी संकटमोचक की भूमिका में होंगे: सीएम योगी**

## ग्राउंडेड 25 विमानों को फिर परिचालन में लाने की तैयारी कर रही स्पाइसजेट

**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई/नई दिल्ली**

एयरलाइन कंपनी स्पाइसजेट अपने 25 ठप खड़े (ग्राउंडेड) विमानों को पुनः परिचालन में लाने पर काम कर रही है। एयरलाइन ने इसके लिए करीब 400 करोड़ रुपये जुटा लिए हैं, जबकि शेष राशि सरकार की आपातकालीन क्रेडिट लाइन गारंटी योजना (ईसीएलजीएस) और बेहतर नकदी विकल्पों से जुटाएगी। कंपनी के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक अजय सिंह ने कहा कि हम अपने ठप खड़े विमानों को जल्द सेवा में लाएंगे।

## बजरंगबली के नाम पर गुंडागर्दी ठीक नहीं: सीएम बघेल



**टीम एक्शन इंडिया/रायपुर**

**कर्नाटक** में कांग्रेस के घोषणा पत्र के बाद बजरंग बली के नाम पर सियासत तेज हो गई है। कांग्रेस ने कहा कि अगर राज्य में उनकी सरकार आती तो वह बजरंग दल को बैन कर देंगे। इस पर पीएम मोदी ने तुरंत निशाना साधा। पीएम ने बुधवार को कर्नाटक की एक जनसभा में लोगों से 6 बार बजरंग बली के जयकारे लगवाए। बजरंग बली के नाम पर सियासत केवल कर्नाटक तक सीमित नहीं रही, बल्कि मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में भी राजनीति गरमा गई है। छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल ने सफाई देते हुए कहा कि कांग्रेस ने बजरंग दल पर बैन लगाने की बात कही है, बजरंग बली पर नहीं।

## '10वीं फेल तेजस्वी सीख रहे हस्ताक्षर करना'

**टीम एक्शन इंडिया/ वैशाली**

**बिहार में** बाहुबली नेता आनंद मोहन की रिहाई पर सियासी घमासान जारी है। जन सुराज पदयात्रा पर निकले राजनीतिक रणनीतिकार प्रशांत किशोर बुधवार को वैशाली के महुआ पहुंचे। यहां उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तेजस्वी यादव को घेरा। पीके ने कहा कि दलितों और पिछड़ों की राजनीति करने वाले लोग नंगे हो गए हैं। नीतीश कुमार ने राजनेता और प्रशासक के तौर पर सरेंडर कर दिया है। नीतीश अब सिर्फ सीएम बने रहना चाहते हैं, राज्य में चाहे कुछ भी होता रहे। प्रशांत किशोर ने कहा कि आईएएस अधिकारी जी कृष्णैया दलित समाज के गरीब परिवार से थे, लेकिन आनंद मोहन की रिहाई से एक बात साफ हो गई कि सीएम नीतीश कुमार जाति की राजनीति करते हैं। नीतीश दलितों और पिछड़ों की राजनीति करने का दावा करते हैं, लेकिन उस समाज के सामने इनका सच आ गया। अब ये दलितों और पिछड़ों के बीच बिल्कुल नंगे हो गए हैं। जब वोट नजर आते हैं, तब गरीब, पिछड़े और दलित, सबको भूल जाते हैं। उन्होंने कहा कि नीतीश की दलितों वाली राजनीति है, वो सिर्फ अपने लाभ के लिए है और ये अपने परिवार और वोट तक ही सीमित रह जाती है।



**पीके का तंज**

**● नीतीश कुमार ने राजनेता और प्रशासक के तौर पर सरेंडर कर दिया है। नीतीश अब सिर्फ सीएम बने रहना चाहते हैं**

## गो फर्स्ट की उड़ानें तीन दिन बंद, यात्री परेशान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**कैश की** तंगी से जूझ रही एयरलाइन गो फर्स्ट के यात्री परेशान हो रहे हैं। एयरलाइन्स ने 3, 4 और 5 मई के लिए फ्लाइट्स सस्पेंड कर दी हैं। उसके पास फ्यूल भरने का भी पैसा नहीं है। एयरलाइन की वेबसाइट के अनुसार वो रोजाना 27 डोमेस्टिक और 8 इंटरनेशनल डेस्टिनेशन के लिए 200 से ज्यादा फ्लाइट ऑपरेट करती है। फ्लाइट ऑपरेशन रद्द होने के बाद एयरलाइन टिकटों का पैसा भी वापस करेगी। रिफंड ओरिजिनल पेमेंट मोड के जरिए किया जाएगा। मतलब, जिन लोगों ने क्रेडिट कार्ड के माध्यम से टिकट का पेमेंट किया है, उनके क्रेडिट कार्ड स्टेटमेंट में रिफंड दिखाई देगा। वहीं जिन्होंने यूपीआई और नेट बैंकिंग से पेमेंट किया है, उन्हें रिफंड सीधे उनके अकाउंट में मिलेगा।





**दिल्ली पहुंचे तो पता चला फ्लाइट कैंसिल हो गई:** गो फर्स्ट की फ्लाइट पकड़ने दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचे यात्री हरेंद्र सिंह ने कहा, 'मैं मेरठ से 3 बजे के आसपास दिल्ली के लिए निकला था, लेकिन यहां पहुंचने के बाद पता चला कि मेरी फ्लाइट कैंसिल हो गई है...कोई भी साफ-साफ कुछ कहने को तैयार नहीं है।' एयरलाइंस से टिकट बुक करने वाले एक अन्य यात्री ने कहा, 'हमने लेह जाने के लिए टिकट बुक कराए थे, अब फ्लाइट कैंसिल हो गई है।'

**सुनवाई हुई**

### केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट से कहा- याचिककर्ता भी सुझाव दें, हम सकारात्मक हैं

# सेम सेक्स कपल की समस्याएं सुलझाने के लिए कमेटी बनेगी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**सुप्रीम कोर्ट** में सेम सेक्स मैरिज को कानूनी मान्यता देने की 20 याचिकाओं पर सातवें दिन बुधवार को सुनवाई हुई। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि केंद्र सेम सेक्स कपल की समस्याओं का हल तलाशने के लिए एक कमेटी बनाने को तैयार है। मेहता ने कहा कि यह कमेटी इन कपल की शादी को कानूनी मान्यता देने के मुद्दे में नहीं दाखिल होगी। समस्याओं को लेकर याचिकाकर्ता यानी सेम सेक्स कपल अपने सुझाव दे सकते हैं। वो हमें बताएं कि क्या कदम उठाए जा सकते हैं। सरकार इस पर सकारात्मक है। हां ये बात जरूर है कि इस मामले में एक नहीं, बल्कि ज्यादा मंत्रालयों के बीच तालमेल की जरूरत है। पिछली यानी छठवें दिन की सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था- समलैंगिकों को समाज से बहिष्कृत नहीं किया जा सकता है। सरकार बताए कि वह इस संबंध में क्या करने का इरादा रखती है और कैसे वह ऐसे लोगों की सुरक्षा और कल्याण के काम कर रही है। इस मामले पर चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस एसके कौल, जस्टिस रवींद्र भट, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस हिमा कोहली की संवैधानिक बेंच सुनवाई कर रही है। पिछे 6 दिन की सुनवाई के दौरान शुरूआत में केंद्र ने अपनी दलीलें दीं। इसके बाद याचिकाकर्ताओं ने अपनी समस्याएं और मांगें कोर्ट के सामने रखीं। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा था, 'अगर ज्यूडीशियरी इसमें एंट्री करती है तो यह एक कानूनी मुद्दा बन जाएगा। सरकार बताए कि वह इस संबंध में क्या करने का इरादा रखती है और कैसे वह ऐसे लोगों की सुरक्षा और कल्याण के काम कर रही है। समलैंगिकों को समाज से बहिष्कृत नहीं किया जा सकता है।'



**सुझाव**

**● समस्याओं को लेकर याचिकाकर्ता यानी सेम सेक्स कपल अपने सुझाव दे सकते हैं। वो बताएं कि क्या कदम उठाए जा सकते हैं**

# प्रदेश की सभी पंचायतें 3 महीने में जरूर करें ग्राम पंचायत की बैठक: मुख्यमंत्री

## बारना गांव के ग्राम सचिवालय की रेनोवेशन के लिए मुख्यमंत्री ने जिला उपायुक्त को दिए निर्देश, सचिवालय में नियमित तौर पर हो ग्राम सभा की बैठक, कुरुक्षेत्र के गांव बारना में मुख्यमंत्री ने किया जनसंवाद



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने आज जिला कुरुक्षेत्र के गांव बारना में जनसंवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा कि सरपंच 3 महीने में एक बार ग्राम सभा की बैठक अवश्य करें। ग्राम पंचायतों द्वारा जो भी प्रस्ताव पारित करके भेजे जाएंगे, उन विकास कार्यों को हर हाल में पूरा करवाया जाएगा।
मुख्यमंत्री ने सरपंचों की मांग पर गांव के ग्राम सचिवालय की रेनोवेशन के लिए जिला उपायुक्त को निर्देश दिए।
उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों व योजनाओं का लाभ धरातल पर सुचारू रूप से पहुँच रहा है या नहीं, इसे जानने के लिए जनसंवाद जनता से फीडबैक लेने का सबसे अच्छा माध्यम है। उन्होंने कहा कि ईमानदारी से सरकार चलाना और विकास करवाना उनकी प्राथमिकता है। लोगों का जीवन ज्यादा से ज्यादा सरल बने और इसके लिए लोगों को लाइनों में खड़ा न होना पड़े, इसके लिए व्यवस्था परिवर्तन के कई काम किए हैं। केंद्र व प्रदेश सरकार मिलकर विकास कार्य करवा रही है और आगे भी विकास कार्य जारी रहेंगे।

**बारना गांव में विकास कार्यों के लिए दिए जा चुके 2.56 करोड़ रुपए**

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि बारना गांव में विकास कार्यों के लिए 2 करोड़ 56 लाख रुपए दिए जा चुके हैं, जिससे गांव में रास्ते, विभिन्न चौपाल, अंबेडकर भवन के निर्माण सहित अन्य विकास कार्य करवाए गए हैं। प्रदेश में अब नौकरियां मेरिट के आधार पर दी जा रही हैं। गांव बारना में 125 सरकारी नौकरियां लगी हैं, जिनमे 52 केंद्र व प्रदेश सरकार की और 73 नौकरियां कौशल रोजगार निगम की ओर से लगी हैं। कुरुक्षेत्र जिला में गत समय में लगाए गए तीन अंत्योदय उत्थान मेलों में ऐसे परिवार जिनकी आय सालाना 1 लाख 80 हजार रुपये से कम थी, उन्हें स्वरोजगार स्थापित करने के लिए 2500 से अधिक लोगों को ऋण प्रदान किया गया है।

**किसानों के खातों में सीधे भेजे जा रहे पैसे, अब बिचौलियों के नहीं काटने पड़ते चक्कर**

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि आज किसानों को फसलों की खरीद व अन्य सब्सिडी के पैसे सीधे उनके खातों में भेजे जा रहे हैं। किसानों को अब बिचौलियों के चक्कर नहीं काटने पड़ते हैं। यही कारण है कि लोग सरकार पर विश्वास कर रहे हैं। प्रदेश सरकार ने धान की फसल छोड़ने के लिए किसानों को प्रेरित किया है और इसके लिए जो किसान अपने खेत में धान की फसल नहीं लगाता है उसे 7 हजार रुपये प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि के रूप में प्रदान किए जा रहे हैं।

# केयू का यह संग्रहालय अपने आप में अद्वितीय है: बिप्लब कुमार देब

**राज्यसभा सांसद बिप्लब देब ने किया केयू धरोहर संग्रहालय का अवलोकन**



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** राज्यसभा सांसद और त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब ने बुधवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के धरोहर हरियाणा संग्रहालय का अवलोकन किया। धरोहर संग्रहालय की सराहना करते हुए उन्होंने कहा, कि 'मैंने देश और विदेश में कई ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संग्रहालय देखे हैं, लेकिन केयू का यह संग्रहालय अपने आप में अद्वितीय है। यह संग्रहालय हरियाणा की समृद्ध संस्कृति को संरक्षित और प्रसारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। पारंपरिक हरियाणा के गांवों में जीवन से संबंधित विभिन्न पहलुओं व वस्तुओं देखना अच्छा लगता है। संग्रहालय युवाओं को राज्य की अनमोल विरासत से खूबसूरती से जोड़ रहा है।
कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने मुख्यातिथि का स्वागत किया और संग्रहालय की विभिन्न प्रमुख विशेषताओं से परिचित कराया। कुलपति प्रो. सोमनाथ ने कहा कि हमें भारत और अन्य देशों के नागरिकों के लिए हरियाणा की समृद्ध संस्कृति और परंपराओं को सहेजने पर गर्व है। इस संग्रहालय को देश-विदेश से देखने हर साल 1.5 लाख से अधिक पर्यटक आते हैं और 41 से अधिक देशों के प्रतिनिधि संग्रहालय का दौरा कर चुके हैं। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. शुचिस्मिता, धरोहर संग्रहालय के क्यूरेटर डॉ. विवेक चावला, लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. ब्रजेश साहनी, यूआईईटी के निदेशक प्रो. सुनील ढींगरा, डॉ. गुरचरण सिंह, डॉ. प्रीतम सिंह और कुलदीप आर्य उपस्थित थे।

# गांव खैरी के स्कूल में एक दिवसीय विज्ञान ज्योति कार्यक्रम का हुआ आयोजन




**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ,खैरी में भारत सरकार के विज्ञान एवं तकनीकी विभाग द्वारा संचालित विज्ञान ज्योति नामक कार्यक्रम हेतु एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया।स्कूल के प्रधानाचार्य दया सिंह स्वामी की अध्यक्षता तथा जवाहर नवोदय विद्यालय ,निवारसी के सहयोग से सम्पन्न हुए इस कार्यक्रम में विद्यालय की 12 वीं कक्षा की विज्ञान संकाय की छात्राओं तथा उनके अभिभावकों को विज्ञान ज्योति कार्यक्रम के बारे प्रशिक्षित किया गया।मुख्य प्रशिक्षिक के रूप में जवाहर नवोदय विद्यालय ,निवारसी से पहुंचे दिनेश कुमार तथा श्रीमती गुरप्रीत कौर (प्रधानाचार्या जवाहर नवोदय विद्यालय ,निवारसी ) ने विस्तार से छात्राओं तथा उनके अभिभावकों से भारत सरकार के विज्ञान ज्योति कार्यक्रम पर चर्चा की।उन्होंने बताया कि विज्ञान ज्योति कार्यक्रम विज्ञान संकाय की छात्राओं को चिकित्सा तथा इंजीनियरिंग के क्षेत्र में अपना भविष्य बनाने का एक सुनहरा अवसर प्रदान करता है ।स्कूल के प्रधानाचार्य दया सिंह स्वामी ने इस उत्कृष्ट कार्यक्रम के लिए राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ,खैरी को चुनने पर जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रधानाचार्या को धन्यवाद दिया और इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।उन्होंने अपने संबोधन में बताया कि विज्ञान ज्योति कार्यक्रम के तहत विद्यालय की सभी 11 छात्राओं (विज्ञान संकाय कक्षा 12 )का चुनाव किया है।चिकित्सा तथा इंजिनीरिंग के क्षेत्र में अपना भविष्य सुनिश्चित करने के लिए विज्ञान ज्योति कार्यक्रम के तहत प्रत्येक छात्रा को एक हजार रुपये प्रति माह की आर्थिक सहायता ,परीक्षा की तैयारी हेतु पुस्तकें खरीदने के लिए आठ हजार रुपये तथा विज्ञान विषय के विशेषज्ञों द्वारा समय समय पर तैयारी हेतु सेमिनार का आयोजन व प्रशिक्षण शामिल है ।इस अवसर पर विद्यालय से रसायन विज्ञान प्रवक्ता तथा इस कार्यक्रम के संयोजक जसविंदर सिंह ,जीव विज्ञान प्राध्यापिका श्रीमति डिंपल तथा भौतिक विज्ञान प्राध्यापिका श्रीमति पूनम भी उपस्तिथ रहीं।

## अपहरण कर यातना देने के आरोप में एक गिरफ्तार

**सोनीपत:** मुरथल थाना पुलिस ने गांव मेहंदीपुर के हिस्ट्रीशीटर निखिल की हत्या के बाद गांव गढ़ी असदपुर के ग्रामीण का अपहरण कर यातना देने के मामले में पुलिस ने निखिल के चचेरे भाई को भी गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपित गांव मेहंदीपुर निवासी दीपक है। आरोपित को अदालत में पेश किया, जहां उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस मामले में तीन आरोपितों को पहले गिरफ्तार कर चुकी है।
गांव गढ़ी असदपुर निवासी सुनील कुमार ने 12 अप्रैल को बताया था कि वह मेहनत मजदूरी करते है। वह दोपहर बाद अपने घर पर थे। इसी दौरान 2 बाइक पर गांव मेहंदीपुर निवासी फूल सिंह अपने भतीजे विकास व विशाल उर्फ छोटू तथा अन्य हाथों में डंडे लेकर उनके घर आए थे। वह उनका अपहरण कर खेतों में ले गए थे।

# तीन दिवसीय छात्र स्वास्थ्य शिविर का किया आयोजन

**जीवन शैली में परिवर्तन के कारण आजकल कम आयु में ही बच्चे विभिन्न रोगों से ग्रस्त हो रहे हैं ।**



**टीम एक्शन इण्डिया /कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक )** श्रीमदभगवदगीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, रेलवे रोड़ कुरुक्षेत्र में 2 मई 2023 से 4 मई 2023 तक विद्यालय के सभी छात्रों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जीवन शैली में परिवर्तन के कारण आजकल कम आयु में ही बच्चे विभिन्न रोगों से ग्रस्त हो रहे हैं । बच्चों में हड्डियों की कमजोरी, दृष्टि दोष तथा शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता में प्रायः कमी दिखाई देती है। अतः विद्या भारती ने यह सुनिश्चित किया है कि अपने विद्यालय में पढ़ने वाले सभी विद्यार्थियों का ब्लड टेस्ट करवाया जाए, जिनमें विशेषकर, तथा का चेकअप होगा। साथ ही बच्चों का तथा भी करवाया जायेगा। 2 मई से यह प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है । यह सभी टेस्ट विद्यालय की ओर से निःशुल्क करवाए जा रहे हैं। यह सभी टेस्ट हिंदुस्तान लैबोरेट्री के संचालक श्री रामचंद्र सैनी व उनके कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे हैं। विद्यालय के प्राचार्य श्री अनिल कुलश्रेष्ठ ने सभी छात्रों को यह सभी टेस्ट करवाने के लिए प्रेरित किया और कहा कि हमारे छात्रों का स्वास्थ्य ठीक होगा तो वह देश के लिए हर क्षेत्र में अग्रणी सिद्ध होंगे, चाहे देश रक्षा हो,अर्थव्यवस्था मजबूत करना हो या समाज सेवा हो। वह हर क्षेत्र में अपना योगदान देंगे। इससे छात्रों में स्वास्थ्य को लेकर सजगता आयेगी तथा भविष्य में आने पहचान कर उसका सही निराकरण करवा सकेंगे। इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य बंधु- भगिनी व छात्र उपस्थित रहे।

# 'हर्ष फायरिंग अपराध है, हर्ष फायरिंग से बचें अन्यथा...'

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** पुलिस प्रवक्ता नरेश कुमार सागवाल ने बताया कि पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र सिहं भोरिया के निदेर्शानुसार हर्ष फायरिंग को लेकर जिला पुलिस पूरे तरीके से एक्शन में है। पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र सिहं भोरिया ने प्रैस विज्ञपति जारी करते हुए जिले के आमजन को संदेश देते हुए कहा है कि शादी विवाह समारोह में हर्ष फायरिंग करना कानूनी रूप से अपराध है। इसलिए कोई भी ऐसा ना करें यदि कोई ऐसा करता है तो उनके खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यदि कोई व्यक्ति लाइसेंसी हथियार से इस तरीके का अपराध करता है तो उसका लाइसेंस भी रद्द करवाया जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने आमजन से अपील करते हुये कहा कि लोग अपनी जिम्मेवारी समझे और इस तरीके के अपराध करने से बचें। उन्होने कहा कि लाइसेंसी हथियार केवल उनकी सुरक्षा के लिए है ना कि इस तरीके की फायरिंग करने के लिए। शादी समारोह या अन्य किसी भी आयोजन पर हर्ष फायरिंग बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कानून के तहत हर्ष फायरिंग को कानूनी अपराध माना गया है इसमे सजा का प्रावधान भी है। आमजन से यही अपील है कि लाइसेंसी हथियार खुद की सुरक्षा के लिए है इसलिये इसे सिर्फ सैल्फ डिफैंस मे ही प्रयोग मे लाना चाहिये ना कि शादी-विवाह जैसे आयोजन मे। इस संबंध में उपायुक्त कुरुक्षेत्र द्वारा पहले से ही आदेश जारी किये हुए है इसलिये अनाव्यश्क कारवाई से बचने के लिये इस तरह की हर्ष फायरिंग ना करें।

## जमकर बरसे बादल, सोनीपत ब्लाक में 30 एमएम बरसात हुई दर्ज

**सोनीपतः** दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में सक्रिय हुए थंडरस्टार्म के असर के चलते बुधवार को दिन में जिले के अधिकतर क्षेत्रों में जबरदस्त बरसात हुई। बरसात की वजह से मंडियों में जमा करीब 80 हजार मीट्रिक टन गेंहू पर संकट मंडराने लगा है। सबसे अधिक समस्या फरमाणा सहित विभिन्न कच्ची मंडियों में बनी हुई है, जहां खुले आसमान में नीचे करीब पांच हजार मीट्रिक टन गेहूं पड़ा हुआ है। हालांकि गेहूं को भीगने से बचाने के लिए तिरपाल ढक रखे है। वहीं शहर के कई स्थानों पर सड़कों व गलियों में पानी भर गया। जिसके चलते वाहन चालकों का परेशानी का सामना करना पड़ा।
बता दें कि अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से नमी उत्तर भारत में पहुंच रही है। जिसके प्रभाव से दिल्ली-एनसीआर सहित पूरे हरियाणा में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हुए है। जिसके चलते बुधवार को काफी तेज बरसात हुई है। हालांकि मौसम विभाग के अनुमानों के अनुसार वीरवार से मौसम साफ हो जाएगा।
सोनीपत ब्लाक में हुई 30 एमएम , राई में 14 एमएम बारिश दर्ज-बुधवार को सुबह आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए हुए थे।

# हारे का तू है सहारा सांवरे......पर झूमे श्याम प्रेमी

## - समस्त श्यामप्रेमी परिवार द्वारा 457वां श्री श्याम ताली कीर्तन आयोजित



**मंदिर में श्री श्याम ताली कीर्तन प्रत्येक मंगलवार देर सांय 7:30 से रात्रि 9:30 बजे तक होता है**

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** समस्त श्यामप्रेमी परिवार कुरुक्षेत्र द्वारा मंगलवार देर सांय नया बस स्टैंड के शिव मंदिर में 457वां श्री श्याम ताली कीर्तन आयोजित किया गया। श्यामप्रेमी अजय गोयल ने बताया कि इस ताली कीर्तन में बड़ी संख्या में पहुंचे श्याम प्रेमियों ने हाजिरी लगाई। मंदिर में श्री श्याम ताली कीर्तन प्रत्येक मंगलवार देर सांय 7:30 से रात्रि 9:30 बजे तक होता है। कार्यक्रम में गायक लखबीर सिंह लक्खा, गौरव शान और मनोज वशिष्ठ सहित सभी श्याम प्रेमियों ने बारी बारी से भजन सुनाए। खाटू श्याम कथा में बताया गया कि खाटू श्याम जी हारे के सहारे के नाम से जगत में विख्यात हैं। दिनोंदिन श्यामप्रेमियों की संख्या बढ़ती जा रही है, जगह-जगह श्याम जी का प्रचार-प्रसार हो रहा है। कीर्तन में प्रयास यह रहता है कि सभी भक्तों को भजन गाने का मौका मिल सके। हारे का तू है सहारा सांवरे..., भक्तों के घर भी सांवरे आते रहा करो...., खाटू की गलियों में गूंज रहा जयकारा..., हम तो बाबा के भरोसे चलते हैं और तेरा राम जी करेंगे बेड़ा पार....इत्यादि भजनों पर ताली बजाते हुए श्याम प्रेमीयों ने कीर्तन किया। भजनों के पश्चात श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। संकीर्तन में प्रसाद की सेवा अरुण गोयल और अनुज सिंगला की ओर से दी गई। श्याम आरती में पण्डित रमण शर्मा,गौरव गुप्ता,वरुण गुप्ता,मोहित तायल,रजत तायल, मनोज गुप्ता,रविश मित्तल,योगेंद्र अग्रवाल,सुमित गोयल, हरीश बंसल,सुभाष गर्ग,गौरव सैनी,सचिन गोयल,वीरेंद्र सिंगला,गिरीश गर्ग, हिमांशु गर्ग,शिवम,शुभम,श्रीकांत बंसल, मुखी लाल, कविता गोयल,मीनू गोयल,अनु गर्ग,रचना गोयल,बबिता बंसल,मंजीत,पूजा और निशा शर्मा सहित अन्य शामिल रहे।

# विकास कार्यों को लेकर डीसी ने ली अधिकारियों के साथ बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला(मनीष कुमार) उपायुक्त** डा. शालीन ने आज अपने कार्यालय में राजस्व विभाग, पंचायत विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग व अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक लेते हुए नारकोकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो यूनिट, जिला आयुर्वेदिक अस्पताल/कॉलेज व वूमैन हॉस्टल बनाने को लेकर जमीन का चयन हो सके इसके लिए समीक्षा की। उन्होने सम्बन्धित अधिकारियों को जमीन के चयन के दृष्टिगत आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।
उपायुक्त डा0 शालीन ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए इन विषयों पर चर्चा करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को कहा कि वे प्राथमिकता के आधार पर सबसे पहले यदि किसी विभाग का कोई भवन खाली है, उस जगह का, किसी भी विभाग की खाली पड़ी जगह का, नगर निगम व नगर परिषद के अंतर्गत आने वाली खाली जगह का, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के तहत जगह का, भारत सरकार के अंतर्गत यदि कोई कार्यालय का भवन खाली है या उसकी जगह है तथा पंचायत की कोई भूमि है, उसका चयन करें आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा सके।


# 5 मई को गुरुग्राम में दिखेगी गुजरात की कला और संस्कृति

**टीम एक्शन इंडिया/ गुरुग्राम** सामाजिक एकता को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किए जा रहे एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रमों की श्रृंखला में इस बार गुरुग्राम में गुजरात राज्य का स्थापना दिवस मनाया जाएगा। गुजरात की विशेषता दिखाने के लिए आगामी 5 मई को गुरुग्राम में गुजरात स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मीं पुरुषोत्तम रुपाला शिरकत करेंगे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा टूरिज्म के चेयरमैन डा. अरविंद यादव करेंगे। गुजरात स्थापना दिवस कार्यक्रम गुरूकमल भाजपा कार्यालय में मनाया जाएगा।
भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़, एक भारत श्रेष्ठ भारत के हरियाणा संयोजक एवं शिक्षा मंत्री मूलचंद शर्मा के दिशा-निर्देशों पर सह-संयोजक नवीन गोयल ने गुजरात समाज के लोगों के साथ मिलकर इस कार्यक्रम की तैयारी की जा रही है। नवीन गोयल ने बताया कि इस कार्यक्रम की सफलता के लिए श्री गुजराती समाज गवर्निंग बॉडी मेंबर्स अध्यक्ष हर्ष पांड्या, उपाध्यक्ष कमल शाह, महासचिव अविनाश त्रिवेदी, कोषाध्यक्ष मेघल शाह, संयुक्त सचिव परेश त्रिवेदी, कार्यकारी सदस्य अवनी वोरा मौजूद रहे।


# नाटक बिरसा मुंडा में दिखी देशभक्ति की भावना, कलाकारों ने दिखाया अभिनय



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक )**हरियाणा कला परिषद द्वारा कला कीर्ति भवन की भरतमुनि रंगशाला में नाटक भगवान बिरसा मुण्डा का मंचन किया गया। संजय भसीन के निर्देशन तथा विकास शर्मा के सहनिर्देशन में मंचित नाटक के दौरान हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल बतौर मुख्यअतिथि पहुंचे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रुप में हरियाणा के भाजपा प्रभारी विप्लव देव उपस्थित रहे। झारखण्ड के आदिवासी समुदाय के भगवान कहे जाने वाले बिरसा मुण्डा के जीवन पर आधारित नाटक भगवान बिरसा मुण्डा में बिरसा की जीवन यात्रा को प्रस्तुत किया। लाईट एण्ड सांउड के माध्यम से कलाकारों ने बिरसा मुण्डा के जीवन चरित्र को बखूबी दिखाया। इस मौके पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सभी को सम्बोंधित करते हुए कहा कि कला से जीवन में रस आता है। कलाकार अपनी प्रस्तुति के माध्यम से न केवल इतिहास को जिंदा करते हैं, बल्कि समाज को आईना दिखाने का भी प्रयास करते हैं। कलाकारों की प्रतिभा के माध्यम से ही किसी भी प्रदेश की संस्कृति जिंदा रह सकती है। इसी प्रकार नाटक बिरसा मुण्डा के माध्यम से आदिवासी जननायक बिरसा का जीवन चरित्र सभी को सनातन धर्म की राह पर चलने की प्रेरणा देता है। स्थानीय कलाकारों द्वारा अपने अभिनय कौशल के माध्यम से बिरसा के जीवन वृतांत को प्रस्तुत करना सराहनीय कदम है। वहीं हरियाणा भाजपा प्रभारी विपल्व देव ने भी अपने सम्बोंधन में नाटक की सराहना करते हुए कहा कि बिरसा मुण्डा के कहानियों को पढने के बाद जींवत नाटक मंचन के माध्यम से बिरसा को जानना एक अलग ही स्फूर्ति पैदा करता है। बिरसा का जीवन सभी के लिए प्रेरणादायक है। बिरसा के जीवन हमें जीने की नई राह देता है। मंच का संचालन डा. मोहित गुप्ता ने किया। नाटक में दिखाया गया कि झारखण्ड के उलिहातु में मुण्डा परिवार में बिरसा का जन्म होता है। लेकिन घर की हालत अच्छी न होने के कारण जन्म के बाद बिरसा अपने मामा के गांव चले जाते हैं। जहां बिरसा ईसाई धर्म प्रचारकों के संपर्क में आ जाते हैं। लेकिन ईसाई धर्म प्रचारकों द्वारा मुण्डा समुदाय को जबरन ईसाई धर्म में परिवर्तित करने के कारण बिरसा नाराज हो जाते हैं और ईसाई धर्म त्याग देते हैं। इस बीच बिरसा के परिवार की स्थिति और खराब होनी शुरू हो जाती है, जिसके कारण बिरसा माता-पिता से दूर कंदेर गांव जाकर नौकरी कर लेता है।



# राजधानी दिल्ली






# 360 गांव के पंचायतों का पहलवानों को मिला समर्थन

## देश का नाम रोशन करने वालीं बेटियां पिछले नौ दिनों से धरना दे रही हैं, ये बेटियां मच्छरों की मार झेल रही हैं और सोमवार को बारिश में भी डटी रहीं

### केंद्र निशाने पर

● गोपाल और सौरभ केंद्र सरकार पर जमकर बरसे और कहा कि कुछ लोग इस आंदोलन को बदनाम करने में लगे हुए हैं





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के जंतर-मंतर पर पहलवानों का धरना प्रदर्शन जारी है। जंतर-मंतर पर इंसाफ की मांग को लेकर धरना दे रहे खिलाड़ियों के समर्थन में दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय पहुंचे। इस दौरान उनके साथ स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज, विधायक करतार सिंह तंवर समेत दिल्ली के कई विधायक भी पहुंचे। गोपाल राय और सौरभ भारद्वाज केंद्र सरकार पर जमकर बरसे और कहा कि कुछ लोग इस आंदोलन को बदनाम करने में लगे हुए हैं। कुछ लोग इस आंदोलन को जाति में बांटने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन वह बताना चाहते है कि वह ब्राह्मण जाति से आते है, मेरे विधायक भी अलग-अलग जाति से आते हैं। सभी जाति का इस आंदोलन को समर्थन है। यह लड़ाई अपराध के खिलाफ है। महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ है। यह लड़ाई किसी अकेले की नहीं है बल्कि पूरे देश के खिलाड़ियों की है।
गोपाल राय ने कहा कि देश का नाम रोशन करने वालीं बेटियां पिछले नौ दिनों से धरना दे रही हैं। ये बेटियां मच्छरों की मार झेल रही है और सोमवार को बारिश में भी डटी रहीं। कभी देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी इन खिलाड़ियों पर गर्व हुआ करता था, लेकिन आज जंतर-मंतर पर बैठी बेटियों की आवाज उन्हें सुनाई नहीं दे रही है। गोपाल राय ने कहा कि अभी एक मीटिंग की जाएगी। उसके बाद आगे की रणनीति पर चर्चा की जाएगी। मंत्री गोपाल राय ने कहा कि आज तमाम मुद्दों पर चर्चा की गई है और 360 गांव के पंचायत के प्रतिनिधि भी यहां पर आए हैं। सात मई को यहां पर महापंचायत की जाएगी।
उसमें आगे की रणनीति पर फैसला किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि यह लड़ाई देश के बच्चों के लिए है। लड़ी जा रही है। देश के भविष्य के लिए लड़ी जा रही है।

## पहलवानों के समर्थन में डीयू, छात्राओं ने निकाला मार्च



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के जंतर मंतर पर बैठे पहलवानों को दिल्ली यूनिवर्सिटी की छात्राओं का समर्थन मिल गया है। दिल्ली यूनिवर्सिटी की आर्ट फैकल्टी के परिसर के बाहर मार्च निकालने वाली कई छात्रों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। वहीं दूसरी तरफ छात्राओं ने पुलिस पर अभद्रता और मारपीट का आरोप लगाया है।
**दिल्ली पुलिस ने मार्च निकालने वाली छात्राओं को लिया हिरासत में:** जानकारी के मुताबिक, दिल्ली यूनिवर्सिटी की छात्राओं ने पहलावानों के समर्थन में एक मार्च निकाला था। मार्च निकाल रहीं छात्राओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। इस दौरान कई छात्राओं को चोटें आई हैं। कई छात्राओं के कपड़े भी फट गए। बीते 11 दिनों से पहलवानों का धरना जारी है।
**पहलवानों ने की कड़ी निंदा:** दिल्ली यूनिवर्सिटी में हुई घटना को लेकर पहलवानों ने कड़ी निंदा की है। साक्षी मलिक ने कहा कि डीयू की छात्राओं ने पहलवानों के समर्थन में एक मार्च निकाला। पुलिस आरोपी को पकड़ने के बजाय लोगों को पकड़ रही है। जो हमारे समर्थन में आ रहे हैं। साक्षी के अलावा बजरंग पुनिया ने भी इस घटना को बहुत ही शर्मनाक बताया है।
**बृजभूषण की गिरफ्तारी तक धरना रहेगा जारी:** दूसरी तरफ दिल्ली के जंतर-मंतर पर बृजभूषण के खिलाफ पहलवानों का धरना प्रदर्शन जारी है। पहलवानों ने पुलिस की सिक्योरिटी को वापस कर दिया है। क्योंकि बीते दिनों सुप्रीम कोर्ट ने पहलवानों की सुरक्षा को लेकर आदेश दिया था। खिलाड़ियों का कहना है कि अगर हम जंतर मंतर पर सुरक्षित नहीं है तो कहीं भी सुरक्षित नहीं हैं। हम अपना धरना बहुत ही शांति के साथ दे रहे हैं। इंडियन ओलिंपिक एसोसिएशन की अध्यक्ष पीटी उषा भी पहलवानों से मिलने के लिए जंतर मंतर पहुंचीं।

## आईओए अध्यक्ष ने दिया आश्वासन, वह हमें न्याय दिलाने में मदद करेंगी'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**शीर्ष** पहलवान बजरंग पुनिया ने मंगलवार को कहा कि भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने पहलवानों को भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के प्रमुख के खिलाफ उनके विरोध के साथ एकजुटता का आश्वासन दिया है और कहा है कि वह उन्हें "न्याय दिलाने" में मदद करेगी। आईओए अध्यक्ष आज जंतर-मंतर पहुंची जहां पहलवान पिछले 11 दिनों से धरना दे रहे हैं और मांग कर रहे हैं कि डब्ल्यूएफआई प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ कार्रवाई की जाए। पुनिया ने बैठक के बाद मीडियाकर्मियों से कहा, "उन्होंने (उषा) कहा कि मैं आपके साथ हूं और मैं आपको न्याय दिलाने में मदद करूंगी।" ओलंपिक 2021 के कांस्य पदक विजेता ने आगे कहा कि पहलवान तब तक अपना विरोध जारी रखेंगे जब तक कि डब्ल्यूएफआई प्रमुख को सलाखों के पीछे नहीं डाल दिया जाता। पुनिया ने कहा, "जब तक वह जेल नहीं जाएगा, हम यहां रहेंगे।" इससे पहले, उषा ने 27 अप्रैल को कहा था कि पहलवानों को डब्ल्यूएफआई और उसके अध्यक्ष के खिलाफ सड़कों पर उतरने के बजाय आईओए से संपर्क करना चाहिए था, जिस पर पहलवानों ने एथलीटों के यौन उत्पीड़न और कुप्रबंधन का आरोप लगाया था।

# हिट एंड रन का खौफनाक मामला: कार से 3 किमी घसीटा

## चिल्लाता रहा चश्मदीद, घायल को फेंक हुए तेजी से फरार



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली में एक बार फिर हिट एंड रन का मामला सुनने को मिला है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें एक युवक कार की छत के ऊपर है और दूसरा लड़का कार की टक्कर से दूर जा गिरा। वहीं एक अन्य शख्स कार का पीछा कर मोबाइल से वीडियो बना रहा है। यह घटना दिल्ली के सबसे पॉश इलाके केजी मार्ग की बताई जा रही है।
**दिल्ली के पॉश इलाके में हिट एंड रन का मामला:** मिली जानकारी के मुताबिक, केजी मार्ग-टॉलस्टाय मार्ग की रेड लाइट पर एक कार सवार युवक ने बाइक सवार दो लड़कों को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादस में एक लड़के की मौत हो चुकी है और दूसरा गंभीर रूप से घायल है। दिल्ली के दिल - सीपी स्थित केजी मार्ग पर शुक्रवार रात हुआ हादसा... क्या हुआ है दिल्ली वालो को इतना बेदर्द क्यों हो रहें है.... क्या इंसानी जान इतनी सस्ती हो गई है ?
**गाड़ी का पीछा करता रहा बिलाल, आरोपी फरार:** बताया जा रहा है कि जैसे ही कार सवार ने बाइक को टक्कर मारी तो एक लड़का दूर जाकर गिरा और दूसरा लड़का गाड़ी की छत के ऊपर जा गिरा। इसके बाद कार सवार ने गाड़ी को रोका नहीं बल्कि दौड़ाता हुआ ले गया। घटना के चश्मदीद मोहम्मद बिलाल ने अपने मोबाइल से गाड़ी का वीडियो बना लिया। बिलाल ने गाड़ी का पीछा करते हुए कई बार हॉर्न बजाया लेकिन गाड़ी को नहीं रोका। और तीन किलोमीटर दूर दिल्ली गेट पर जाकर गाड़ी के ऊपर लेटे लड़के को नीचे फेंक कर फरार हो गए। यह घटना रात 12:55 मिनट की बताई जा रही है।
**दिल्ली के कंझावला में भी हो चुकी है ऐसी वारदात:** बता दें कि इस हादसे में मारे गए लड़के का नाम दीपांशु वर्मा बताया जा रहा है। दीपांशु की उम्र 30 साल है। वहीं दूसरा लड़का 20 साल का मुकुल है, जो गंभीर रूप से घायल हो गया है।

### आरोपी अरेस्ट

● एक अन्य शख्स कार का पीछा कर मोबाइल से वीडियो बना रहा है। दिल्ली के सबसे पॉश इलाके केजी मार्ग की बताई जा रही ह

# नंदू गैंग का नेटवर्क तोड़ने में जुटी पुलिस

## दिल्ली एनसीआर में 23 जगहों पर छापेमारी




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**द्वारका जिला पुलिस** नंदू गैंग का नेटवर्क तोड़ने में जुटी है। 300 पुलिस वाले दिल्ली-एनसीआर में 23 ठिकानों पर छापेमारी कर रहे हैं। यह छापेमारी बुधवार सुबह से छावला बाबा हरिदास नगर नजफगढ़ झज्जर और सोनीपत में छापेमारी की जा रही है। भारी मात्रा में कैश और हथियार बरामद हुए हैं। मटियाला में बीजेपी नेता सुरेंद्र मटियाला की हत्या में कपिल सांगवान और नंदू गैंग का नाम सामने आया था। डीसीपी द्वारका एम हर्षवर्धन ने बताया कि द्वारका जिला पुलिस ने छापेमारी और तलाशी के दौरान बरामदगी के आधार पर शस्त्र अधिनियम और एनडीपीएस अधिनियम के तहत विभिन्न अपराधों के लिए 20 लोगों को हिरासत में लिया और छह अन्य को गिरफ्तार किया। छापेमारी के दौरान एक बुलेटप्रूफ कार, 7 राउंड के साथ 3 पिस्तौल, 22.4 ग्राम हेरोइन, 73 ग्राम एम्फेटामाइन और 20 लाख रुपये बरामद किए गए। डीसीपी ने बताया कि द्वारका पुलिस ने विदेश में बैठे बदमाशों और उनके साथियों के ठिकानों पर छापेमारी की है। सोनीपत और झज्जर समेत दिल्ली में कुछ जगहों पर छापेमारी की गई है। दिल्ली से एक जगह से करीब 20 लाख की बरामदगी हुई है, इसके अलावा हरियाणा के झज्जर व अन्य जगहों से हथियार बरामद हुए हैं।

# छतरपुर में स्कूल लैब में कैमिकल रिसाव होने से 20 छात्राएं बेहोश

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली के छतरपुर स्थित गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल की 20 छात्राएं बेहोश हो गई हैं। बताया जा रहा है कि स्कूल के केमिस्ट्री डिपार्टमेंट की लैब में कैमिकल का रिसाव होने लगा, जिसके चपेट में स्कूल की 20 छात्राएं आ गई। फिलहाल बेहोश छात्राओं को दिल्ली सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हालांकि, स्कूल प्रशासन ने इस घटना से साफ इनकार कर दिया है। स्कूल की प्रिंसपल संतोष भरद्वाज ने कहा कि ऐसा कुछ भी नहीं हुआ है, जबकि अस्पताल की ओर से घटना को लेकर पुष्टि कर दी गई। फिलहाल बेहोश छात्राओं को सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बता दें कि 2:05 मिनट पर 15 छात्राओं को एंबुलेंस अस्पताल लेकर पहुंची थी। छठीं, सातवीं और आठवीं की छात्राएं हैं। बाद में पांच और छात्राएं अस्पताल पहुंची। 15 लड़कियां अभी ठीक है। बाकी पांच लड़कियों को गैस रिसाव से घबराहट हो रही थी। अस्पताल ने एहतियातन डिजास्टर वार्ड को भी एक्टिवेट कर दिया था। अभी सभी छात्राएं निगरानी में हैं। उप शिक्षा निदेशक अशोक त्यागी ने बताया कि स्कूल की एक शिक्षिका का जन्मदिन था। कक्षा में छठीं से नौवीं की छात्राएं थी। इस दौरान शिक्षिका के पर्स में रखा नाकआउट पेपर स्प्रे (महिलाएं सुरक्षा की दृष्टि से इसे साथ रखती है) कक्षा में स्प्रे हो गया। इससे कुछ छात्राएं बेहोश हो गई।

# आबकारी घोटाले के आरोपित पिल्लई की जमानत याचिका पर ईडी को नोटिस




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाले के आरोपित अरुण रामचंद्र पिल्लई की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए ईडी को नोटिस जारी किया है। बुधवार को स्पेशल जज एमके नागपाल ने पिल्लई की जमानत याचिका पर अगली सुनवाई 10 मई को करने का आदेश दिया। ईडी ने इस मामले में दाखिल पूरक चार्जशीट में अरुण रामचंद्र पिल्लई और अमनदीप ढल को आरोपित बनाया है। चार्जशीट में कहा गया है कि पिल्लई ने जांच के दौरान झूठा बयान दिया और साक्ष्यों को नष्ट करने में अहम भूमिका निभाई। दो साल में उसने पांच मोबाइल फोन नष्ट किए। ईडी के मुताबक जांच के दौरान अरुण पिल्लई घोटाले के दौरान इस्तेमाल किए गए मोबाइल फोन पेश नहीं कर सका। अरुण पिल्लई के पास जो फोन थे, उसमें लोगों से बातचीत का कोई रिकॉर्ड नहीं मिला। इससे साफ है कि अरुण पिल्लई ने साक्ष्यों को नष्ट करने में अहम भूमिका निभाई। ईडी के मामले में अरुण पिल्लई को 6 मार्च को गिरफ्तार किया गया था, जबकि अमनदीप ढल को 1 मार्च को गिरफ्तार किया गया था। पिल्लई पर आरोप है कि उसने दूसरे आरोपित समीर महेंद्रू से रिश्वत की रकम इकट्ठा कर दूसरे आरोपितों को दिया था।

# भाजपा का आमरण अनशन सिर्फ नौटंकी साबित हुआ- दुर्गेश पाठक



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
आप विधायक दुर्गेश पाठक ने कहा कि भाजपा ने मुख्यमंत्री अरविंद कजेरीवाल के खिलाफ आमरण अनशन का ऐलान किया था, जो बुरी तरह फेल हो गया है। सुबह 8:30 बजे हमने भाजपा धरनास्थल की कुछ तस्वीरें खींची तो वहां एक व्यक्ति मौजूद नहीं था। 9:30 बजे और 10:30 बजे भी यही हाल मिला। भाजपा के कार्यकताओं को भी पता है कि ये झूठ और नौटंकी की राजनीति कर रहें हैं। आज शाम तक भाजपा आमरणकारियों की लिस्ट और मेडिकल रिपोर्ट जारी करे अन्यथा यह स्पष्ट हो जाएगा कि इनका धरना सिर्फ एक नौंटकी थी।
दुर्गेश पाठक ने बुधवार को प्रेसवार्ता कर कहा कि केजरीवाल ने अपने लिए घर तो बनाया नहीं है। उन्होंने तो मुख्यमंत्री आवास बनाया है। कल को कोई और मुख्यमंत्री होगा तो वह वहां रहेगा। ऊपर से 1942 में एक घर बना था जो कि गिर गया तो उसकी जगह नया घर बनाया गया है। यह घर तो सरकार ने बनाया है ना कि मुख्यमंत्री ने बनाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने कहा कि हमलोग आमरण अनशन करेंगे। मुख्यमंत्री ने जब बिजली के लिए आंदोलन किया था तो वह 16 दिनों तक अनशन पर बैठे थे, जबतक उनकी मांग नहीं मान ली गई थी। आमरण अनशन का अर्थ है कि जबतक मांगे ना मान ली जाएं तबतक अनशन करना फिर चाहे इस दौरान मृत्यु ही क्यों ना हो जाए। इस दौरान आप पानी के सिवा कुछ और खा-पी नहीं सकते हैं। आज तीसरा दिन हो गया है, इतने दिन में किसी भी व्यक्ति का वजन कम हो जाएगा। ब्लडप्रेशर में बदलाव आएगा। पाठक ने कहा कि भाजपा अनशन करने वालों की मेडिकल रिपोर्ट जारी करे। अगर वह कहेंगे तो हम किसी भी सरकारी अस्पताल से डॉक्टर की टीम भेज देंगे, जो मेडिकल रिपोर्ट तैयार कर-के लोगों के बीच जारी करेगी।

### तंज कसा

● मुख्यमंत्री ने जब बिजली के लिए आंदोलन किया था तो वह 16 दिनों तक अनशन पर बैठे थे

# दिल्ली-एनसीआर में फिर बारिश, जाम से लोग परेशान



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राष्ट्रीय** राजधानी दिल्ली में कई दिनों से बारिश का दौर जारी है। बुधवार को एक बार फिर से दिल्ली एनसीआर के कई इलाकों में बुधवार को तेज बारिश हुई। बता दें सुबह से काले बादल छाए रहे। दोपहर होते-होते दिल्ली एनसीआर में तेज बारिश देखने को मिली है।
**वाहनों के थमे पहिए:** बता दें कि दिल्ली बारिश के चलते जलभराव की समस्या आम हो जाती है। साथ जाम के दिक्कतें भी लोगों के सामने आती हैं। ऐसे में बुधवार यानी 3 मई को भी दिल्ली-एनसीआर में बारिश के बाद लोगों को जाम की समस्या से दो-चार होना पड़ा। झमाझम बारिश के कारण दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेस-वे वाहनों के पहिए थम गए।
**ट्रैफिक पुलिस की एडवाइजरी:** तेज बारिश के चलते कई जगहों पर पानी भर गया। जलभराव की सबसे बड़ी दिक्कत अंडरपास में होती। बारिश के बाद दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने ट्वीट करके बताया कि तिमारपुर पार्किंग के पास जलभराव के कारण वजीराबाद फ्लाईओवर से थाना तिमारपुर की ओर जाने वाले कैरिजवे में यातायात प्रभावित है। कृपया इस रास्ते से बचें
**सोमवार को भी हुई तेज बारिश:** इससे पहले सोमवार को भी भारी बारिश के चलते दिल्ली के कई इलाकों में जाम देखने को मिला था। खास बात है अप्रैल के आखिर एवं मई की शुरूआत में, जब तेज गर्मी और भीषण लू हाल बेहाल करती है, लगातार तीन-चार दिन तक अधिकतम तापमान 30 डिग्री से नीचे रहने वाली यह स्थिति पिछले लगभग एक दशक में पहली बार बनी है। 2021 में ऐसा मौसम केवल एक-दो दिन के लिए ही बना था।
**मंगलवार को भी तापमान में रही गिरावट:** मौसम विभाग ने बुधवार के लिए बारिश और तापमान में गिरावट का पूर्वानुमान लगाया था जो सही साबित हुआ है। बुधवार के लिए यलो अलर्ट भी जारी किया गया है।

# गलती से उनका नाम चार्जशीट में जुड़ा, ईडी ने जताया खेद: संजय

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने संजय सिंह को चिट्ठी लिखी है। संजय सिंह के नोटिस पर ईडी ने जवाब दिया है। जिसमें ईडी ने खेद जताते हुए कहा कि चार्जशीट में उनका नाम गलती से जुड़ गया। संजय सिंह ने ईडी की चिट्ठी मिलने का दावा किया है। संजय सिंह ने कहा कि ईडी ने उन्हें चिट्ठी लिखकर खेद जताया है। आप सांसद का कहना है कि ईडी ने अपनी गलती मानी है।
**संजय सिंह ने केंद्रीय वित्त सचिव को लिखी थी चिट्ठी:** इससे पहले आम आदमी पार्टी सांसद संजय सिंह ने केंद्रीय वित्त सचिव को चिट्ठी लिखी थी। जिसमें उन्होंने ईडी के डायरेक्टर और असिस्टेंट डायरेक्टर के खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति मांगी। संजय सिंह ने कथित शराब घोटाले में नाम लेने पर ईडी के डायरेक्टर और असिस्टेंट डायरेक्टर के खिलाफ मुकदमा चालाने की अनुमति मांगी।
संजय सिंह ने अपनी चिट्ठी में लिखा कि डायरेक्टर संजय कुमार मिश्रा और असिस्टेंट डायरेक्टर जोगिंदर सिंह ने मेरी छवि को नुकसान पहुंचाया है।

# 90 सेकेंड में 90 जख्म: टिल्लू को मारने के लिए जेल में ही बनाए गए थे सुए



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**गिरोहों की** आपसी लड़ाई का अखाड़ा बन चुकी देश की सबसे बड़ी जेल तिहाड़ के हाई रिस्क सिक्योरिटी वार्ड में बंद कुख्यात बदमाश सुनील उर्फ टिल्लू की मंगलवार सुबह सुए से गोदकर हत्या कर दी गई। 90 सेकंड में हुई इस वारदात के बारे में सोचकर ही किसी की भी रूह कांप सकती है। किस तरह आरोपियों ने टिल्लू के बैरक में घुसकर दो मिनट से भी कम समय में उसके पूरे शरीर पर 90 वार किए और कैसे पूरी योजना बनाई। 10 दिन पहले ही सुरक्षा कारणों के चलते मंडोली जेल से तिहाड़ शिफ्ट किए गए टिल्लू ताजपुरिया की हत्या के बाद जेल की सुरक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवाल उठ रहा है। शुरूआती जांच में बात सामने आई है कि जिस सुए से गोगी गैंग के सदस्यों ने टिल्लू पर हमला किया था वह जेल के अंदर ही बनाए गए थे।
**लोहे की ग्रिल काटकर बनाए गए सुए:** जेल प्रशासन के अनुसार टिल्लू की हत्या में जिन सुओं का आरोपितों ने इस्तेमाल किया, वे सभी जेल के अंदर ही बनाए गए थे। आशंका है कि आरोपितों ने जेल के भीतर सुए बनाने तभी शुरू किए होंगे जब टिल्लू तिहाड़ जेल पहुंचा होगा। सुओं के निर्माण में लोहे का इस्तेमाल किया गया। यह लोहा जेल की ग्रिल को काटकर बनाया गया। आरोपितों के पास लोहे की ग्रिल काटने के औजार थे। बड़ा प्रश्न है कि आखिर यह औजार आरोपितों तक कैसे पहुंचे।
**रोजाना तलाशी के बाद भी छिपे रहे हथियार:** हाई सिक्योरिटी वार्ड में रोज तलाशी ली जाती है। इसकी जिम्मेदारी जेलकर्मियों के साथ तमिलनाडु पुलिस की होती हैं। सभी कैदियों को प्रत्येक बार तलाशी की प्रक्रिया से गुजरना होता है। यदि ग्रिल काटने व सुए बनाने का इंतजाम बाहर से किया गया तो प्रश्न है कि आखिर यह तलाशी प्रक्रिया के दौरान पकड़ में क्यों नहीं आया। यदि सेल के भीतर ही ये औजार या सुए बनाए गए तो जेलकर्मियों की नजर इनपर क्यों नहीं पड़ी।
**सीढ़ी पर छिपकर किया इंतजार:** जेल प्रशासन के अनुसार भूतल व प्रथम तल के बीच एक लोहे की जालीनुमा ग्रिल लगाई गई है। ऐसा ऊपर से रोशनी व हवा आने जाने व सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए किया गया है।
आरोपितों ने बड़ी चालाकी से ग्रिल को पहले काटा और फिर कपड़े की रस्सी बनाकर बारी बारी से नीचे उतर आए। सूत्रों की मानें तो नीचे उतरने के बाद आरोपित भूतल से प्रथम तलकी ओर जाने वाली सीढ़ी पर छिप गए। सभी के हाथ में लोहे के बने सुए थे। आरोपित यहां तब तक छिपे रहे जब तक टिल्लू के वार्ड का दरवाजा नहीं खोला गया। जैसे ही टिल्लू के वार्ड का दरवाजा खोलकर जेल का सेवादार अगले वार्ड के दरवाजा खोलने आगे बढ़ा, आरोपित टिल्लू के वार्ड में घुसे ओर उसपर सुए से ताबड़तोड़ वार करना शुरू कर दिया। बदमाश जब टिल्लू पर वार कर रहे थे, तब वहां मौजूद टिल्लू के साथ रह रहे रोहित नामक कैदी ने उसे बचाने की कोशिश की लेकिन आरोपितों ने उसपर भी वार करना शुरू कर दिया। जब तक शोरशराबा सुनकर जेलकर्मी मौके पर पहुंचते तब तक टिल्लू बेसुध हो चुका था।

## न्यूज फ्लैश

### एक दर्जन पहचान पत्र से मतदाता कर सकेंगे मतदान

**मथुरा। अगर आपके** पास वोटर आईडी नहीं है और वोटर लिस्ट में आपका नाम है तो भी आप मतदान कर सकेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी पुलकित खरे ने अपील की है कि निकाय चुनाव में वोटर आइडी न होने पर भी मतदाता मतदान कर सकेंगे। आप मतदान के लिए निर्वाचक फोटो पहचान पत्र या आयोग द्वारा निर्दिष्ट 11 वैकल्पिक दस्तावेजों के माध्यम से मतदान कर सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी आम जन मानस से अपील की है कि स्वस्थ्य एवं जीवंत लोकतंत्र के निर्माण में भागीदार बनें। मतदान करना आपका हक एवं दायित्व है। बिना किसी भय एवं प्रलोभन के मतदान करें। मतदेय स्थल पर इलैक्ट्रोनिक यंत्र जैसे मोबाइल, टैबलेट, कैमरा आदि लेकर न आएं। मतदेय स्थल पर पंक्ति में खडे होकर अपनी बारी आने पर शांतिपूर्वक तरीके से अपना मतदान पूर्ण करें। किसी भी पार्टी या उम्मीदवार के वाहन में न आए। यदि आप निजी वाहन में आ रहे है तो वाहन को मतदान केन्द्र से 100 मीटर दूर खडा करें। अपनी पहचान स्थापित करने के लिए निम्नलिखित वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में कोई एक प्रस्तुत कर सकते हैं जैसे पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, राज्य व केन्द्र सरकार के लोक उपक्रम, पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गये फोटो युक्त सेवा पहचान पत्र, बैकों व डाकघरों द्वारा जारी की गई फोटोयुक्त पासबुक, पैन कार्ड, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी किये गये स्मार्ट कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, सांसदों, विधायकों व विधान परिषद सदस्यों को जारी किये गये सरकारी पहचान पत्र तथा आधार कार्ड से मतदान कर सकते हैं। फोटो मतदाता पर्ची (वोटर स्लिप) को मतदान केन्द्र मे पहचान के उद्देश्य के लिए स्वीकार नही किया जायेगा। आपसे अपेक्षित है कि आप मतदान के लिए निर्वाचक फोटो पहचान पत्र या आयोग द्वारा निर्दिष्ट 11 वैकल्पिक दस्तावेजों में से एक अपने साथ अवश्य लायें। निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त निर्वाचन कराने में पुलिस-प्रशासन का सहयोग करें।

### बापौली से समालखा के लिए रोडवेज की बस सेवा हुई शुरू

**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया। पानीपत** के बापौली से समालखा के लिए कई वर्ष बाद रोडवेज की बस सेवा पानीपत डिपो के जीएम कुलदीप जांगड़ा के निदेर्शानुसार बुधवार फिर से शुरू हो गई है। पानीपत डिपो कर्मचारी यूनियन के प्रधान ऋषि पाल रावल, बापौली ब्लॉक समिति चेयरमैन जॉनी रावल व गोला खेड़ा सरपंच प्रतिनिधि प्रवीण खेड़ा ने बुधवार को संयुक्त रूप से बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि काफी समय से बापौली व आसपास के ग्रामीणों की मांग थी कि बापौली से समालखा जाने के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और ग्रामीणों की मांग पर रोडवेज की बस सेवा शुरू की गई। उन्होने बताया कि इस बस के शुरू होने से दो दर्जन से ज्यादा गांवों को इसका फायदा होगा। इस अवसर पर नीरज रावल, पूर्व सरपंच सुरेश कंसल, पहल सिंह, सोनू, अंकित व विकास आदि मौजूद रहे।

### किसी भी सूरत में नही होने दिया जाएगा अवैध कॉलोनियों में निर्माणः डीसी

**पानीपत। डीसी** वीरेन्द्र कुमार दहिया ने कहा कि शहरी या ग्रामीण क्षेत्र में अवैध कॉलोनियों में निर्माण किसी भी सूरत में नही होने दिया जाएगा। उन्होंने आमजन से भी आह्द्वान करते हुए कहा कि वे वैध कॉलोनियों में ही प्लाट या मकान खरीदें। अवैध कॉलोनियों में निमार्णाधीन भवनों को तोडने के लिए डीटीपी को सख्त आदेश दे दिए गए हैं। वहीं डीसी वीरेन्द्र कुमार दहिया ने डीटीपी को आदेश देते हुए कहा कि जिले के शहरी क्षेत्र या ग्रामीण क्षेत्र में अवैध निर्माण को किसी भी सूरत में बख्शा ना जाए। उन्होंने कहा कि अवैध निर्माण के बारे में प्राथमिक सूचना पर ही तुरन्त कारवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अवैध कॉलोनी काटने वाले कॉलोनाईजरों पर भी सम्बंधित थाने में एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी। वहीं डीटीपी सुनील आंतिल ने कहा कि उपायुक्त महोदय के आदेशानुसार अवैध निमार्णों पर तुरन्त प्रभाव से रोक लगाई जाएगी। डीटीपी ने उपायुक्त को अवगत करवाते हुए बताया कि पिछले तीन महीने से अवैध निर्माणों पर काफी हद तक रोक भी लगी है।

# छह माह सिर्फ स्तन पान कराएं, शिशु नहीं मां के लिए भी वरदान

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा/ लोकेश चौधरी**

**जनपद में** छह माह तक के शिशुओं के लिए पानी नहीं, केवल स्तनपान जागरूकता कार्यक्रम का आरंभ हुआ। अभियान एक मई से 30 जून तक आयोजित किया जा रहा है। जिससे केवल स्तनपान की दर में वृद्धि हो सके। शिशुओं को केवल मां का दूध पिलाए जाने के महत्व को पहचानते हुए सरकार ने शिशुओं के लिए छह माह तक केवल स्तनपान को बढ़ावा दिए जाने को प्राथमिकता दी है। स्तनपान कराना न केवल मां और बच्चे के लिए बल्कि पूरे



समाज के लिए फायदेमंद माना जाता है। स्तनपान से शिशुओं के स्वास्थ्य में सुधार तो होता ही है साथ ही दूध पिलाने वाली मां को भी बहुत फायदे होते है यह स्तन कैंसर और डिम्बग्रंथि के कैंसर जैसे जोखिम को कम करता है। जिलाधिकारी मथुरा पुलकित खरे ने पानी नहीं केवल स्तनपान के संदर्भ में जागरूकता के लिए बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के अलावा बेसिक शिक्षा विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, पंचायती राज, स्वास्थ्य, खाद्य रसद विभाग आदि को बढ़ चढ़ कर पहल लेने हेतु प्रेरित किया है। मुख्य विकास अधिकारी मथुरा ने बताया की छह माह तक केवल स्तनपान प्रसवोत्तर रक्तस्त्राव के जोखिम को कम करता है मां का गर्भावस्था में बढ़े हुए वजन को तेजी से कम करने में मदद करता है। जिला कार्यक्रम अधिकारी अभिनव मिश्रा ने बताया कि अभियान के दौरान ब्लॉक स्तर पर बाल विकास परियोजना अधिकारी सुपरवाइजर व आंगनवाड़ी कार्यकर्ती घर-घर जाकर तथा रैली के माध्यम से पानी नहीं केवल स्तनपान के बारे में गर्भवती धात्री तथा बड़ी बुजुर्ग महिलाओं को जानकारी देंगी इससे परिवार के लोगों में जो भ्रांति है उसको दूर किया जा सके कोई भी शिशु स्तनपान से वंचित न रहें। शिशु को केवल स्तनपान कराने से उसकी सभी आवश्यकता पूरी होती हैं क्योंकि मां के दूध में पर्याप्त मात्रा में पानी होता है।

मां का दूध शिशु के लिए अमृत समान है बच्चा उम्र भर कुपोषण से दूर रहता है। इस संदर्भ में एक जागरूकता रैली जिला कार्यक्रम अधिकारी मथुरा और सुपरवाइजर कमलेश प्रसाद के नेतृत्व में मथुरा शहर में निकाली गई। रैली में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने प्रतिभाग किया।

## खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की टीम का राशन डिपो पर मारा छापा

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत सनौली खुर्द खंड** के गांव राणा माजरा में एक राशन डिपो पर बुधवार को सीएम फलाइंग व खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से रेड की। टीम में सीएम फलाइंग से एसआई राज सिंह और खाद्य एवं आपूर्ति विभाग से इंस्पेक्टर रिंकी हुड्डा आदि शामिल रहे।

टीम द्वारा जांच करने पर डिपो धारक के पास पीओएस मशीन के अनुसार 35 क्विंटल गेहूं व 4.50 क्विंटल चीनी ज्यादा पाई गई। जिसपर टीम ने राशन डिपो को सील कर दिया और राशन डिपो धारक के खिलाफ मामला दर्ज करने के लिये सनौली खुर्द थाना पुलिस को शिकायत दी गई है। सीएम फलाइंग के एसआई राज सिंह ने बताया कि शिकायत मिलने पर राशन डिपो पर रेड की गई है और डिपो धारक विजय कुमार के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। वहीं खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की इंस्पेक्टर रिंकी हुड्डा ने बताया कि पीओएस मशीन के अनुसार डिपो धारक विजय कुमार के पास जांच में 35 क्विंटल गेहूं व 4.50 क्विंटल चीनी ज्यादा पाई गई है।

डिपो धारक की सप्लाई को सस्पेंड किया जाएगा और उसके खिलाफ मामला दर्ज करने को लेकर सनौली खुर्द थाना में शिकायत दी जा रही है। उन्होंने बताया कि पीओएस मशीन के अनुसार ही डिपो धारक के पास राशन होना चाहिये।

## समालखा हलके के गांव नन्हेडा में जेजेपी नेता देवेंद्र कादियान का भव्य स्वागत

### उपमुख्यमंत्री के माध्यम से करवायेंगे ग्रामीणों की मांगों का समाधानः देवेंद्र

**पानीपता/टीम एक्शन इंडिया। जननायक जनता पार्टी** के प्रदेश संगठन सचिव एवं पमुख समाजसेवी देवेंद्र सिंह कादियान का बुधवार को समालखा हलके के गांव नन्हेड़ा में पहुंचने पर गणमान्य ग्रामीणों ने फूलमालाओं व पगड़ी पहनाकर जोरदार स्वागत किया। जिसपर देवेंद्र कादियान ने ग्रामीणों को भरोसा दिया कि उनकी पगड़ी को कभी झूकने नहीं देंगे और ग्रामीणों के सुख-दुख में हमेशा साथ खड़े मिलेंगे। वहीं सरपंच नवीन शर्मा ने गांव के विकास को लेकर अनेक मांगे जजपा नेता देवेंद्र कादियान के समक्ष रखी और देवेंद्र कादियान ने सभी मांगों को उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के माध्यम से पूरा करवाने का आश्वासन दिया। देवेंद्र कादियान ने कहा कि जेजेपी अब बूथ स्तर पर काम करेगी और हर वोटर से मिलकर पार्टी के साथ जोडने का काम किया जाएगा। कादियान ने ग्रामीणों से कहा कि उनसे पहले काम करवाकर देखो और उसकी कार्यशैली अच्छी लगे तो अगले विधानसभा चुनाव में अपना आशीर्वाद देना। हालांकि देवेंद्र कादियान ने दावा किया कि जेजेपी में ही 36 बिरादरी के हित सुरक्षित है। इस अवसर पर सरपंच नवीन शर्मा वकील, हल्का प्रधान सुभाष धीमान, सुभाष शर्मा, बीसी हल्का प्रधान राजबीर प्रजापत, संजय सरपंच मतरोली, ब्लॉक समिति सदस्य अब्बास व अमित डिकाडला, इनसो नेता गौरव गिरी, सद्दाम अधमी, विनोद कुमार सैनी, पहल सिंह नंबरदार, पूर्व सरपंच सतवीर व ईश्वर कटार,राजपाल रावल, इलम सिंह, बलवीर सिंह, रामनिवास शर्मा, नरेश रावल,अंकित व नरेश पहलवान आदि मौजूद रहे।

## अवैध शराब, असलहा के साथ दो पकड़े

**मथुरा। हरियाणा** प्रान्त की अंग्रेजी शराब और असलहे के साथ थाना गोवर्धन पुलिस व एसओजी टीम ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। धारा 60, 63, 72 आबकारी अधिनियम, 171, 188 भादवि, 3, 25 आर्म्स एक्ट में इनके खिलाफ कार्यवाही की गई है। पुलिस के मुताबिक चुनाव में बरामद शराब का उपयोग संभव था। गिरफ्तार अभियुक्तों में एक जिला पंचायत गोवर्धन पद के चेयरमैन पद के निर्दलीय प्रत्याशी का परिजन बताया जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्तों में पुरषोत्तम पुत्र लक्ष्मण निवासी सकीतरा कस्बा व थाना गोवर्धन तथा नंदकिशोर उर्फ नन्दू पुत्र खेमचंद निवासी हाथी दरवाजा कस्बा व थाना गोवर्धन हैं। एक बन्दूक .12 बोर, फैक्ट्री मेड तथा एक राइफल देशी कन्ट्री मेड भी इनके पास से बरामद हुई हैं।

## शहर की सरकार के लिए मतदान आज, इंतजाम पुख्ता

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा शहर** की सरकार चुनने के लिए मतदाता गुरुवार को अपना फैसला सुनाएंगे। जिसकी घोषणा 13 मई को होगी। गुरुवार को पोलिंग पार्टियां पोलिंग बूथों पर पहुंच गई थीं। सुरक्षा व्यवस्था के भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। एसएसपी शैलेश पांडेय ने कहा है कि चुनाव आयोग के निदेर्शानुसार मानक के अनुरूप अतिरिक्त इंतजाम किए गए हैं। भ्रमण शील दस्ते लगातार निगरानी रख रहे हैं। 2.5 हजार से ज्यादा कांस्टेबल और हेड कांस्टेबल, 600 को करीब पुलिस के सब इंस्पेक्टर, 2000 से ज्यादा होमगार्ड, ढाई कंपनी



पीएसी और एक कंपनी सीएपीएफ की लगाई गई है। चुनाव को देखते हुए पुलिस टीमें जगह जगह चेकिंग में जुटी रहीं। मथुरा जनपद की सीमा हरियाणा और राजस्थान राज्यों से भी लगती है।

अंतरराज्यीय सीमाओं पर भी चैकसी बढ़ा दी गई है। चुनाव में किसी भी तरह की गड़बड़ी को रोकने के लिए पुख्ता इंतजामात किए गए हैं। मथुरा जनपद में निकाय चुनाव के लिए 892 बूथों पर 9 लाख 55 हजार से अधिक मतदाता मतदान करेंगे।

## पंचायती राज उप चुनाव की मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य प्रारम्भ

### ग्राम पंचायतों, पंचायत समितियों और जिला परिषदों की फोटो आधारित ड्राफ्ट मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 30 मई 2023 कोः डीसी कम जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह

**फरीदाबाद, 03 मई (हरपाल सिंह यादव)। डीसी कम** जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार पंचायती राज संस्थाओं के उप चुनाव की मतदाता सूची के पुनरीक्षण का फाइनल प्रकाशन कार्य तेज गति से करवाए जा रहे हैं। उपायुक्त कम जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पंचायती राज संस्थाओं की मतदाता सूचियों का वार्ड वाइज अंतिम प्रकाशन 30 मई 2023 को होगा। उपायुक्त कम जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि हरियाणा राज्य चुनाव आयोग द्वारा जारी अधिसूचना की हिदायतों व निर्देशों के अनुसार 01 जनवरी 2023 क्वालीफाइंग तिथि मानकर और 05 जनवरी 2023 प्रकाशित की गई विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूचियों के आधार पर फरीदाबाद जिला की पंचायती राज संस्थाओ की वार्ड वाईज मतदाता सूची तैयार की जा रही है इसके लिए फरीदाबाद ब्लॉक के लिए एसडीएम बडखल पंकज सेतिया जिला इलेक्टोरोल अधिकारी और संबंधित बीडीपीओ को सहायक जिला इलेक्टोरोल अधिकारी नियुक्त किया गया है। वहीं तिगांव ब्लॉक के लिए एसडीएम फरीदाबाद परमजीत चहल को जिला इलेक्टोरोल अधिकारी और बीडीपीओ तिगाव को सहायक जिला इलेक्टोरोल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जबकि बल्लभगढ़ ब्लाक के लिए एसडीएम त्रिलोक चंद को जिला इलेक्टोरल अधिकारी और बीडीपीओ बल्लभगढ़ को सहायक जिला इलेक्टोरोल अधिकारी नियुक्त किया गया है। डीसी कम जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने जिला वासियों से अपील करते हुए कहा कि वे सभी नागरिक जिनका नाम पंचायती राज संस्थाओं की वार्ड वाइज मतदाता सूची में नही हैं। यदि किसी अपात्र मतदाता, मृतक और स्थान छोडकर चले गए अथवा डबल दर्ज हैं या किसी के नाम इत्यादि में गलती है अथवा किसी दूसरे वार्ड/मतदान केन्द्र से अपना नाम बदलवाना चाहता है। तो ऐसी सभी आपत्तियां 11 मई 2023 तक आमंत्रित की जाएंगी। जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष निर्धारित प्रपत्रों में दावे एवं आपत्तियों को प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 25 मई 2023 रहेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा दावा एवं आपत्तियों का निस्तारण 25 मई 2023 तक किया जाएगा और फाइनल प्रकाशन 30 मई 2023 को किया जाएगा।

## अवैध रूप से गर्भ निरोधक दवा बेचते मेडिकल स्टोर संचालक गिरफ्तार

**फरीदाबादः बल्लभगढ़** में मंगलवार को अवैध रूप से गर्भ निरोधक दवा बेचने के आरोप में मेडिकल स्टोर संचालक को गिरफ्तार किया गया। खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा मेडिकल स्टोर को सील कर दिया गया। नोडल अधिकारी डॉ. मान सिंह ने बताया कि उन्हें सूचना मिली कि विष्णु कालोनी स्थित वंशिका मेडिकल स्टोर पर अवैध रूप से गर्भ निरोधक गोलियां बेची जाती है। टीम का गठन किया गया जिसमें एमओ डॉ स्नेहलता, ड्रग कंट्रोलर संदीप गहलान और ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रूप में सुरेन्द्र हुड्डा थे। टीम ने नकली ग्राहक को तैयार कर सोमवार की शाम मेडिकल स्टोर से एक हजार रुपये में बात पक्की की। मेडिकल स्टोर संचालक पवन ने महिला को एमटीपी किट लेने के लिए मंगलवार को बुलाया। संचालक ने 500 रुपये एडवांस के तौर पर ले लिए। मंगलवार की दोपहर 12 बजे नकली ग्राहक टीम के साथ बचे हुए पांच सौ रुपये लेकर मेडिकल स्टोर पर पर पहुंच गई। महिला ने पवन को पांच सौ रुपये दे दिए। जिस पर उसने महिला को एमटीपी किट उपलब्ध करवा दी। टीम ने आरोपी को रंगे हाथ पकड़ लिया। जिसके बाद टीम ने पूछताछ की, तो पता चला कि पवन अपनी पत्नी के नाम पर मेडिकल स्टोर चलता था। भीड़ भाड वाला इलाका होने की वजह से आरोपी को शांतिपूर्णक थाने ले जाया गया। खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा मेडिकल स्टोर को सील कर दिया गया। आरोपी ने बताया कि वह फोन के जरिए किट को मंगवाता है। इसकी शिकायत थाना आदर्श नगर को दे दी है।

## निकाय चुनाव को लेकर भिड़े दो पक्ष, पांच गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**

**चुनाव** को लेकर व्यापारी मोहल्ला में दो पक्षो में जमकर मारपीट हो गई। मारपीट के बाद दोनों पक्षों के लोगों ने पथराव कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया। मंगलवार की रात्रि जाहिद पुत्र भूरा और फिरोज पुत्र कायम कुरैशी के मध्य वोटों को लेकर कहासुनी के दौरान मारपीट हो गयी। मारपीट को लेकर दोनों पक्षों के लोग एकत्रित हो गए और दोनों तरफ से ईंट पत्थर और कांच की बोतलें फिकने लगीं। घटना की सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक अजय किशोर एसएसआई शिवकुमार शर्मा कस्वा प्रभारी रविंद्र कुमार सहित भारी संख्या में पुलिस फोर्स पहुच गया। पुलिस ने दोनों पक्षों के जाहिद पुत्र भूरा, आशिब पुत्र ताहिर, शीष पुत्र यूसुफ, फिरोज पुत्र कायम कुरैशी, कैफ पुत्र असलम को गिरफ्तार कर लिया पुलिस ने शांतिभंग में चालान की कार्यवाही की है।

## दो अंतरराज्यीय हथियार तस्कर को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा। पुलिस** ने मुठभेड़ के बाद दो हथियार तस्करों को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। इनके पास से पांच तमंचा .12 बोर, एक तमंचा .315 बोर, तीन खोखा कारतूस व दो जिंदा कारतूस .315 बोर, एक चोरी की मोटरसाइकिल स्प्लेंडर विना नम्बर की बरामद हुए हैं। अली हुसैन पुत्र हाजी मूसा निवासी जरावली थाना शेरगढ तथा वीरेन्द्र पुत्र रामबाबू निवासी राल थाना जैत को गिरफ्तार किया है। कुख्यात हथियार तस्कर हाजी मूसा अवैध हथियार बना कर उत्तर प्रदेश के अलावा आसपास के राज्यों में भी सप्लाई करता है। हाजी मूसा के खिलाफ हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली में भी मुकदमा दर्ज हैं। वहीं मुठभेड़ में घायल हुए हाजी मूसा के बेटे अली हुसैन के खिलाफ दिल्ली के कमला नगर मार्केट थाना के अलावा मथुरा के शेरगढ़ और जैंत थाना में मुकदमा दर्ज हैं। जैंत पुलिस की बदमाशों के साथ मुठभेड़ जैंत क्षेत्र अंतर्गत आझई अंडरपास के पास हुई। इनके विरूद्ध हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली में अवैध हथियारों की तस्करी के कई अभियोग पंजीकृत हैं।

**अंतरराज्यीय बदमाश मुठभेड़ में घायल**

थाना हाईवे पुलिस व स्वाट टीम ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए मुठभेड़ के दौरान एक अन्तर्राज्यीय बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस की गोली लगने घायल बदमाश को अस्पताल में भर्ती कराया है। इसके कब्जे से एक तमंन्चा .315 बोर, दो खोखा कारतूस व तीन जिंदा कारतूस .315 बोर व एक मोटरसाइकिल स्प्लेंडर इसके पास से पुलिस ने बरामद की है। प्रभारी निरीक्षक हाईवे उमेश चन्द्र त्रिपाठी के मुताबिक गोवर्धन रोड कुम्हेरिया नगला कच्ची सडक के पास अभियुक्त अमन गुप्ता पुत्र योगेश गुप्ता निवासी विजयनगर थाना कोतवाली नगर जनपद एटा को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया। घायल अभियुक्त अमन गुप्ता जनपद एटा के विभिन्न अभियोग में वांछित चल रहा था।

# बरसाती पानी को संरक्षण के लिए दिए दिशा-निर्देश

### सीएसआर के तहत बड़ी इमारतों, संस्थानों और प्रतिष्ठानों में क्रियान्वयन करें सुनिश्चित

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, चेयरपर्सन हरियाणा** जलशक्ति अभियान श्रीमती केशनी आनन्द अरोड़ा ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार फरीदाबाद में बरसाती पानी को संरक्षण के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिग सिस्टम बेहतर तरीके से विभाग आपसी तालमेल करके क्रियान्वित करें। उन्होंने अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि सभी अपने अपने विभागों की सीएसआर प्लान बनाकर सरकार को इसकी पूरी जानकारी आन लाइन प्लेट फार्म प्रणाली पर प्रणाली पर सरकार को दें। उन्होंने कहा कि सीएसआर के तहत बड़ी इमारतों, संस्थानों और प्रतिष्ठानों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। श्रीमती केशनी आनन्द अरोड़ा आज बुधवार को विडियो कान्फ्रेंस के जरिये जिला फरीदाबाद के अधिकारियों को सम्बोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि आजादी अमृत महोत्सव की श्रृंखला में बरसाती पानी के संरक्षण के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग बेहतर सिस्टम है। इससे भूजल भी स्तर ठीक रहेगा और जल शक्ति अभियान के तहत बरसाती पानी को सहेजने के लिए

> वर्तमान समय में गिरते जलस्तर को रोकने के लिए जल संरक्षण की सख्त आवश्यकता है

रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अच्छा माध्यम है। सीएसआर कार्यक्रम के तहत सरकार द्वारा सभी सरकारी संस्थाओं, स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों, कार्यालयों व सार्वजनिक स्थानों पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाए जा रहे हैं। जिससे बरसात के दौरान छतों का पानी पाइप के जरिए इस केंद्र तक पहुंचाकर बोरवेल में डाला जा सकेगा, जिससे भूजल स्तर में सुधार होगा। उन्होंने कहा कि बरसाती पानी के संचय के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम होने से परिसर में कहीं पर भी जलभराव की समस्या भी नहीं रहेगी और भू जल संरक्षण जरूरी भी है । साथ ही पानी का सदुपयोग भी हो सकेगा। वहीं वर्तमान समय में गिरते जलस्तर को रोकने के लिए जल संरक्षण की सख्त आवश्यकता है। इसके लिए सरकारी कार्यालयों के अलावा मकानों की छतों के बरसात के पानी को हम जमीन के नीचे तक पहुंचाकर जलस्तर को ऊपर ला सकते हैं, जिसके चलते रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का होना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि सीएसआर प्रणाली के तहत हम न केवल सरकारी संस्थान बल्कि अपने घरों में एकत्र होने वाले बरसात के पानी को व्यर्थ न बहाकर पाइप व नालियों द्वारा पुराने कुओं तथा बेकार हो चुके ट्यूबवेलों में डाल दें तो इससे जलस्तर बढने की संभावना होती है। इसके लिए बहुत कम खर्च में साधारण तरीका अपनाया जा सकता है।

## जरूरतमंदों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने में कारगर सिद्ध हो रही हैं अंत्योदय परिवार उत्थान योजना

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव)।**

**एसडीएम** बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद ने कहा कि हरियाणा सरकार मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में अंत्योदय की भावना के साथ सबका साथ-सबका विकास व सबका विश्वास की कड़ी को आगे बढ़ाते हुए फरीदाबाद के शहरी क्षेत्र में गरीब परिवारों की आय बढ़ाने के लिए कृत संकल्प बद्धता के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेला के तहत जिन परिवारों की वार्षिक आय 180000 से कम है उन परिवारों की आजीविका के साधनों में वृद्धि करने के लिए अंत्योदय मेला लगाया गया है। मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेलों के माध्यम से समाज में अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचाया जा रहा है। वहीं सरकार जनसेवा को समर्पित होकर अंत्योदय की भावना से अंतिम व्यक्ति के उत्थान में सराहनीय व उल्लेखनीय कदम उठा रही है।

एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद ने बताया कि मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेले में आवेदक ये दस्तावेज जरूर लाए। परिवार पहचान पत्र, आधार कार्ड, बैंक खाता कॉपी, पासपोर्ट साइज फोटो, वोटर कार्ड आदि शामिल हैं।उन्होंने बताया कि इस मेले में लगभग 18 विभाग, जिनमें सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उधम निदेशालय, हरियाणा रेड क्रॉस सोसाइटी, रोजगार विभाग हरियाणा, मंडल रोजगार कार्यालय फरीदाबाद, उद्यान विभाग, हरियाणा पिछड़े वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग कल्याण निगम कार्यालय, हरियाणा महिला विकास निगम, हरियाणा अनुसूचित जातियां वित्त एवं विकास निगम, खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग, शहरी स्थानीय निकाय विभाग, हरियाणा एग्रो इंडस्ट्रीज हरित मत्स्य पालन विभाग हरियाणा कौशल विकास द्वारा कोई भी आवेदक जो किसी भी कारण से अपनी पढ़ाई लगातार नहीं कर पाया है।

## संपादकीय

### स्वतंत्र प्रेस और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता

**विश्व प्रेस** स्वतंत्रता दिवस की 3 मई, 2023 को 30वीं वर्षगांठ मनाई गई। 1993 में इसकी घोषणा किए हुए तीन दशक बीत चुके हैं, जिसमें हमने दुनिया भर में स्वतंत्र प्रेस और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता प्राप्त करने की दिशा में पर्याप्त प्रगति देखी है। कई देशों में स्वतंत्र मीडिया के प्रसार और डिजिटल प्रौद्योगिकियों के उदय ने सूचना के मुक्त प्रवाह को सक्षम बनाया है। हालाँकि, मीडिया की स्वतंत्रता, पत्रकारों की सुरक्षा और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर लगातार हमले हो रहे हैं, जो अन्य मानवाधिकारों की पूर्ति को प्रभावित करता है। अनेक देशों में प्रेस की स्वतंत्रता पर सख्त पहरे भी लगे हैं। इन महत्वपूर्ण स्थितियों और खतरों का मुकाबला करने के लिए ही प्रेस की स्वतंत्रता, पत्रकारों की सुरक्षा और सूचनाओं तक पहुंच को केंद्र में रख कर विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस मनाया जाता है। प्रेस की आजादी से यह बात साबित होती है कि किसी भी देश में अभिव्यक्ति की कितनी स्वतंत्रता है। विश्व समुदाय कई संकटों का सामना कर रहा है- संघर्ष और हिंसा, आतंक एवं अलगाव, युद्ध एवं राजनीतिक वर्चस्व, गरीबी एवं बेरोजगारी, लगातार सामाजिक-आर्थिक असमानताएँ, पर्यावरणीय संकट और दुनिया भर के लोगों के स्वास्थ्य और भलाई के लिए चुनौतियाँ आदि जटिलतर स्थितियों के बीच प्रेस की महत्वपूर्ण भूमिका है। लोकतंत्र, कानून के शासन और मानवाधिकारों को आधार देने वाली संस्थाओं पर गंभीर प्रभाव के साथ ऑनलाइन और ऑफलाइन गलत सूचना और गलत सूचना का प्रसार ने स्वतंत्र प्रेस एवं मीडिया पर अनेक सवाल खड़े किये हैं। विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस प्रेस की स्वतंत्रता के मौलिक सिद्धांतों का जश्न मनाने के साथ-साथ दुनिया भर में प्रेस की आजादी का मूल्यांकन करने का अवसर है। यह दिवस मीडिया की आजादी पर हमलों से मीडिया की रक्षा करने तथा मरने वाले पत्रकारों को श्रद्धांजलि अर्पित करने का कार्य करता है।

भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में प्रेस की स्वतंत्रता एक मौलिक जरूरत है। आज हम एक ऐसी दुनिया में जी रहे हैं, जहाँ अपनी दुनिया से बाहर निकल कर आसपास घटित होने वाली घटनाओं के बारे में जानने का अधिक वक्त हमारे पास नहीं होता। ऐसे में प्रेस और मीडिया हमारे लिए एक खबर वाहक का काम करती हैं, जो हर सवेरे हमारी टेबल पर गरमा गर्म खबरें परोसती हैं। प्रेस केवल खबरे पहुंचाने का ही माध्यम नहीं है बल्कि यह नये युग के निर्माण और जन चेतना के उद्बोधन एवं शासन-प्रशासन के प्रति जागरूक करने का भी सशक्त माध्यम है। प्रेस देश एवं दुनिया की राजनीति और उसके लिए आवश्यक सदाचार का माध्यम रही है। हिंसा, विपत्तियां और भ्रष्टाचार को लेकर भी अनेक पक्ष उसने समय-समय पर प्रस्तुत किये हैं। आज हर हाथ में पत्थर है। आज समाज में नायक कम खलनायक ज्यादा हैं। प्रसिद्ध शायर नजमी ने कहा है कि अपनी खिड़कियों के कांच न बदलो नजमी, अभी लोगों ने अपने हाथों से पत्थर नहीं फेंके हैं। प्रेस ने समय-समय पर ऐसी स्थितियों के प्रति सावधान किया गया है, डर पत्थर से नहीं, डर उस हाथ से है जिसने पत्थर पकड़ रखा है। महावीर, बुद्ध एवं गांधी का उदाहरण देते हुए बहुत सफाई के साथ प्रेस ने समाज को सजग किया है। प्रेस की आजादी का मुख्य रूप से यही मतलब है कि शासन की तरफ से इसमें कोई दखलंदाजी न हो, लेकिन संवैधानिक तौर पर और अन्य कानूनी प्रावधानों के जरिए भी प्रेस की आजादी की रक्षा जरूरी है। यह दिवस प्रेस के सम्मुख उपस्थित विभिन्न झंझावातों एवं संकटों के बीच अपने प्रयासों के दीप जलाये रखने का आान हैं। आज समाज एवं राष्ट्र एक बहुत बड़ा वर्ग पिछड़ा, अशिक्षित और अनभिज्ञ है।

# प्रजाध्वनि बनाम संकल्प पत्र



किशन भावनानी

> साथियों बात अगर हम एक विपक्षी पार्टी के घोषणा पत्र संकल्प पत्र की करें तो, सरकार बनने पर राज्य सड़क परिवहन निगम में सभी महिलाओं को मुफ्त यात्रा की सुविधा, न्यू एजुकेशन पॉलिसी को रद्द करके राज्य में नई शिक्षा नीति लागू करने, 63 सीमावर्ती तालुकों में कन्नड़ भाषा और संस्कृति का विकास, आरक्षण की अधिकतम सीमा 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 75 प्रतिशत करने, 200 यूनिट बिजली मुफ्त देने जैसे वादे किए गए हैं। प्रत्येक परिवार के महिला मुखिया को हर महीने दो हजार रुपये, बेरोजगार स्नातकों को दो साल तक प्रतिमाह दो हजार रुपये, बेरोजगार डिप्लोमा धारकों को डेढ़ हजार रुपये, रात में ड्यूटी करने वाले पुलिसकर्मियों को प्रतिमाह पांच हजार रुपये विशेष भत्ता देने का भी वादा किया है।

**भारत** में 10 मई 2023 को एक राज्य में विधानसभा चुनाव होने जा रहा है, जिसपर पूरे देश की निगाहें लगी हुई है। क्योंकि ऐसा माना जा रहा है कि यह चुनावीरण 2024 के आम लोकसभा चुनाव के सभी सेमीफाइनल्स में से एक होगा। परंतु जनता हैरान है कि शिक्षा का परमकाष्ठा राज्य प्रौद्योगिकी का बादशाह और सांस्कृतिक सभ्यता का प्रतीक माने जाने वाले इस राज्य में हम टीवी चैनलों के माध्यम से देख रहे हैं कि जिस तरह की जुबानी जंग से एक दूसरे पर छींटाकशी करने में मयार्दा लांघने, ध्रुवीकरण की होड़ और तुष्टीकरण बेजोड़ वाला फामूर्ला अपनाया जा रहा है, उससे उस राज्य की ही नहीं बल्कि पूरे देश की जनता देख रही है। पिछले दो दिनों में जारी दो पार्टियों के चुनावी घोषणापत्र प्रजाध्वनि और संकल्पपत्र को आमजनता देखा व समझ रही है, परंतु दिनांक 2 मई 2023 को एक पार्टी द्वारा जारी घोषणापत्र पर कुछ बवाल जरूर खड़ा हुआ है जिसमें नफरत फैलाने वालों वाली दो संस्थाओं पर बैन का वादा किया गया है। जिसमें से एक पर तो पहले से ही बैन लगा हुआ है। वर्ष 1947 में भारत की आजादी के बाद यहां लोकतांत्रिक प्रथा स्थापित हुई और भारत का पहला आम चुनाव 1951 में हुआ था, जिसे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने जीता था, बाद में एक राजनीतिक दल जो 1977 से बाद के चुनावों पर हावी रहा, जब स्वतंत्र भारत में पहली बार गैर-कांग्रेसी सरकार बनी।चूंकि एक राज्य में 10 मई 2023 को होने वाले चुनाव का जलवा अपने शबाब पर है, इसलिए आज हम टीवी चैनलों पर चल रही जानकारी, डिबेट के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, प्रजाध्वनि बनाम संकल्पपत्र - सुनिए जी ! वोट देने से पहले जरा सोचिएगा, ध्रुवीकरण की होड़ है तुष्टीकरण बेजोड़ है।

साथियों बात अगर हम एक राज्य में विधानसभा चुनाव की करें तो अब महज छह दिन बचे हैं। इस बीच, रूलिंग पार्टी के बादविपक्षी पार्टी ने भी चुनावी घोषणा पत्र जारी कर दिया है।दोनों ही पार्टियों ने कई बड़े वादे किए हैं।एक-दूसरे के घोषणाओं पर सवाल भी उठाने लगे हैं। रूलिंग पार्टी ने अपने घोषणा पत्र को प्रजा ध्वनि नाम दिया है। वहीं, विपक्षी पार्टी ने अपने चुनावी वादों को संकल्प पत्र नाम दिया है।

साथियों बात अगर हम रूलिंग पार्टी के




घोषणापत्र प्रजाध्वनि की करें तो बड़ी घोषणाएं, गरीबों को साल में तीन बार गरीबों को मुफ्त गैस सिलेंडर देने का वादा किया, ये सिलेंडर उगाड़ी, गणेश चतुर्थी और दीपावली में दिया जाएगा। इसके अलावा हर वार्ड में अटल आहार केंद्र खोलने का वादा भी किया है। इसके जरिए गरीबों को सस्ता और अच्छा भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। अगर चुनाव में उनकी पार्टी जीत हासिल करती है तो बीपीएल कार्ड धारकों को प्रतिदिन पोषण स्कीम के तहत आधा लीटर नंदिनी दूध दिया जाएगा। नंदिनी दूध को लेकर पहले से ही सूबे में खूब सियासत चल रही है। 10 लाख गरीबों को घर, दलित महिलाओं के नाम 10 हजार की एफडी, हर महीने गरीबों को पांच किलो राशन, सूबे में समान नागरिक संहिता लागू करने का भी वादा किया है। पांच लाख तक के लोन पर किसी तरह का ब्याज न लेना, किसानों को बीज के लिए 10 हजार रुपये देना और वरिष्ठ नागरिकों का साल में एक बार मुफ्त हेल्थ चेकअप कराना भी शामिल है। घोषणा पत्र में पार्टी ने यूनिफॉर्म सिविल कोड का वादा किया है। राज्य में समान नागरिक संहिता कानून लागू करने के लिए एक उच्च स्तरीय समिति बनाई जाएगी।राज्य के दस लाख बेघर लोगों को रहने के लिए मकान दिए जाएंगे महिला, एससी एसटी घरों के लिए 5 साल का दस हजार रुपए फिक्सड डिपॉजिट कराया जाएगा.सरकारी स्कूलों को विश्व स्तरीय मानदंडों के अनुसार अपग्रेड किया जाएगा.सीनियर सिटिजन के लिए हर साल मुफ्त हेल्थ चेकअप की सुविधा दी जाएगी. कल्याण सर्किट, बनवासी सर्किट, परशुराम सर्किट, कावेरी सर्किट, गंगापुरा सर्किट के विकास के लिए 1500 करोड़ रुपए दिए जाएंगे.शहरी गरीबों के लिए पांच लाख घर देने का वादा.मुफ्त भोजन के लिए अटल आहार केंद्र खुलेंगे। वोक्कालिंगा और लिंगायत के लिए आरक्षण दो-दो प्रतिशत बढ़ाया जाएगा.तीस लाख महिलाओं के लिए फ्री बस पास मिलेगा.बेट्टा कुरबा, सिद्दी, तलवारा और परिवारा समुदाय को आदिवासी सूची में शामिल किया जाएगा। पीएफआई और अन्य जिहादी संगठनों पर बैन लगाया जाएगा। राज्य में एनआरसी लागू होगा और अवैध शरणार्थियों को डिपोर्ट किया जाएगा। देव यात्रा तिरुपति, अयोध्या, काशी, रामेश्वरम, कोल्हापुर, सबरीमाला और केदारनाथ जाने के लिए गरीब परिवारों को 25 हजार रुपए की मदद। मंदिरों के प्रशासन के लिए पूर्ण स्वायत्तता देने के लिए एक समिति बनाई जाएगी और प्रदेश की राजधानी बेंगलुरु में स्टेट कैपिटल रीजन स्थापित होगा। किसानों के लिए 30 हजार करोड़ का फंड।इसके अलावा पार्टी ने किसानों के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में माइक्रो कोल्ड स्टोरेज सुविधाएं,कृषि प्रसंस्करणइकाइयां स्थापित करने और कृषि उपज समितियों के आधुनिकीकरण के लिए 30 हजार करोड़ रुपए के फंड का वादा किया है।

साथियों बात अगर हम एक विपक्षी पार्टी के घोषणा पत्र संकल्प पत्र की करें तो, सरकार बनने पर राज्य सड़क परिवहन निगम में सभी महिलाओं को मुफ्त यात्रा की सुविधा, न्यू एजुकेशन पॉलिसी को रद्द करके राज्य में नई शिक्षा नीति लागू करने, 63 सीमावर्ती तालुकों में कन्नड़ भाषा और संस्कृति का विकास, आरक्षण की अधिकतम सीमा 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 75 प्रतिशत करने, 200 यूनिट बिजली मुफ्त देने जैसे वादे किए गए हैं। प्रत्येक परिवार के महिला मुखिया को हर महीने दो हजार रुपये, बेरोजगार स्नातकों को दो साल तक प्रतिमाह दो हजार रुपये, बेरोजगार डिप्लोमा धारकों को डेढ़ हजार रुपये, रात में ड्यूटी करने वाले पुलिसकर्मियों को प्रतिमाह पांच हजार रुपये विशेष भत्ता देने का भी वादा किया है। हालांकि, घोषणा पत्र में सबसे ज्यादा चर्चा , सूबे में नफरत फैलाने वाले संगठनों को बैन लगाने के वादे की हो रही है। गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) परिवार के प्रत्येक व्यक्ति को प्रति माह 10 किलो अनाज मिलेगा.।बेरोजगार स्नातकों को प्रति माह 3, हजार और युवा निधि के तहत बेरोजगार डिप्लोमा धारकों को 1,5 सव रुपए प्रदान किए जाएंगे। नियमित केएसआरटीसी/बीएमटीसी बसों में पूरे राज्य में सभी महिलाओं को मुफ्त यात्रा प्रदान करने का वादा किया है।रात में ड्यूटी करने वाले पुलिस वालों को 5 हजार रुपये का विशेष भत्ता देने का वादा।समुद्र में मछली पकड़ने के लिए हर साल 500 लीटर टैक्स फ्री डीजल दिया जाएगा।90 दिनों के भीतर कार्य शुरू करने, अनुबंध में निर्दिष्ट समय के भीतर कार्य पूरा करने और कॉन्टैक्ट की समय सीमा के भीतर ठेकेदारों के बिलों का निपटारा करने का वादा1000 करोड़ का सीनियर सिटिजन वेलफेयर फंड बनाने का वादा।पांच हजार वुमेन इंटरप्रेन्योर को सहयोग दिया जाएगा।कांग्रेस ने घोषणा पत्र में 25 हजार सिविक वर्कर्स को रेगुलेराइज करने का वादा किया है।प्रत्येक पूरकर्मिका का 10 लाख तक का इंश्योरेंस किया जाएगा।मिल्क सब्सिडी को 5 रुपए से बढ़ाकर 7 रुपए कर दिया जाएगा।भेड़-बकरी के लिए किसानों का एक लाख रुपए तक का लोन माफ कर दिया जाएगा।अपने घोषणापत्र में प्रतिबंधित संगठन की तुलना एक संगठन से जुड़े युवा शाखा से करते हुए कहा कि वह ऐसे संगठनों पर प्रतिबंध लगाएगी, जो दुश्मनी या नफरत को बढ़ावा देते हैं। कहा कि अगर पार्टी राज्य में सत्ता में आती है, तो नफरत फैलाने वाले संगठनों पर प्रतिबंध लगाने सहित कानून के अनुसार निर्णायक कार्रवाई की जाएगी।

## कविता

### लुप्त संवेदनाएं

कहां गए वो रिश्ते
कहां गई संवेदनाएं
जो कभी थे प्यारे अपने
हम देखते हैं अब उनसे
मिलने के सपने,
अपने गुम हो गए
गांव शहरों की ओट में
लुप्त हुए दादी नानी के गांव
रिश्ते की ओट में,
मिट गए सब रिश्ते
और नाते,
जब से खुले जमीन जायजात
के खाते,
रिश्ते अब अपने रिश्तों
से कतराने आने लगे हैं
बेटे,बेटी भी मां बाप
से घबराने लगे है,
फ्लैट ,मकान और दुकान
की बेदम चाहत ने
संबंधों को किया हलकान
सिक्कों की खनखनाहट में,
सारे रिश्ते नातों को
किया परेशान

संजीव ठाकुर

## परिस्थितियों का दास नहीं स्वामी बने

**संजीव ठाकुर**

**जीवन** में लक्ष्य की प्राप्ति और सफलता के लिए मनुष्य को निरंतर कर्म की प्रधानता रखकर संयम तथा मनोबल भी रखना होगा 'इसके अलावा मनुष्य अपनी इच्छाओं का दास ना होकर उस पर नियंत्रण रख स्वामी बनने का प्रयास करना होगा तब सोची गई सफलता आपके सामने होगी'

कठिन तथा विषम परिस्थितियों में मनुष्य को अपने मनोबल को सदैव विनम्रता,संयम और साहस के साथ ऊंचा रखना चाहिए।अपने द्वारा की गई मेहनत पर विश्वास एवं निरंतरता रखनी होगी। तब जाकर ही जीवन में सफलता के पल आपके सामने आएंगे ' निराशा, हताशा और हीन भावना को कठोर श्रम के बलबूते पर ही विजय प्राप्त की जा सकती है'

जीवन में उतार-चढ़ाव, कठिन समय और विषम परिस्थितियां आती ही रहती हैं' संकट का समय विषम परिस्थितियां जीवन के अलग-अलग पहलू हैं ।इनसे जूझ कर जो मानव आगे बढ़ता है, वह उच्च मनोबल वाला साहसी व्यक्ति होता है। व्यक्ति के जीवन में साहस, उच्च मनोबल ही सफलता की कुंजी है। जिस भी व्यक्ति ने विषमताओं में रास्ता निकलने का साहस करके आगे बढ़ने का प्रयास किया है वही सफल हुआ है। हमेशा सफलता का मूल आत्मविश्वास, कठिन श्रम और उच्च आदर्श वाले व्यक्ति की प्रेरणा ही सफलता दिलाने वाली होती है। मनुष्य को कभी भी किसी भी परिस्थिति में मन से हार नहीं माननी चाहिए। उसे सदैव प्रयासरत रहकर परिश्रम तथा जुझारू पन से हर परिस्थिति का सामना कर सदैव अपने लक्ष्य के प्रति अग्रसर होते रहना चाहिए। मनुष्य को अपनी हर हार, हर पराजय से कुछ ना कुछ सीख लेनी चाहिए एवं इससे अनुभव प्राप्त कर फिर से खड़ा होने एवं उस पराजित मनोदशा से छुटकारा पाकर फिर से लड़ने की ऊर्जा एवं शक्ति प्राप्त करनी चाहिए, यह सफलता का बड़ा मंत्र है। सर्वप्रथम मनुष्य अपने मनोबल से किन्हीं भी परिस्थितियों को जीतने का साहस रखता है, इसीलिए मनोबल मनुष्य की पहली आवश्यकता है। मनोबल ही साहस को जन्म देता है और साहस, आत्मबल को और आत्मबल से ही मनुष्य किन्हीं भी परिस्थितियों से जूझना एवं टकराने की क्षमता पैदा करता है। जब मनुष्य के पास खोने के लिए कुछ ना हो तो वह निश्चिंत होकर साहस, क्षमता एवं संयम से आगे बढ़ने का प्रयास करता है, क्योंकि वह जानता है की पीछे पलट कर उसके पास खोने के लिए कुछ भी नहीं है, शिवाय आगे बढ़ने एवं सफलता के लिए अग्रसर होने के। मनुष्य का मनोबल एवं दृढ़ प्रतिज्ञा ही मनुष्य को सदैव आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा देते रहते हैं। मनुष्य के जीवन का एक तथ्य और भी अत्यंत महत्वपूर्ण है वह है सकारात्मक सोच, जो उसे हमेशा आगे बढ़ने की ओर उत्साहित करती रहती है। सकारात्मक सोच एवं किसी भी परिस्थिति को अपने नियंत्रण में लाने की सुनियोजित योजना मनुष्य में आशाओं को भर देती है एवं परिस्थितियों को चुनौती देने की क्षमता का विकास करती है।

## विचार

### बुद्ध पूर्णिमा- भारत कैसे आएं बुद्ध के अनुयायी

**आर.के. सिन्हा**

**आपको** राजधानी दिल्ली के कुछ बुद्ध विहारों में बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर भारत में कार्यरत विभिन्न देशों के राजनयिक और नागरिक पूजा-अर्जना करते हुए मिल जाएंगे। भगवान बुद्ध के भले ही अनुयायी सारे संसार में हों, पर वे हैं तो हमारे ही। भारत में बुद्ध से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण स्थल जैसे लुम्बिनी झ्र जहां भगवान बुद्ध का जन्म हुआ, बोधगया झ्र जहां बुद्ध ने ज्ञान प्राप्त हुआ, सारनाथ झ्र जहां से बुद्ध ने दिव्यज्ञान देना प्रारंभ किया, कुशीनगर झ्र जहां बुद्ध का महापरिनिर्वाण हुआ और दीक्षाभूमि, नागपुर झ्र जहां भारत में बौद्ध धर्म का पुनरूत्थान हुआ मौजूद हैं। लुम्बिनी भगवान बुद्ध के जन्म के समय भारत का ही अंग था। बाद में गोरखा रायफल्स की वीरता से प्रभावित होकर अंग्रेजों ने तराई के कुछ भागों को पूर्व गोरखा सैनिकों के पुनर्वास के लिए तराई के एक भाग को भारत से अलग कर नेपाल को सौंप दिया था जिसमें बुद्ध का जन्म स्थान लुम्बिनी भी चला गया था।

इतना सब कुछ होने के बवाजूद हमारे यहां दुनियाभर के बुद्ध धर्म के अनुयायी काफी कम संख्या में आते हैं। यह स्थिति हर हाल में बदलनी होगी। भारत में बौद्ध के जीवन से जुड़े कई महत्वपूर्ण स्थलों के साथ एक समृद्ध प्राचीन बौद्ध विरासत है। भारत बौद्ध विरासत दुनिया भर में बौद्ध धर्म के अनुयायियों के लिए बहुत रुचिकर है। यह तो पूरी दुनिया को बताना तो होगा ही। भगवान बुद्ध को मानने वाले देशों से पर्यटकों को भारत लाना ही होगा। यह पर्यटकों का एक बहुत बड़ा समूह है। दुनियाभर में फैले करोड़ों बौद्ध धर्म के अनुयायियों को अभी तक तो हम भारत के प्रमुख बौद्ध तीर्थ स्थलों की तरफ लाने में कोई बहुत सफल नहीं रहे हैं। यह एक सच्चाई है। हमें भगवान बुद्ध से जुड़े कुछ नए और हाल ही में विकसित स्थलों में भी पर्यटकों को लाना होगा। मैं यहां इस बाबत राजधानी दिल्ली के बुद्ध जयंती पार्क का उदाहरण देना चाहता हूं। जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा बीते कुछ हफ्ते पहले अपने राजधानी प्रवास के दौरान भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बुद्ध जयंती पार्क में गए थे। दरअसल बुद्ध जयंती पार्क भगवान बुद्ध के निर्वाण के 2500वें वर्ष के स्मरणोत्सव के समय 1959 में तैयार किया गया था। बुद्ध जयंती पार्क में एक पीपल का वृक्ष भी है जिसका संबंध भगवान बुद्ध से माना जाता है। जिस पीपल के पेड़ के नीचे भगवान बुद्ध ने ज्ञान प्राप्त किया था, उसकी एक टहनी सम्राट अशोक के पुत्र द्वारा श्रीलंका में भी रोपित की गई थी। श्रीलंका की तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती सिरिमाओ भंडारनायके ने इस वृक्ष की एक टहनी भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री को 1964 में भेंट की थी। उन्होंने उसी टहनी को 25 अक्तूबर 1964 को यहां रोपित किया था। आज यह वृक्ष पूर्ण रूप से हरा भरा है। इसके ही भारत और जापान के प्रधानमंत्रियों ने दर्शन किए। इसके पास बैठकर जो सुख मिलता है उसे शब्दों में व्यक्त करना असंभव है। यहां पर बुद्ध धर्म को मानने वाले देशों के राजनयिक और प?टकों को लाना होगा। तिब्बत के आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा ने बुद्ध जयंती पार्क में स्थापित भगवान बुद्ध की सुंदर प्रतिमा को भेंट किया था। भगवान बुद्ध की यह प्रतिमा बैठी हुई अवस्था में है। दलाई लामा भी इधर बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर कई बार आ चुके हैं। वे जब यहां पर आते हैं तो हजारों तिब्बती भी उनके दर्शन करने के लिए पहुंच जाते हैं। राजधानी के मंदिर मार्ग पर स्थित महाबोधि मंदिर बुद्ध पूर्णिमा पर जापान, कोरिया, थाईलैंड, श्रीलंका, वियतनाम जैसे बुद्ध धर्म को मानने वाले देशों के राजनयिक आते हैं। दिल्ली के इस पहले बुद्ध विहार का उदघाटन महात्मा गांधी ने 1939 में किया था। इस मंदिर का उदघाटन करते हुए गांधी जी ने कहा था कि यहां पर किसी भी इंसान को उसकी जाति या अन्य किसी कारण से नहीं रोका जाए। यह बिड़ला मंदिर के ठीक साथ में है। इसके निर्माण में आई सारी लागत उद्योगपति जुगल किशोर बिड़ला ने वहन की थी। महाबोधि मंदिर में डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन, डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर, श्रीमती इंदिरा गांधी जैसी शख्सियतें भी विशेष अवसरों पर आती रही हैं। इधर भगवान बुद्ध की एक सुंदर मूर्ति स्थापित है,जो पंडित नेहरू ने बुद्ध विहार को भेंट की थी। यह मूर्ति म्यांमार के मूर्तिशिल्पियों ने बनाई थी।

## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।
दूरभाष नं. - (011) 47502546
फैक्स - (011) 27677673
प्रधान संपादकः रवि भारद्वाज
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindianews@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

### जहरीले भाषणों की दिन-प्रतिदिन गंभीर होती समस्या

**ललित गर्ग**

**कर्नाटक** में चुनावों को लेकर नफरती सोच एवं हेट स्पीच का बाजार बहुत गर्म है। राजनीति की सोच ही दूषित एवं घृणित हो गयी है। नियंत्रण और अनुशासन के बिना राजनीतिक शुचिता एवं आदर्श राजनीतिक मूल्यों की कल्पना नहीं की जा सकती। नीतिगत नियंत्रण या अनुशासन लाने के लिए आवश्यक है सर्वोपरि राजनीतिक स्तर पर आदर्श स्थिति हो, तो नियंत्रण सभी स्तर पर स्वयं रहेगा और इसी से देश एक आदर्श लोकतंत्र को स्थापित करने में सक्षम हो सकेगा। अक्सर चुनावों के दौर में राजनीति में बिगड़े बोल एवं नफरत की राजनीति कोई नई बात नहीं है। चर्चा में बने रहने के लिए ही सही, राजनेताओं के विवादित बयान गाहे-बगाहे सामने आ ही जाते हैं, लेकिन ऐसे बयान एक ऐसा परिवेश निर्मित करते हैं जिससे राजनेताओं एवं राजनीति के लिये घृणा पनपती है। यह सही है कि शब्द आवाज नहीं करते, पर इनके घाव बहुत गहरे होते हैं और इनका असर भी दूर तक पहुंचता है और देर तक रहता है। इस बात को राजनेता भी अच्छी तरह जानते हैं इसके बावजूद जुबान से जहरीले बोल सामने आते ही रहते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कर्नाटक में प्रधानमंत्री को लेकर जो कुछ कहा उसके अगले दिन कर्नाटक के ही भाजपा विधायक बासनगौड़ा पाटिल यतनाल ने सोनिया गांधी को लेकर उतनी ही आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी। सार्वजनिक रूप से ऐसी टिप्पणियों को हेट स्पीच के दायरे से बाहर नहीं रखा जा सकता। राष्ट्रीय एकता एवं राजनीतिक ताने-बाने को ध्वस्त कर रहे जहरीले भाषणों की समस्या दिन-प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है। संकीर्णता एवं राजनीति का उन्माद एवं ह्यहेट स्पीचह्ण के कारण न केवल विकास बाधित हो रहा है बल्कि देश की एकता एवं अखण्डता भी खण्ड-खण्ड होने के कगार पर पहुंच गयी है। राजनेताओं के नफरती, उन्मादी, द्वेषमूलक और भड़काऊ भाषणों को लेकर सर्वोच्च न्यायालय ने भी कड़ी टिप्पणियां की है। भाषा की मयार्दा सभी स्तर पर होनी चाहिए। कई बार आवेश में या अपनी बात कहने के चक्कर में शब्दों के चयन के स्तर पर कमी हो जाती है।

### टुकड़ों की जिंदगी

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

**क्लर्क** हक्का-बक्का मुँहबाए खड़ा था। यह देख बड़े बाबू ने कहा झ्र यही कारण है कि तुम मूरख के मूरख रह गए। इतनी सी बात भी नहीं समझते। हम भ्रष्टाचार निरोधक विभाग में काम करते हैं। हमारी ईमानदारी कइयों की दुकानें बंद करवा सकती है। हमें तो केवल उन लोगों को पकड़ना है जिनका सरकार से छत्तीस का आंकड़ा है। औरों से हमारे संबंध आप जियो हमें भी जीने दो जैसा होना चाहिए। यहाँ काम करने का मतलब यह नहीं कि हम संन्यासी बने रहें। हमारे भी नाक, मुँह, कान, आँख और त्वचा होती है। हम भी मिर्च-मसाला खाते हैं। हममें भी इच्छाएँ पैदा होती हैं। हमारा भी परिवार होता है। हमारी भी जरूरतें होती हैं। सरकारी वेतन से भला क्या गुजर बसर हो पाएगा। इन्हें पूरा करने के लिए ह्यखाना आना चाहिए। खाना ही हमारा धर्म, कर्म और तप होना चाहिए। इसलिए चुपचाप जाओ और बाहर खड़े महाशय को मेरे पास भेजो। क्लर्क बाहर गया। महाशय भीतर आए। बड़े बाबू ने उन्हें ऊपर से नीचे तक तीन-चार बार निहारा। फिर कहा झ्र तो तुम्हीं ने जमीन छुड़ाने के एवज में विधायक, पार्षद, पुलिस, राजस्व अधिकारियों द्वारा रिश्वत माँगने की शिकायत दर्ज कराई है। तुम बड़े किस्मत वाले हो कि उन्होंने सिर्फ रिश्वत माँगी है, ली नहीं है। ऐसे लोगों के हाथों से भगवान की जमीन तक नहीं बच सकती, तब तुम्हारी क्या बिसात? अब जब तुमने शिकायत दर्ज करवा ही दी है, तो निश्चिंत रहिए, हम हरसंभव न्याय करेंगे। महाशय हाथ जोड़ते हुए झ्र साहब आपकी बड़ी कृपा होगी। इन लोगों ने न केवल मेरी जमीन हथिया ली है, बल्कि उसे लौटाने के एवज में भारी भरकम रकम की डिमांड भी रख दी है। आए दिन डरा धमका रहे हैं। जीना दुश्वार कर रखा है। अब आप ही बताएँ मैं करूँ तो क्या करूँ? मैंने यह जमीन दिन-रात मेहनत करके कमाई है। वैसे आपको इन लोगों में सबसे बड़ा दोषी कौन लगता है? विधायक, पार्षद, पुलिस या फिर राजस्व अधिकारी? बड़े बाबू गुस्से में आते हुए बोले झ्र तुम्हें शर्म नहीं आती समाज के इन शरीफ लोगों पर आरोप लगाते हुए? इन लोगों की ईमानदारी से ही तो यह व्यवस्था चल रही है। ये न होते तो क्या से क्या हो जाता? इस टंटे की फसाद है जमीन। वह जमीन जिसे आप अपना बता रहे हैं। वह आपकी है भी या नहीं यह तो जाँच के बाद ही पता चलेगी।

# समाज में नारी ही नशे के प्रभाव से सबसे अधिक पीड़ितः डा. अशोक वर्मा



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। हरियाणा राज्य** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो प्रमुख एवं पुलिस महानिरीक्षक अमिताभ सिंह ढिल्लों के दिशा-निर्देशों और मार्गदर्शन में गाँधी कॉलेज ऑफ फामेर्सी में एक दिवसीय 120वां और गाँधी कॉलेज ऑफ नर्सिंग में एक दिवसीय 121वां नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो द्वारा स्टेट एक्शन प्लान बनाकर हरियाणा में लागू किया गया है। चूँकि आप का कार्य चिकित्सा जगत से है, इसीलिए आपको यह बात समझनी होगी कि कोई भी औषधि विक्रेता अथवा केमिस्ट बिना किसी प्राधिकृत चिकित्सक के लिखित परामर्श के बिना कोई भी प्रतिबंधित औषधि नहीं देगा। चिकित्सक द्वारा दी गई पर्ची पर मोहर और दिनांक सहित हस्ताक्षर करेगा और संबंधित सॉफ्टवेर पर ऑनलाइन प्रविष्टि करेगा। उन्होंने बताया कि नियमों की उल्लंघना करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए अनेक मेडिकल स्टोर सील कर दिए गए हैं और उनके लाइसेंस रद्द किए गए हैं। उन्होंने गाँधी कॉलेज ऑफ फामेर्सी के प्राचार्य डॉ. राजेंद्र मान एवं शिक्षकगणों की उपस्थिति में प्रशिक्षणार्थियों के साथ नशे के विरुद्ध चर्चा की।

दूसरी ओर गाँधी कॉलेज ऑफ नर्सिंग की छात्राओं के साथ भी नशे के विरुद्ध अलग से चर्चा की गई। प्राचार्या कविता और अन्य शिक्षिकाओं की उपस्थित में डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि आप द्वारा सेवा का कार्य चुना गया है, जो बहुत ही प्रशंसनीय कार्य है। उन्होंने कहा कि समाज में नारी ही नशे के प्रभाव से सबसे अधिक पीडित है अथवा वृद्ध और बच्चे। सरकार नशे से ग्रस्त व्यक्ति अर्थात नशा करने वाले को पीडित अथवा मानसिक रोगी मानते हुए उनके सुधार की ओर ध्यान दे रही है। इसीलिए प्रत्येक जिले के सरकारी अस्पताल में निशुल्क नशा मुक्ति केंद्र भी चलाए गए हैं। एनसीबी हरियाणा द्वारा भी अब तक असंख्य युवाओं को नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती करा उनका निशुल्क उपचार कराया गया है।

ब्यूरो का हेल्पलाइन नंबर 9050891508 सदैव 24 घंटे जनता के लिए खुला है, जिस पर कोई भी व्यक्ति ड्रग्स आदि बेचने वाले लोगों की गुप्त सूचनाएं दे सकता है और नशा छोडने वाले भी इस पर संपर्क कर लाभ उठा सकते हैं। दोनों कार्यक्रमों में अलग-अलग छात्र-छात्राओं से जीवन में नशा न करने की शपथ ली गई।

## योग सर्वांगीण विकास में बहुत महत्वपूर्ण : दिनेश गुलाटी



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया मेरा मिशन** स्वस्थ भारत के अंतर्गत योग गुरु दिनेश गुलाटी ने श्री कृष्णा मंदिर सेक्टर 14 पहुंचकर योगाभ्यास करवाया। उन्होंने कहा कि मिशन के उद्देश्य के अंतर्गत उनका लक्ष्य हर व्यक्ति तक योग को पहुंचाना है, ताकि एक स्वस्थ समाज का निर्माण किया जा सके।

योग कक्षा में उन्होंने योग की बारीकियों से साधकों को अवगत करवाया और कहा कि सूक्ष्म क्रिया और आसन से हमारा शरीर ऊर्जा व बनता है और शरीर के हाथ जोड़ में लचीलापन आता है। प्राणायाम से हमारे अंतरिक अंग मजबूत होते हैं और हमारी अंदरूनी शक्ति बढ़ती है और ध्यान के द्वारा हम अपनी मानसिक स्थिति को बेहतर बनाते हैं। इस तरह योग के द्वारा हमारा शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक विकास होता है। उन्होंने कहा कि योग सर्वांगीण विकास में बहुत महत्वपूर्ण है। योग हमें जीवन में संतुलित और सम रहना सिखाता है। योग द्वारा हमारे कार्यों में, विचारों में और दृष्टिकोण में सकारात्मक अंतर महसूस होता है। उन्होंने कक्षा में विशेष रूप से सूर्य नमस्कार का अभ्यास भी करवाया, जो शरीर के संपूर्ण स्वास्थ्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

## न्यूज फ्लैश

### नगर निगम की सीएफसी में जोड़ी गई एक और सुविधा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**नगर निगम** आयुक्त अभिषेक मीणा के निर्देश पर निगम के सिटीजन फैसिलिटी सेंटर यानि नागरिक सुविधा केन्द्र में ई-टोकन सिस्टम की एक ओर सुविधा जोड़ी गई है। इसके लिए नगर निगम की ओर से बार कोड जारी किया गया है। इसकी मदद से सेंटर में आने वाले नागरिकों को अब लाईनो में लगने की जरूरत नहीं, वह घर बैठे ही बार कोड को स्कैन कर अपना टोकन ले सकते हैं। नागरिक सीधे अपनी टाईमिंग पर कार्यालय आएं और किसी भी विंडो पर जाकर काम करवा सकते हैं। इससे विंडो पर बैठे कर्मचारियों की पब्लिक डिलिंग आसान होगी और उनकी कार्य-कुशलता भी बढ़ेगी। उप निगमायुक्त अरूण भार्गव ने बताया कि नगर निगम के कार्यालय में भूतल पर 12 काउंटर का नागरिक सुविधा केन्द्र मौजूद है। इसके जरिए नागरिक भिन्न-भिन्न तरह की सेवाएं प्राप्त करते हैं। पूर्व में यहां नागरिकों की लाईने लग जाती थी, इससे उन्हें खिडकी तक पहुंचने के लिए काफी इंतजार करना पड़ता था। महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों के लिए भी दिक्कत रहती थी। इसे देखते टोकन सिस्टम को लागू किया गया, जिससे नागरिकों का काम आसान हो गया। उन्होंने बताया कि नागरिकों की सुविधा को बढ़ाते हुए नगर निगम द्वारा अब ई-टोकन सिस्टम लागू किया गया है, इसके तहत वह घर बैठे ही अपना टोकन प्राप्त कर सकेंगे।

क्या है टोकन सिस्टम और कैसे करता है काम- उन्होंने बताया कि टोकन सिस्टम एक सरल प्रक्रिया है। नागरिक विभिन्न तरह की सेवाओं के लिए सी.एफ.सी. में आकर टोकन ले सकते हैं और अपनी बारी आने पर ही खिडकी पर बैठे कर्मचारी से चंद मिनटों में ही काम करवा कर वापिस जा सकते हैं। टोकन प्राप्त करने के लिए नागरिक को सी.एफ.सी. में लगे बार कोड को स्कैन कर, उसमें नाम व मोबाईल नम्बर की जानकारी डालनी होती है, एक ओटीपी आएगा, उसे डालकर सेवाएं ओपन हो जाएंगी। अपनी सेवा सलेक्ट करने के तुरंत बाद टोकन जारी हो जाता है। कौन से नम्बर का टोकन है, इसकी जानकारी नागरिक के मोबाईल फोन के साथ-साथ सी.एफ.सी. में लगी स्क्रीन पर भी डिस्प्ले हो जाती है। टोकन व खिडकी नम्बर देखकर नागरिक झट से अपना काम करवा सकता है। बारी की इंतजार तक सी.एफ.सी. में बैठने के साथ-साथ पेयजल की सुविधा मुहैया करवाई गई है। जिस नागरिक के पास मोबाईल फोन नही है या छोटा फोन है, उसे परेशान होने की जरूरत नहीं, वह भी टोकन ले सकता है। उसके लिए सी.एफ..सी. में पी.ओ.एस. मशीन रखी गई है। पी.ओ.एस. मशीन के प्रयोग से भी नागरिक टोकन ले सकते हैं, जो इसका प्रयोग करने में असमर्थ है, वह सीएफसी में बैठे कर्मचारी को अपना नाम व मोबाईल नम्बर बताकर टोकन प्राप्त कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि ई-टोकन प्राप्त करने के लिए निगम की वेबसाईट द्वष्ड्डह्लठ्ठड्डद्य.शह्म्द्द को ओपन करना होगा और ठ्ठद्म-ड्ड्ढद्बद्बठ्ठ.द्दह्लशद्मद्गठ्ठ.ब्ठ्ठ/ लिंक पर क्लिक करना होगा। इसके पश्चात जैसा कि ऊपर बताया गया है, उसमें नाम व मोबाईल नम्बर की जानकारी डालनी होगी, एक ओ.टी.पी. आएगा, उसे डालकर सेवाएं ओपन हो जाएंगी। अपनी सेवा सलेक्ट करने के तुरंत बाद टोकन जारी हो जाएगा। टोकन प्राप्त करने का समय प्रातः 9 से डेढ बजे तक और बाद दोपहर 2 बजकर 15 मिनट से साढे 3 बजे तक निर्धारित है। जबकि विंडो 4 बजे तक ओपन रहेगी, यानि 4 बजे के बाद सम्बंधित विंडो पर कोई डिलिंग नहीं होगी।

नगर निगम के सीएफसी में हैं 22 तरह की सेवाएं- उप निगमायुक्तने बताया कि जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र से सम्बंधित सेवाएं तथा इनके विलम्ब केस व त्रुटी ठीक करना, पेयजल एवं सीवर के बिल जमा करवाना, पेयजल का नया कनैक्शन लेने व नाम ट्रांसफर्र करने जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। इसी प्रकार भवन की सेस फीस व कम्पोजिशन चार्जिज, भवन के नक्शे की नकल, किसी नीलामी की धरोहर राशि जमा करवाने, निगम से सेवानिवृत्त कर्मचारियों की जीपीएफ स्टेटमेंट का प्रिंट, निगम से प्राप्त प्लॉट इत्यादि की किश्तें, आरटीआई फीस, सेल ऑफ लैंड फीस/किश्त, भवन शाखा फाईल की स्क्रूटनी फीस, शो टैक्स, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट दुकानों की हस्तांतरण फीस, स्लाटर हाऊस के प्रयोग से सम्बंधित फीस तथा फुटकर चालान की फीस डिपोजिट करने जैसी सेवाएं उपलब्ध हैं।

### ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर किसानों के साथ हो रही धोखाधड़ी

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर ज्यादातर किसान अनपढ़ होने के कारण सीएससी सेंटरों पर अपनी जमीन पर बोई हुई फसल को खराबा दर्ज करवाने जाते हैं, तो काफी किसानों की जमीन अन्य किसी व्यक्ति द्वारा या तो अपने मोबाईल फोन से या किसी सीएससी सेंटर से अपने नाम चढ़वाकर अपना खाता नम्बर व मोबाईल नम्बर का इन्द्राज किया होना पाया जाता है। उन्होंने कहा कि ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर किसानों के साथ हो रही धोखाधड़ी के लिए संबंधित किसान अपनी शिकायत संबंधित एसडीएम/ तहसीलदार कार्यालय में दर्ज करवाएं, ताकि पात्र किसान को सरकार की ओर से दिए जा रहे मुआवजा का लाभ मिल सके।

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**सोनीपत**
**(संजीव कौशिक)**
**मो. नं. : 9991270143**

## केंद्र सरकार की सुरक्षा बीमा योजनाओं का लाभ उठाएं

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। उपायुक्त** अनीश यादव ने आम नागरिकों से केंद्र सरकार की ओर से क्रियान्वित की जा रही विभिन्न प्रकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की है। उन्होंने बताया कि आम नागरिक नाममात्र राशि में अपना बीमा करवा सकते हैं। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना तथा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के फार्म हर एक बैंक व डाकघर में उपलब्ध हैं। इन योजनाओं में निर्धारित वार्षिक प्रीमियम जमा करवा कर 2 लाख रुपए तक का बीमा होता है।

उपायुक्त ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रत्येक बैंक उपभोक्ता को जीवन सुरक्षा बीमा योजना का लाभ देने के लिए दो स्कीम चलाई हुई हैं। सामाजिक सुरक्षा योजना सामान्य परिवार को मुश्किल की घड़ी में आर्थिक समर्थन देकर मजबूत बनाती है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में 18 से 50 वर्ष आयु के व्यक्ति नामांकन करवा सकते है। योजना के तहत 436 रुपये वार्षिक प्रीमियम जमा करवाना होता है तथा इससे 2 लाख रुपए के जीवन बीमा का संरक्षण मिलता है।

## घरौंडा खण्ड में आयोजित हुआ चौथे चरण का मेला

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। अतिरिक्त उपायुक्त डॉ.** वैशाली शर्मा ने बताया कि गरीब लोगों की आमदनी बढ़ाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत घरौंडा खंड में चौथे चरण का मेला आयोजित किया गया, जो कि गरीब लोगों के लिए काफी कारगर साबित रहा। खंड में आयोजित एक दिवसीय मेले में 55 स्कीमों का लाभ देने के लिए विभिन्न विभागों की स्टॉल लगाई गई थी। मेले में सैंकड़ों गरीब लोगों की उपस्थिति दर्ज हुई। एडीसी ने कहा कि सरकार ने 1.80 लाख रुपये से नीचे वार्षिक आय वालों की परिवार पहचान पत्र के आधार पर उन्हें विभिन्न स्कीमों का लाभ देने के लिए जो अनूठी पहल की है, इससे निसंदेह ऐसे परिवारों की आमदनी में इजाफा होगा और वे स्वरोजगार से जुड़ सकेंगे। मेले में विभन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों पर ज्यादातर लोग रोजगार, स्किल डेव्लपमेंट तथा स्वरोजगार हेतु ऋण लेने के लिए लोग काफी उत्साहित नजर आए। स्टॉलों पर संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा पात्र व्यक्ति को विभिन्न विभागों की 55 स्कीमों में किसी न किसी स्कीम से लाभान्वित किया गया। लोगों की सुविधा के लिए मेले के प्रवेश द्वार पर ही हैल्प डैस्क बनाए गए थे, जिन पर कर्मचारियों द्वारा लोगों का न केवल पंजीकरण किया जा रहा था।



## जिला कारागार हुआ स्पेशल लोक अदालत का आयोजन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया मुख्य दंडाधिकारी** एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव सुश्री जसबीर कौर द्वारा स्पेशल जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जेल लोक अदालत में 5 अंडर ट्रायल प्रिजनर्स के केसों का चयन किया गया और उसमें से 3 केसों में 3 के जुर्म कबूलने के बाद अंडरगोन किया गया। सीजेएम जसबीर कौर ने बताया कि समय-समय पर जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा हर माह के पहले और तीसरे बुधवार को जेल में लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। सीजेएम ने महिला कैदियों के बैरक में जाकर सभी महिला कैदियों से वातार्लाप की। उन्होंने कहा कि यदि किसी के पास केस की पैरवी करने के लिए वकील नहीं है तो वह सुपरिंटेंडेंट जिला कारागार के माध्यम से अपना प्रार्थना पत्र जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण करनाल को भेज सकता है। उन्होंने बताया कि अर्थॉरिटी द्वारा उसको पैनल अधिवक्ताओं में से किसी एक को उसके केस की पैरवी करने के लिए नियुक्त कर दिया जाएगा। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण बच्चों, वरिष्ठ नागरिक, अनुसूचित जाति व जनजाति या आम नागरिक जिसकी सभी स्त्रोतों से आय 3 लाख रुपए से कम है, ऐसे व्यक्ति मुफ्त कानूनी सलाह या मुफ्त कानूनी सहायता पाने का हकदार है। जेल लोक अदालत में उप अधीक्षक जसवंत सिंह ने सीजेएम को आश्वस्त किया कि वह सप्ताह में एक बार सभी कैदियों से पूछते रहते हैं कि किसी के पास कोई वकील उसके केस की पैरवी करने के लिए न हो तो जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा उसे निशुल्क प्रदान किया जाएगा।

### मनोज भल्ला बने पुराना सर्राफा बाजार एसोसिएशन के प्रधान

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। भाजपा ओबीसी** मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष एवं स्वर्णकार संघ के जिला महासचिव मनोज भल्ला को बुधवार को सर्वसम्मति से पुराना सराफा बाजार एसोसिएशन का प्रधान नियुक्त किया गया।

स्वर्णकार संघ तहसील करनाल प्रधान बूटा राम एवं उनकी कार्यकारिणी ने मनोज भल्ला को पुराना सराफा बाजार का प्रधान बनने के पश्चात पुष्पगुच्छ भेंटकर एवं गले में फूल मालाएं डालकर शुभकामनाएं दी। किशोर नागपाल को सरपरस्त, पूर्व प्रधान देवेंद्र वर्मा को चेयरमैन एवं चंद्र प्रकाश अरोड़ा को महासचिव व ललित हसीजा को सचिव नियुक्त किया गया।

## 'पंजीकृत एजेंटों के माध्यम से ही करें विदेश यात्रा'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। उपायुक्त अनीश** यादव ने कहा कि शिक्षा, रोजगार व अन्य उद्देश्य के लिए विदेश जाने के इच्छुक लोग केवल पंजीकृत एजेंटों के माध्यम से ही विदेश यात्रा करें। विदेश भेजने का प्रलोभन देने वाले अनाधिकृत एजेंटों के चंगुल में न फंसे। भारत सरकार व हरियाणा सरकार द्वारा पंजीकृत एजेंटों से ही विदेश जाने के लिए संपर्क करें। उपायुक्त अनीश यादव ने कहा कि जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन की ओर से लगातार इस बारे में लोगों को जागरूक एवं सावधान किया जाता है। प्रायः देखने में आता है कि विदेश भेजने के नाम पर लोगों से पैसे ठगने वाले एजेंट पंजीकृत नहीं होते हैं। इसलिए ऐसे एजेंटों से आमजन सावधान व सतर्क रहें। ऐसे नकली या अनाधिकृत एजेंट विभिन्न प्रचार माध्यमों से अपना विज्ञापन प्रकाशित करवाते हैं, जिससे आमजन आसानी से उनके झांसे में आकर मेहनत की कमाई, संपत्ति व गहने इत्यादि गंवा बैठते हैं। अनाधिकृत एजेंट व एजेंसी विदेश जाने के इच्छुक व्यक्ति को लक्षित देश की बजाए किसी अन्य देश एवं जगह पर भेज देते हैं।

उपायुक्त ने कहा कि अनेक मामलों में कई बार विदेश जाने वाले व्यक्ति की जान को खतरा हो जाता है। इसलिए ऐसे कबूतरबाज एजेंट व एजेंसियों से सावधान रहें और सरकार की ओर से अधिकृत एजेंट एवं एजेंसी के माध्यम से ही विदेश जाने की प्लानिंग करें। उन्होंने बताया कि पंजीकृत एजेंटों की सूची वेबसाइट डबल्यूडबल्यूडबल्यू डॉट ईमिगरेट डॉट जीओवी डॉट इन पर उपलब्ध है।

### किसान फसल अवशेषों का सही तरीके से करें प्रबंधन : अनीश यादव

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। उपायुक्त** अनीश यादव ने बताया कि जिला की मंडियों में गेंहू की आवक शुरू हो चुकी है। मंडियों में गेहूं की आवक के दृष्टिगत जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक प्रबंध पहले से ही पूरे कर लिए गए थे। गत दिवस तक जिले में करीब 7 लाख 39 हजार 329 मीट्रिक टन गेंहू की आवक विभिन्न परचेज सेंटरों व मंडियों में हुई जिसे सरकारी खरीद एजेंसियों द्वारा खरीदा गया। मंडियों से गेहूं उठान तुरंत करवाने के आदेश खरीद एजेंसी को दिए गए हैं।

उन्होंने बताया कि गत दिवस तक जिला में करीब 7 लाख 39 हजार 329 मीट्रिक टन गेंहू मंडियों में आवक हुई जिसमें से खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा 3 लाख 14 हजार 432 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 3 लाख 76 हजार 868 मीट्रिक टन तथा हरियाणा वेयर हाऊस कार्पोरेशन द्वारा 48 हजार 29 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया।

## नई अनाज मंडी में गुरू गोरक्षनाथ स्मृति उत्सव राज्य स्तरीय समारोह आज

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। हरियाणा** सरकार की संत महापुरूष विचार सम्मान एवं प्रसार योजना के तहत 4 मई को प्रातः 10 बजे नई अनाज मंडी में गुरू गोरक्षनाथ स्मृति उत्सव राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस समारोह में मुख्यमंत्री मनोहर लाल बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे तथा उपस्थित जनसमूह को अपना संदेश देंगे। समारोह में स्थानीय जन प्रतिनिधि तथा नेतागण व विभिन्न धार्मिक व सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे और हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे। इस समारोह को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां मुकम्मल कर ली गई हैं तथा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक प्रबंध पूरे कर लिए गए हैं।

उन्होंने बताया कि गुरू गोरक्षनाथ स्मृति उत्सव राज्य स्तरीय समारोह को लेकर अनाज मंडी समारोह स्थल की साज-सज्जा भव्य ढंग से की गई है। लोगों के लिए बैठने की उचित व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल, सुलभ शौचालय का प्रबंध किया गया है। इसके अलावा ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रूप से जारी रखने तथा पार्किंग का उचित प्रबंध किया गया है।

समारोह के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए जिले में सूचना, लोक सम्पर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग की ओर से समारोह स्थल तथा शहर में बड़े-बड़े होर्डिंग्स लगाए गए हैं। इसके अलावा पंडाल के अंदर भारी संख्या में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं तक मुख्य मंच पर आयोजित कार्यक्रम को पहुंचाने के लिए एलईडी लगाई गई है।

### बुधवार को करनाल में मिले कोरोना के 5 नए मामले : डॉ. योगेश

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। सिविल सर्जन** डॉ. योगेश कुमार ने बताया कि बुधवार को जिला में कोरोना के 5 नये पॉजिटिव केस मिले हैं, जबकि 36 व्यक्ति ठीक हुए है।

उन्होंने बताया कि जिले में अब तक 1088393 व्यक्तियों के सैंपल लिए गए हैं तथा पिछले 24 घंटे में 338 सैंपल लिए गए। लिये गए कुल सैंपलों में से अब तक 50681 पॉजिटिव केस सामने आए थे, जिनमें से 49981 मरीज ठीक हो गए हैं। जिला में अब कोरोना वायरस के 96 एक्टिव पॉजिटिव केस हैं।

## लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रैस की स्वतंत्रता आवश्यक : जसबीर कौर

### अंतर्राष्ट्रीय प्रैस स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में हुआ सेमिनार का आयोजन



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया अंतर्राष्ट्रीय** प्रैस स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के एडीआर सैंटर में एक सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय पत्रकारों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सुश्री जसबीर कौर ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

सीजेएम ने मीडिया कर्मियों से बातचीत की और उनकी समस्याओं के बारे में पूछा। उन्होंने पत्रकारों को उनके अधिकारों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रैस लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ है तथा लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रैस की स्वतंत्रता आवश्यक है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जहां मीडिया बंधुओं के लिए अधिकार निर्धारित हैं, वहीं कुछ कर्तव्यों का निर्वहन भी जिम्मेदारी से करना अनिवार्य है। सीजेएम ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि पत्रकारों को तथ्यों के आधार पर ही रिपोर्टिंग करनी चाहिए। समाज में नकारात्मकता का भाव नहीं फैलाना चाहिए तथा सत्यता के साथ ही अपने कार्य का निर्वाहन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मीडिया कर्मियों को दोनों पक्षों को अपना पक्ष रखने का मौका देना चाहिए, तभी सही व्यक्ति को न्याय मिल सकता है। पत्रकारिता समाज सेवा का कार्य है और समाज से बुराइओं को समाप्त करने एवं आम लोगों में जागृत्ति लाने का प्रयास किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कुछ लोग समाज में गुमराह करके भाईचारा खराब करने का काम करते हैं। इसलिए ऐसे माहौल में प्रैस की जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाती है कि वह देश में भाईचारा समाप्त न होने दें।

जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी मनोज कौशिक ने भी मीडिया कर्मियों से बातचीत करते हुए कहा कि मीडिया कर्मियों को समाज को एक अच्छी दिशा में लाने का कार्य करना चाहिए। इस मौके पर सभी मीडिया कर्मियों को प्रशंसा पत्र भी वितरित किए गए।

# 'पंजाबी के शिक्षकों की कमी को पूरा करेंगे'

## इस संबंध में जल्द ही औपचारिकताएं पूरी करके भर्ती प्रक्रिया को शुरू किया जाएगा, मुख्यमंत्री ने जनसंवाद कार्यक्रम के तहत गांव कराह साहिब में सुनीं समस्याएं

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रदेश में पंजाबी विषय के शिक्षकों की कमी को जल्द पूरा किया जाएगा। इसके लिए शिक्षकों को पंजाबी विषय के साथ कोई अन्य दूसरा विषय भी पढ़ाना होगा। इस संबंध में जल्द ही औपचारिकताएं पूरी करके भर्ती प्रक्रिया को शुरू किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने यह अहम फैसला बुधवार को कुरूक्षेत्र जिले के गांव कराह साहिब में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम के दौरान पंजाबी पीजीटी, एचटैट पास करने वाले प्रार्थियों की बात सुनने के बाद लिया। मनोहर लाल ने लोगों की शिकायतें सुन कर अधिकारियों को समाधान करने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि प्रदेश में किसी भी गरीब व्यक्ति के राशन को कोई अपात्र व्यक्ति नहीं ले सकेगा। पात्र व्यक्ति को पारदर्शी प्रणाली के साथ राशन उपलब्ध करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अंत्योदय उत्थान योजना के तहत गांव-गांव में अन्त्योदय मेलों का आयोजन किया जा रहा है। इन मेलों के जरिए



विभिन्न विभागों के माध्यम से लोन व अन्य सहायता देकर रोजगार स्थापित करने में मदद की जा रही है। सरकार का प्रयास है कि प्रत्येक व्यक्ति सक्षम बने व अपना रोजगार स्थापित करे और स्वयं नौकरी करने की बजाय दूसरों को नौकरी देने के योग्य बनें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार लगातार प्रदेश का चहुंमुखी विकास कर रही है। इस गांव में 55 लाख रुपये के विकास कार्य करवाए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र जिले में 48 हजार राशन कार्ड बनाए जा चुके हैं और गांव कराह साहिब में 470 राशन कार्ड बनाए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि सेल्फ हैल्प ग्रुप को लोन देकर रोजगार के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। गांव कराह साहिब में आयुष्मान योजना के तहत 900 आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं, जिसमें से 69 लोगों का 13.17 लाख रुपया बचा है। मुख्यमंत्री के समक्ष स्याना सैयदां सफाई कर्मचारी की विधवा पत्नी ने शिकायत करते हुए कहा कि वह दो साल से बिना वेतन के काम कर रही थी, उसे काम से हटा दिया गया था। मुख्यमंत्री ने उस महिला की शिकायत पर बीडीपीओ को आदेश दिए कि जैसे उसे पहली नौकरी के जिस वेतन पर रखा गया था, उसे उसी वेतन पर दोबारा रखा जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कार्य के लिए राज्यमंत्री संदीप सिंह अपने निजी कोष से एक लाख रुपए की राशि देंगे। इस राशि को बिजली विभाग में जमा करवाना होगा ताकि उसकी समस्या का समाधान हो सके। इस अवसर पर राज्यमंत्री सरदार संदीप सिंह ने मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के प्रयासों से पिहोवा हल्के का चंहुमुखी विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने इस गांव में आने से पहले अपनी गाड़ी को रोककर एक खोखे वाले की समस्या को सुना और उसकी समस्या का समाधान करने के लिए अलग जगह उपलब्ध करवाने के लिए कहा है।

## सीएम ने पिहोवा से करनाल बस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा ग्रामीण अंचल में लोगों की समस्याओं उनके द्वार पर जाकर सुनने की पहल धरातल पर कारगर सिद्ध हो रही है। लोगों की समस्याओं और मांगों पर त्वरित कार्यवाही हो रही है। इसका एक और उदाहरण बुधवार को देखने को मिला जब मुख्यमंत्री ने पिहोवा से करनाल जाने वाली बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह बस पिहोवा से अभिमन्युपुर, अंजनथली होते हुए करनाल पहुंचेगी। दो मई को कुरूक्षेत्र जिले के गांव अभिमन्युपुर में जनसंवाद में ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री के समक्ष अभिमन्युपुर गांव से कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय तथा करनाल तक बस चलाने की मांग की थी। मुख्यमंत्री ने तुरंत रोडवेज महाप्रबंधक को रूट बनाकर बस के आवागमन के निर्देश दिए थे। मात्र एक दिन में ही अपनी मांग पूरी होने पर ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। जनसंवाद कार्यक्रमों में जिस प्रकार मुख्यमंत्री पंचायती अंदाज में गांवों में सभी लोगों के बीच बैठकर परिवार के मुखिया की तरह उनकी समस्याएं और बातों को सुन रहे हैं, उनका यह अंदाज लोगों को खूब रास आ रहा है।

## मुख्यमंत्री से 7 मई तक चर्चा कर निकालेंगे समाधान: रणजीत

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा कौशल रोजगार निगम में ना जोड़े जाने को लेकर अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ हरियाणा संबंधित भारतीय मजदूर संघ थर्मल कर्मचारियों का धरना प्रदर्शन बुधवार को नौवें दिन भी जारी रहा। मंगलवार देर शाम को विद्युत मंत्री रणजीत चौटाला से थर्मल के पदाधिकारी मिलने पहुंचे थे। इस दौरान भारतीय मजदूर संघ उत्तर क्षेत्र संगठन मंत्री पवन कुमार, अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश बालू सहित थर्मल के कर्मचारियों को हरियाणा कौशल रोजगार निगम में शामिल करने के बारे बिजली मंत्री से विस्तार से चर्चा हुई। वही बिजली मंत्री ने आश्वासन दिया कि वह 7 मई तक मुख्यमंत्री एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव विद्युत एवं प्रबंध निदेशक एचपीजीसीएल से विस्तार से चर्चा करके मामले का समाधान करेंगे और जल्द ही दोनों थर्मलो कर्मचारियों को हरियाणा कौशल रोजगार निगम

**▶▶ देर शाम तक कर्मचारियों को अपना समर्थन देने विभिन्न संगठनों के लोग पहुंचते रहे**

में शामिल करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि संगठन की तरफ से जब तक कर्मचारियों को कौशल में शामिल नहीं किया जाएगा, तब तक दोनों थर्मल में कर्मचारियों का धरना प्रदर्शन लगातार जारी रहेगा। नौवें दिन बुधवार को कुरुक्षेत्र से आए सब डिवीजन के पदाधिकारियों जिला अध्यक्ष, जिला सचिव, प्रदेश सचिव व अन्य साथियों द्वारा थर्मल कर्मचारियों व संघ को पूरा पूरा साथ देने की बात कहीं गई । वहीं क्षेत्र से आए पदाधिकारियों द्वारा कर्मचारियों को संबोधित भी किया गया। देर शाम तक कर्मचारियों को अपना समर्थन देने विभिन्न संगठनों के लोग पहुंचते रहे। इस मौके थर्मल प्रधान अविनाश सैनी सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

# किसान एसडीएम व तहसीलदार को दें क्षतिपूर्ति पोर्टल की शिकायत

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
चंडीगढ़, 3 मई (हि.स.)। हरियाणा सरकार किसानों के हितों के प्रति वचनबद्ध है और उनके साथ खड़ी है। पिछले दिनों जिन किसानों की फसलों को बेमौसमी बारिश और ओलावृष्टि से नुकसान हुआ था, सरकार द्वारा उसकी क्षतिपूर्ति की जाएगी। सरकारी प्रवक्ता ने बुधवार को इस बारे में बताया कि उक्त नुकसान की भरपाई के लिए राज्य सरकार ने किसानों की सुविधा के लिए स्वयं किसानों द्वारा अपने नुकसान का ब्यौरा

**▶▶ कोई गड़बड़ी मिलती है तो वे तुरंत अपने क्षेत्र के तहसीलदार या एसडीएम को दें ताकि उसको दुरुस्त किया जा सके**

दर्ज करवाने का विकल्प भी दिया था। कुछ किसानों ने शिकायत की है कि जब वे अपनी फसलों के नुकसान का ब्यौरा ऑनलाइन-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर दर्ज करवाने गए तो पता चला कि उनकी जमीन के मालिक के तौर पर बैंक खाता नंबर तथा मोबाइल नंबर किसी अन्य व्यक्ति ने दर्ज करवा रखा है जो सरासर धोखाधड़ी है। उन्होंने आशंका जताई कि ऐसे मामले अधिकतर उन किसानों के सामने आते हैं जो कम पढ़े-लिखे हैं। प्रवक्ता ने प्रदेश के किसानों को आगाह करते हुए कहा है कि सभी किसान क्षतिपूर्ति पोर्टल पर अपने-अपने बैंक खाता व मोबाइल नंबर की जाँच कर लें, अगर कोई गड़बड़ी मिलती है तो वे तुरंत अपने क्षेत्र के तहसीलदार या एसडीएम को दें ताकि उसको दुरुस्त किया जा सके।

## हरियाणा के 88 शहरी निकायों की प्रॉपर्टी का डाटा ऑनलाइन

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा सरकार ने राज्य की सभी 88 शहरी निकायों की प्रॉपर्टी का डाटा पोर्टल पर लाइव कर दिया है। शहरों के निवासी अपनी-अपनी प्रॉपर्टी की जांच कर सकते हैं। एक सरकारी प्रवक्ता ने बुधवार को यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने बताया कि प्रदेश के शहरी स्थानीय निकाय विभाग ने राज्य के शहरी क्षेत्रों में रहने वाले शहरी प्रॉपर्टी धारकों को अपने प्रॉपर्टी डाटा में सुधार करने के लिए एक अवसर दिया है। वह पोर्टल पर जाकर अपने प्रॉपर्टी डाटा को सत्यापित कर सकते हैं। अगर किसी प्रॉपर्टी धारक को लगता है कि उनकी प्रॉपर्टी के रिकॉर्ड में त्रुटियां हैं तो वह विभाग के पोर्टल पर जाकर सुधार कर सकते हैं।

# सस्ते लोन व स्कीम के लालच मे आकर ना बताए किसी को अपना ओटीपी

**खरखौदा/सोमपाल सैनी**
**सोनीपत** पुलिस ने कन्या महाविद्यालय खरखौदा में किया छात्राओं व स्टाफ को साइबर अपराध से जागरूक,रोजाना बढ़ रहे साइबर क्राइम से जागरूक करने के लिए सोनीपत पुलिस ने आज कन्या महाविद्यालय खरखोदा (सोनीपत) की छात्राओं व महाविद्यालय के स्टाफ को जागरूक किया है। पुलिस की इस मुहिम से एक तरफ जहां अपराध पर अंकुश लगेगा वही आमजन भी जागरूक हो रहे हैं। साइबर क्राइम पर अंकुश लगाने के लिए सोनीपत पुलिस ने एक विशेष अभियान चलाया है। जिसके माध्यम से पुलिस की टीमें सामुहिक स्थलों पर जाकर आमजनों को जागरूक कर



रही है। इसी कड़ी में आज साइबर सेल सोनीपत की टीम ने कन्या महाविद्यालय खरखौदा (सोनीपत) की छात्राओं व महाविद्यालय के स्टाफ को साइबर अपराध से बचने के अनेक तरीके बताएं हैं। साइबर सेल सोनीपत के इंचार्ज ढ/रक कमल ने छात्राओं व स्टाफ को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज देश मे जितना तेजी से डिजिटल लेन देन को बढ़ावा मिला है उतनी ही तेजी से ठगी के नए नए तरीके सामने आ रहे है। इनको सुलझा कर दोषियों को सजा दिलाना पुलिस के लिए बड़ी चुनोती है। खुद को ठगी से बचने के लिए जरूरी हैं

**▶▶ पुलिस की इस मुहिम से एक तरफ जहां अपराध पर अंकुश लगेगा वही आमजन भी जागरूक हो रहे हैं**

जागरूकता व सतर्कता यदि आप स्मार्टफोन रखते है तो हम आपको कुछ ऐसे एप्लीकेशंस के बारे में बताएंगे जिनके माध्यम से ठग मिनटों में आपके खाते की रकम साफ कर रहे हैं। ठग बैंक या किसी अन्य विभाग के अधिकारी बनकर कॉल करते हैं व आपसे कोई ऐसी एप्लीकेशन डाउनलोड करने के लिए कहेंगे ऐप डाउनलोड होने के बाद वह आपसे आईडी व पासवर्ड पूछेंगे जो इन एप्लीकेशन में जरनेट होता है।

# यौन शोषण मामले में सरकार तुरंत आरोपी सांसद पर ले एक्शन: ओपी

## पूर्व सीएम ने कहा : प्रदेश में परिवर्तन की लहर चली, फिर सत्ता में आएगी इनेलो

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**
पूर्व मुख्यमंत्री एवं इनेलो सुप्रीमो ओमप्रकाश चौटाला ने कहा कि भाजपा सरकार ने खेलों को बर्बाद करने का काम किया है। सरकार की नीतियों के विरोध में पहले किसान सड़क पर थे, फिर जवान सड़क पर आए और अब पहलवान भी सड़क पर बैठे हैं। जो भाजपा कभी बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ की बात करती थी, आज वही भाजपा बेटियों का शोषण करने वाले अपने सांसद को बचाने का प्रयास कर रही है। वे बुधवार को फतेहाबाद की जाट धर्मशाला में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। कार्यकर्ता सम्मेलन की अध्यक्षता इनेलो जिला प्रधान बलविन्द्र कैरो ने की। सम्मेलन को संबोधित करते हुए इनेलो सुप्रीमो ओमप्रकाश चौटाला ने कहा कि इनेलो सरकार के समय खिलाडियों को पूरा मान-सम्मान दिया जाता है।

प्रदेश में खेल प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए इनेलो सरकार ने खिलाडियों के हितों के लिए अनेक नीतियों को लागू किया। इसी का परिणाम रहा कि हरियाणा के खिलाडियों खासकर बेटियों ने विभिन्न खेलों में शानदार प्रदर्शन कर देश और प्रदेश का नाम विश्वभर में चमकाने का काम किया। ये खिलाड़ी आज न्याय की मांग को लेकर धरना दे रहे हैं तो भाजपा सरकार आरोपी सांसद के खिलाफ कार्यवाही करने की बजाय मूकदर्शक बनी हुई है।

सरकार को कुश्ती संघ अध्यक्ष पर तुरंत एक्शन लेना चाहिए और उसे गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजना चाहिए। पूर्व सीएम ने कहा कि इनेलो की सरकार बनने पर बुढ़ापा पेंशन 7500 रुपये की जाएगी। इस सरकार ने जिन लोगों की पेंशन काटी है उन लोगों की पेंशन सूद समेत उनके घर पहुंचाने का काम करेंगे। कार्यकताओं से चुनावों की तैयारियों में जुटने का आह्वान करते हुए पूर्व सीएम ने कहा कि आज प्रदेश में परिवर्तन की ब्यार चल चुकी है। इस अवसर पर जिला प्रधान बलविन्द्र कैरो, पूर्व मंत्री रामस्वरूप रामा, पार्टी कार्यालय प्रभारी स. नछत्तर सिंह मल्हाण, हल्काध्यक्ष बीकर सिंह हड़ौली, जगदीश जैलदार, हरी सिंह डांगरा सहित काफी संख्या में इनेलो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अंबाला: ऑस्ट्रेलिया से लौटते ही अनिल विज ने की विकास कार्यों की समीक्षा

## विकास कार्यों में ढिलाई बरतने वाले अधिकारियों व ठेकेदारों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/कैथल**
आस्ट्रेलिया में आयोजित गीता जयंती महोत्सव से लौटते ही हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज एक्शन मोड में दिखे। बुधवार को गृह मंत्री अनिल विज ने अपने आवास पर नगर परिषद एवं अन्य विभागीय अधिकारियों के साथ अम्बाला छावनी विधानसभा में चल रहे विकास कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक की। गृह मंत्री अनिल विज ने अधिकारियों को सख्त हिदायतें देते हुए कहा कि विकास कार्यों में ढिलाई बरतने वाले अधिकारियों व ठेकेदारों को बर्दाशत नहीं किया जाएगा। उन्होंने ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने अम्बाला छावनी क्षेत्र में चल विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने नगर परिषद अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास कार्यों में और तेजी लाई जाए ताकि जल्द कार्य पूर्ण हो सके। उन्होंने मल्टी लेवल पार्किंग में लिफ्ट लगाने को लेकर



अधिकारियों से चर्चा की जिसपर अधिकारियों ने बताया लिफ्ट का टेंडर जल्द अलॉट किया जाएगा। गृह मंत्री अनिल विज ने सुभाष पार्क में टॉय ट्रेन लगाने के निर्देश देते हुए कहा कि टॉय ट्रेन के लिए ट्रैक, स्टेशन एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए, जिससे बच्चे टॉय ट्रेन का भरपूर आनंद उठा सकें। उन्होंने पार्क को नहरी पानी की सप्लाई को जोड़ने के भी निर्देश दिए। इसी प्रकार गृह मंत्री अनिल विज ने ट्रेफिक लाइट, डेयरी शिफ्टिंग, स्ट्राम वॉटर ड्रेनेज प्रोजेक्ट, बाजारों में स्ट्रीट लाइट्स, नाइट फूड स्ट्रीट, शहीद भगत सिंह प्रतिमा लगाने बारे, बैंक स्क्वेयर, साइकिल ट्रैक, बाजारों में सड़कों की मरम्मत, सहित कई मुद्दों पर चर्चा की और विकास कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए.इस अवसर पर नगर परिषद के प्रशासक निर्मल नागर, ईओ रविंद्र कुहार, एक्सईएन अजय पंगाल, जनस्वास्थ्य विभाग के एक्सईएन हरभजन सिंह, डीएसपी रजनीश, सहित भाजपा मंडल अध्यक्ष राजीव गुप्ता डिम्पल, किरणपाल चौहान, अजय पराशर सहित अन्य भाजपा नेता मौजूद रहे।

# रेवाड़ी: बच्चों के झगड़े में पिता-पुत्र को मारा चाकू

**टीम एक्शन इंडिया/रेवाड़ी**
जिला के गांव औलांत में बच्चों के खेलने को लेकर हुए मामूली विवाद में मंगलवार शाम को एक व्यक्ति ने पिता-पुत्र को चाकू मार कर घायल कर दिया। हमले के बाद आरोपी फरार हो गया। घायलों के परिजनों ने दोनों को उपचार के लिए यहां के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया। डहीना चौकी पुलिस मामले की जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार रेवाड़ी जिले के गांव औलांत निवासी राजेंद्र की पोतियां 10 वर्षीय आरवी और 6 वर्षीय माही घर के पास ही गली में खेल रही थीं। तभी पड़ोस में रहने वाले राजेश नाम के शख्स ने दोनों बच्चों को गाली देकर वहां से भगा दिया और आइंदा गली में खेलने से मना कर दिया। उनकी पोती आरवी व माही ने बताया कि राजेश उन्हें खेलने नहीं दे रहा है और गलत बोल रहा है। इसी बात को लेकर राजेंद्र की पत्नी संतोष शिकायत लेकर राजेश के पास पहुंची।आरोप है कि राजेश और उसकी पत्नी डिंपल दोनों ने मिल कर संतोष को थप्पड़-मुक्के मारे।

# कोरोना संक्रमित 22 नए रोगी मिले, जिले में अब 74 केस एक्टिव

**टीम एक्शन इंडिया/ कैथल**
**कैथल** में बुधवार कोरोना संक्रमण के 22 नए रोगी मिले हैं, जबकि 17 रोगी स्वस्थ हुए हैं। अब कुल 74 रोगी एक्टिव हैं, जिन्हें होम आइसोलेशन में रखा गया है। उपायुक्त जगदीश शर्मा ने अस्पताल के सूत्रों के हवाले से बताया कि अब यहां कोरोना पॉजिटिव रोगियों की कुल संख्या 15442 हो गई है, जबकि 14990 रोगी स्वस्थ होकर अपने घरों को लौट चुके हैं।

**▶▶ कोरोना के बढ़ते केसों को देखते हुए कोरोना के नियमों का पालन करें। सामाजिक दूरी बनाकर रखें, मास्क पहनें**

कैथल में अब तक कोरोना से 378 रोगियों की मौत हो चुकी है। कोरोना रोगियों की रिकवरी दर 97 प्रतिशत, जबकि मृत्यु दर 2.4 प्रतिशत और पॉजिटिव केसों की दर 2.8 प्रतिशत है। जिले में अब तक कुल 549412 लोगों के सेंपल लिए गए हैं, जिसमें से 14262 लोग पॉजिटिव मिले हैं, जबकि 534048 सेंपल नेगेटिव आए हैं। 1102 सेंपल के रिजल्ट आने अभी बाकी हैं। कुल 301 लोगों के सेंपल लिए गए हैं। उपायुक्त ने आमजन से अपील की है कि कोरोना के बढ़ते केसों को देखते हुए कोरोना के नियमों का पालन करें। सामाजिक दूरी बनाकर रखें, मास्क पहनें। कोरोना फैलने से रोकने में मदद करें।

# सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट डालने का आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/यमुनानगर**
सिख धर्म को लेकर सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट डालने और अभद्र टिप्पणी करने वाले आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर बुधवार को सिख समाज के लोग बड़ी संख्या में सदर थाना जगाधरी का घेराव करने पहुंचे। वहीं थाना प्रभारी कुसुम बाला ने बताया कि आरोपी गौरव पंडित को गिरफ्तार कर लिया गया है और पूछताछ जारी है। गौरतलब है कि गांव महिलावाली के शिकायतकर्ता सुखजिंदर सिंह ने शिकायत की थी कि 7 दिन पहले साढ़ौरा थाने के गांव हैबतपुर में रहने वाले गौरव पंडित नामक युवक की आईडी से सोशल मीडिया पर सिख गुरू और सिख धर्म को लेकर आपत्तिजनक पोस्ट डाली गई थी, जिसमें अभद्र भाषा लिखी हुई थी। इसमें एक गुरुद्वारे में हुई गुरु ग्रंथ साहिब की बेदबी के मामले का भी जिक्र उसने अपनी पोस्ट में किया हुआ था, जिसे वह सही बता रहा है। वहीं गुरुद्वारे के पाठी से वहां हुई मारपीट को भी सही बताया था। किसान नेता मंदीप सिंह रोड छप्पर ने कहा कि इस तरह की गतिविधियों को बिलकुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस तरह की पोस्ट से हमारी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची है। हमारा सिख धर्म और समाज न तो किसी अन्य धर्म का विरोध करता है और ही न ही किसी अन्य धर्म का अपमान करता है। हम अपने गुरुओं और धर्म का तिरस्कार बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेंगे। जगाधरी सदर थाना प्रभारी कुसुम बाला ने कहा कि इस आरोपी गौरव पंडित के खिलाफ केस दर्ज किया हुआ था और उसकी तलाश जारी थी, जिसे मंगलवार रात को गिरफ्तार कर लिया गया। कानून अनुसार उचित कार्रवाई की जाएगी।

# सोनाली मर्डर केस के आरोपित सुखविन्द्र की जमानत मंजूर

## बुधवार को गोवा हाईकोर्ट ने उसकी याचिका पर सुनवाई करते हुए जमानत मंजूर की। सुखविंदर जेल से लगभग नौ माह बाद रिहा होगा

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
भाजपा नेत्री एवं टिकटॉक स्टार रही सोनाली फोगाट मर्डर केस में आरोपित सुखविन्द्र को जमानत मिल गई है। बुधवार को गोवा हाईकोर्ट ने उसकी याचिका पर सुनवाई करते हुए जमानत मंजूर की। सुखविंदर जेल से लगभग नौ माह बाद रिहा होगा। जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान सीबीआई और सुखविंदर के वकीलों के बीच बहस हुई। सीबीआई ने जमानत का विरोध किया। दोनों पक्षों के बीच मंगलवार को बहस हुई थी, परंतु बहस पूरी न होने के चलते बुधवार को फिर से मामले पर सुनवाई हुई। सुखविंदर

**▶▶ सोनाली के भाई रिंकू ने गोवा पुलिस में शिकायत देकर सुधीर सांगवान और सुखविंदर के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करवाया था। सोनाली की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसके शरीर पर चोट के निशान मिले थे**

के वकील सुखवंत सिंह दांगी ने बताया कि उसे जमानत मिल गई है। जमानत की शर्तें क्या होंगी, वह ऑर्डर मिलने के बाद ही बताया जा सकेगा। सुखविंदर को ड्रग्स केस में पहले ही जमानत मिल चुकी है।इससे पहले उसकी जमानत सेशन कोर्ट ने 16 फरवरी को खारिज कर दी थी। सीबीआई ने जमानत का विरोध किया था और जवाब दायर किया था कि जमानत मिलने पर आरोपी गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं। दूसरी ओर बचाव पक्ष के एडवोकेट सुखवंत सिंह दांगी ने कोर्ट में दलीलें दी कि इस केस में सुखविंदर को झूठा फंसाया गया है। दांगी के अनुसार सीबीआई ने अपनी चार्जशीट भी दायर कर दी है, लेकिन उसमें कहीं पर भी सीबीआई इस मर्डर का मोटिव नहीं दिखा पाई। इसलिए यह मर्डर नहीं है और उनके मुवक्किल को जानबूझकर एक साजिश के तहत फंसाया गया है।

सोनाली मर्डर केस में सीबीआई ने 22 नवंबर को गोवा की अदालत में सुधीर सांगवान और सुखविंदर के खिलाफ चार्जशीट पेश की थी। यह चार्जशीट गोवा के मापूसा कोर्ट में फर्स्ट क्लास ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश की गई। सुधीर और सुखविंदर कोलवेल जेल में हैं। दोनों के खिलाफ 2500 पेज की चार्जशीट पेश की गई है। इसमें दोनों के स्टेटमेंट भी रिकॉर्ड हैं। सीबीआई ने गोवा पुलिस के सभी दस्तावेजों को एग्जामिन भी किया है। सोनाली फोगाट का पिछले वर्ष 22-23 अगस्त को गोवा में मर्डर हुआ था। उस समय गोवा में उसके साथ उसका पीए सुधीर सांगवान और सुखविंदर था। सोनाली के परिवार का आरोप है कि सुधीर और सुखविंदर ने उसका मर्डर किया है। सुधीर सोनाली की प्रोपर्टी हड़पना चाहता है, इसलिए उसने सोनाली को ड्रग्स देकर हत्या की है। आरोप था कि उसे जबरन ड्रग्स दिया गया है व दोनों ही ये ड्रग्स खरीदकर लाए थे। सोनाली के भाई रिंकू ने गोवा पुलिस में शिकायत देकर सुधीर सांगवान और सुखविंदर के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करवाया था। सोनाली की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसके शरीर पर चोट के निशान मिले थे।

# 'प्रदेशभर में 80 प्रतिशत गेहूं का हो चुका उठान'



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**आबकारी एवं** कराधान विभाग के संसाधन भवन के लोकार्पण समारोह के दौरान पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए हरियाणा के उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि प्रदेशभर में गेहूं का 80 प्रतिशत उठान हो चुका है। तीव्र बरसात से गेहूं को नुकसान से बचान के लिए सभी मंडियों में पर्याप्त व्यवस्था की गई, जिससे गेहूं को संरक्षित रखने में विशेष मदद मिली। साथ ही 92 प्रतिशत किसानों के खातों में गेहूं खरीद का करीब नौ हजार करोड़ रुपया सीधा उनके खातों में भेजा जा चुका है।
संसाधन भवन में पत्रकारों से विशेष बातचीत करते हुए उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि हमारी सरकार किसान हितकारी है, जिसके लिए किसान सर्वोपरि हैं। पहले हुई बारिश से किसानों को हुए नुकसान की भरपाई सरकार कर रही है। यदि अब कोई नुकसान होगा तो उसकी भरपाई भी सरकार करेगी। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि हरियाणा के किसानों की पूरी फसल की खरीद सरकार करेगी। जानकारी मिली है कि 46 हजार एमटी गेहूं और आया है जो कि गैर-पंजीकृत है। ऐसे में कोई नीति बनाकर फैसला लेते हुए खरीद करेंगे। प्रदेश के किसानों को चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने बताया कि किसानों की गेहूं की फसल खरीद का पैसा सीधा उनके खातों में प्रेषित किया जा रहा है। सरसों की पूरी खरीद करके किसानों के खातों में 1300 करोड़ रुपये भेजे गए। साथ ही उन्होंने बताया कि बारिश से गेहूं को बचाने के लिए सभी मंडियों में पर्याप्त व्यवस्था की गई थी। मात्र 13 मंडियों में अत्यधिक बारिश के कारण नीचे पानी जाने की सूचना अवश्य मिली है, जिससे हलकी समस्या हो सकती है। खुले में कोई गेहूं नहीं रहने दिया गया। इस दौरान उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने सोनीपत के विकास को सुदृढ़ करने के लिए तैयार रोड परियोजनाओं की विशेष रूप से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि खरखौदा के बाईपास सात करोड़ रुपये की लागत से दुरुस्त किये जायेंगे।

विधायकों तथा अधिकारियों से विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के सडकमार्गों के लिए प्राप्त मांगों को स्वीकारते हुए सडकों को 80 करोड़ रुपये की लागत से पुर्ननिर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारे अधिकारी अच्छा काम कर रहे हैं, जिससे लोगों को बेहतरीन सुविधाएं मिल रही हैं। साथ ही उन्होंने बताा कि सोनीपत का एक्साईज रेवेन्यू 9200 करोड़ रुपये एकत्रित किया गया, जिसे आने वाले दिनों में दस हजार करोड़ रुपये तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। प्रदेश के रेवेन्यू में भी वृद्धि हुई है। मॉनिटरिंग को और बेहतर किया जाएगा, ताकि रेवेन्यू दर को और बढ़ोतरी प्रदान की जा सके। उन्होंने करदाताओं से भी अपील की कि वे नियमित तौर पर कर अदा करें। इसके अलावा उप-मुख्यमंत्री ने बताया कि देशभर में हरियाणा की ग्रोथ रेट सर्वाधिक 22 प्रतिशत है। रेवेन्यू एकत्रिकरण में 33 हजार करोड़ रुपये का आंकड़ा छू लिया है। अब इसे 40 हजार करोड़ तक लेकर जाएंगे।

**▶▶ मॉनिटरिंग को और बेहतर किया जाएगा, ताकि रेवेन्यू दर को और बढ़ोतरी प्रदान की जा सके**

# खाद्य एवं आपूर्ति विभाग व बिजली शहरी कार्यालय पर एसडीएम ने किया निरीक्षण

## खाद्य एवं आपूर्ति विभाग में महज दो चौकीदार के अलावा सब कर्मचारी नदारद, बिजली विभाग शहरी कार्यालय की व्यवस्था की सराहना की



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
**एसडीएम डॉक्टर** अनुपमा मलिक ने बुधवार को उपमंडल के सरकारी कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान खाद्य एवं पूर्ति विभाग के कार्यालय में महज दो चौकीदार हाजिर मिले बाकी सभी कर्मचारी व अधिकारी नदारद मिले। एसडीएम ने बिजली विभाग के शहरी कार्यालय का भी निरीक्षण किया यहां पर सभी कर्मचारी व अधिकारी हाजिर मिले। एसडीएम ने बिजली विभाग का रिकॉर्ड भी खंगाला बिजली विभाग के रिकॉर्ड व कर्मचारियों की उपस्थिति देखकर उन्होंने उनकी तारीफ की और अन्य सरकारी कार्यालयों के कर्मचारियों को बिजली विभाग से सीखने की नसीयत दे डाली। एसडीएम ने गैरहाजिर मिले अधिकारी व कर्मचारियों को नोटिस देकर जवाब तलब किया है। एसडीएम ने सभी कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए थे कि समय पर कार्यालय पहुंचे ताकि जनता को कोई परेशानी न हो।

ज्ञात रहे कि डा.अनुपमा मलिक ने जब से गन्नौर के एसडीएम का कार्यभार संभाला है वो तभी से जनहित में लोगों की सहूलियत के लिए सरकारी कार्यालयों में छापेमारी करके अधिकारी व कर्मचारियों को समय पर कार्यालयों में पहुंच कर लोगों तक सरकारी योजनाओं को पहुंचाने का प्रयास कर रही है। लेकिन कुछ विभागों के कर्मचारी व अधिकारी है कि अपनी हरकतों से बाज नही आ रहे और पहले कि तरह लेटलतीफ कार्यालयों में आ रहे है।

एसडीएम ने कहा कि उनका ये छापेमारी का अभियान आगे भी जारी रहेगा और भविष्य में लेटलतीफ व गैर हाजिर मिलने कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्यवाई की जाएगी।

**गोदाम में हुक्का, राख व उपले मिलने पर एसडीएम का गुस्सा सातवें आसमान पर:** खाद्य एवं पूर्ति विभाग के गोदाम में हुक्का, राख व उपले मिलने पर एसडीएम का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया। चौकीदार को फटकार लगाते हुए हुक्के को तुरंत वहां से हटाने के निर्देश देते हुए कहा कि अगली दफा हुक्का मिला तो उनके खिलाफ कार्यवाई की जाएगी।

## न्यूज फ्लैश

### अवैध रूप से निर्मित भवनों, चार दीवारी व प्लाटों की नींव को डीटीपी की टीम ने किया ध्वस्त

**गन्नौर।** जीटी रोड पर आनंदमूर्ति गुरूमां आश्रम रोड पर अवैध रूप से निर्मित भवनों, चार दीवारी व प्लाटों की नींवो को जिला नगर योजनाकार विभाग की टीम ने गिरा दिया। जिला नगर योजनाकार अधिकारी ललित बजाड़ के नेतृत्व में अवैध रूप से बने फार्म हाउस, प्लाटों की चार दिवारी व नींव पर पीला पंजा चलवा कर पूरी तरह से गिरवा दिया। सुरक्षा की दृष्टि से बड़ी थाना पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा। इसके बाद टीम ने जीटी रोड के साथ टेहा गांव की जमीन पर काटी जा रही अवैध कालोनी में पहुंची। जहां टीम ने वहां भी प्लाटों की नींव व चार दीवारी को ध्वस्त कर दिया। अवैध रूप से निर्मित दो ढाबों को भी खाली करने के लिए सात दिन का समय दिया: इसके साथ जीटी रोड पर कालोनी के साथ लगे अवैध रूप से निर्मित दो ढाबों को भी खाली करने के लिए सात दिन का समय दिया। उन्होंने चेताया कि यदि सात दिन में ढाबे नहीं हटाए गए तो विभाग द्वारा उन पर पील पंजा चलवाया जाएगा। कार्रवाई के दौरान टीम ने अवैध रूप से भरी गई 55 नींव, 3 फार्म हाउस व 7 चार दिवारी को ढहाया गया। अवैध कालोनियों में प्लॉट खरीदना कितना नुकसानदायक : बजाड़: जिला नगर योजनाकार अधिकारी ललित बजाड़ ने चेताया कि विभाग की कार्रवाई से सामान्य जनता में एक संदेश जा रहा है कि अवैध कालोनियों में प्लॉट खरीदना कितना नुकसानदायक साबित हो सकता है। विभाग द्वारा की जा रही तोड़फोड़ में और सख्ती बरती जाएगी ताकि अवैध कालोनी काटने व उसमें निर्माण करने वालों पर रोक लगाई जा सके। जिला योजनाकार ललित बजाड़ ने बताया कि विभाग द्वारा अवैध कालोनियों व निमार्णों को ध्वस्त किया जा रहा है। यह कार्रवाही शहरी क्षेत्र व नियंत्रित क्षेत्र अधिनियम के तहत की गई है।

### हेफड़ की लापरवाही झेल रहे हैं किसान व आढ़ती, सड़ रहा है अनाज

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) पिछले चार दिन से हो रही** बूंदाबादी से जहां मौसम में ठंडक हो गई है वहीं बारिश के चलते अनाज मण्डी अंबाला शहर में आडतियों की परेशानियां बढ़ गई हैं। मडियों में खरीदी गई अनाज का 40 प्रतिशत हिस्सा खराब हो गया है। हालांकि आडतियों ने अनाज को बोरियों से ढक कर रखा हुआ है लेकिन प्रयाप्त बचाव संसाधन न होने व समय पर उठान न होने के कारण अनाज भीग गया है। मंडी आडती भारतभूषण का कहना है कि बारिश के चलते मंडियों में रखा अनाज लगातार भीग रहा है। जिसके कारण आडतियों को बहुत परेशानी हो रही है। उनका कहना कि सरकार की लापवाही के कारण मंडियों में रखे अनाज का उठान समय पर नहीं किया जा रहा है अनाज उठाने वाला ठेकेदार भी उनके काबू में नहीं है जिसके कारण अनाज उठान होना अभी संभव नहीं हो पाया है। उन्होंने यह भी बताया कि लगभग 40 प्रतिशत अनाज है जो कि मडियों में खराब हो गया है।

जिसमें अंकूर भी निकल आए हैं। उनका यह भी कहना है कि अब यही खराब अनाज सरकारी डिपो मे भेजा कर गरीबों को बांटा जाएगा। आड़तियों का कहना है कि जमीदार भी पैसों के लिए उनको परेशान कर रहे हैं उनका कहना है कि 72 घण्टों में उन्हे पेयमेट भेजने का दावा किया गया था लेकिन अभी तक उनके खातों में पेयमेंट नहीं आई है। अनाज का उठान न होने के कारण आड़तियों के साथ-साथ जमीदार भी परेशान है।

### साहा का मनप्रीत नशीले पदार्थों सहित काबू

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** नशीले पदार्थ स्पलाई करने के आरोपी गांव साहा के मनप्रीत उफ लक्की को एंटी नारकोटिक्स सैल की टीम ने गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया जहां से उसे हिरासत में भेज दिया गया। एंटी नारकोटिक सैल की टीम मुलाना एरिया में गश्त पर तैनात थी। इसी दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि मनप्रीत उर्फ लक्की अपनी ससुराल यमुनानगर से बच्चों सहित आ रहा है। वह इस एरिया में नशीले कैप्सूल व गोलियां बेचने का काम करता है और वह आज भी इसी रास्ते से वह नशे की दवाई बेचने जा रहा है। तभी छब की टीम ने नेशनल हाईवे गांव सुहाना टी पॉइंट के पास नाकाबंदी कर आरोपी को रोकने का प्रयास किया। लेकिन वह पुलिस को धोखा देने की फिराक निकलने लगा बारिश की वजह से एक्टिवा से गिर गया और उसे चोटें भी आई। इस बीच आरोपी पर काबू पा लिया गया। एक्टिवा की तलाशी लेने पर डिग्गी के अंदर से एक पॉलीथिन बरामद हुआ, जिसमें ट्रामाडोल समेत नशीली दवा के 125 पत्ते बरामद हुए। इन पत्तों में कुल एक हजार कैप्सूल मिले।

# मिक्स जूनियर डोजबॉल नेशनल चैंपियनशिप द्वितीय स्थान प्राप्त छात्रों का भव्य स्वागत



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**अपोलो** इंटरनेशनल स्कूल बड़ी के छात्रों ने पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ हुई लड़के व लड़कियों की मिक्स जूनियर डोजबॉल नेशनल चैंपियनशिप द्वितीय स्थान प्राप्त छात्रों का गन्नौर रेलवे स्टेशन पर ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया गया। नगरपालिका के चेयरमैन अरुण त्यागी, चेयरमैन निगरानी कमेटी गन्नौर विद्या भूषण हसीजा, जीआरपी चौकी प्रभारी सुरेश के अलावा अभिभावकों, शहर के गणमान्य लोगों ने विजेता खिलाड़ी अंशिका ,अंजलि ,राशि ,अरमान ,कुशल, तनुज, अपूर्वी, पावनी, चांद का नोटों व फूलमालाओं से स्वागत किया। विजेता छात्रों को खुली जीप में गन्नौर की रेलवे स्टेशन से लेकर विद्यालय तक खुली जीप में ले जाया गया। स्कूल की प्रधानाचार्या रजनी शर्मा ने कार्यक्रम में आए सभी अभिभावकों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से बच्चों की सकारात्मक ऊर्जा को बढ़ाता है और उन्हें लक्ष्य प्राप्ति के लिए सकारात्मक हौसले के साथ -साथ सकारात्मक डगर भी दिखाता है। मिक्स जूनियर डोजबॉल नेशनल चैंपियनशिप बॉयज एंड गर्ल्ज प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त करके विद्यालय के गौरव और मान को बढ़ाया है। प्रधानाचार्या ने कहा कि स्कूल के छात्र विभिन्न खेलो में पदक जीतकर स्कूल का नाम रौशन कर रहे है। यह विद्यालय के लिए बड़े गौरव की बात है।

## डॉ पंकज जैन ने निलोठी गांव में चलाया जनसंपर्क अभियान

**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।**
**हरियाणा** की मनोहर व केंद्र की मोदी सरकार सबका साथ - सबका विकास व सबका विश्वास की नीति को धरातल पर साकार करने का काम कर रही है।
मनोहर व मोदी सरकार कल्याणकारी नीतियों के माध्यम से सभी वर्गो को लाभान्वित करने का काम कर रही है। यह बात वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ पंकज जैन ने जनसंपर्क अभियान के दौरान हलके के गांव निलोठी में ब्रह्म समाज के लोगों को मनोहर व मोदी सरकार की कल्याणकारी नीतियों की जानकारी देते हुए कही। जनसंपर्क अभियान के तहत निलोठी गांव में पहुंचे भाजपा नेता डॉ पंकज जैन का ब्रह्म समाज के लोगों ने जोरदार स्वागत किया। भाजपा नेता डॉ पंकज जैन ने जनसंपर्क अभियान के दौरान लोगों से बातचीत करते हुए कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व तथा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ के कुशल मार्गदर्शन में हरियाणा की बीजेपी सरकार अंतोदय की भावना को ध्यान में रखते हुए सर्व समाज की भलाई का काम कर रही है। भाजपा सरकार से हरियाणा की 36 बिरादरी सहित सभी वर्ग खुश है।

# नवनीत को पुर्तगाल भेजने के नाम पर 12 लाख की ठगी

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) कबूतरबाज** युवकों को विदेश भेजना का सपना दिखा लाखों रुपए की धोखाधड़ी तो कर ही रहे हैं। साथ ही उन्हें मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित भी कर रहे हैं। अंबाला में भी युवक को सर्बिया में 6 माह तक बंधक बनाकर मारपीट करने का मामला सामने आया है।
आरोपियों ने युवक को 8 लाख रुपए में पुर्तगाल भेजने की बात कही थी। उन्होंने उसके परिजनों से 12 लाख भी हड़प लिए और पुर्तगाल भी नहीं भेजा।
जब आरोपियों से रकम वापस मांगी तो धमकी दी कि शुक्र करो कि जिंदा लौट आया। अगर कहीं शिकायत या कोई कार्रवाई की तो पूरे परिवार को जान से मार देंगे। युवक की मां ने एसपी को शिकायत सौंप कार्रवाई की मांग की है। एसपी अंबाला को सौंपी शिकायत में गांव सैन माजरा निवासी राजविंदर कौर ने बताया कि उसका पति मजदूरी करता है। उसका बेटा नवनीत सिंह रोजगार के लिए विदेश जाना चाहता था।
इस दौरान उनकी मुलाकात मॉडल टाउन पानीपत निवासी दलीप सिंह और रमेश कुमार से हुई। दोनों आरोपियों ने बताया कि उनके एंबेसी और विदेशों में अच्छे संबंध है और वे नवनीत को पुर्तगाल भेज देंगे। महिला ने बताया कि आरोपियों ने पुर्तगाल भेजने के लिए 8 लाख रुपए की डिमांड की। उन्होंने 8 लाख रुपए उधार लेकर आरोपियों को दिए थे। इसके बाद एजेंट ने 25 नवंबर 2021 को उसके बेटे को पुर्तगाल की जगह सर्बिया भेज दिया। आरोप है कि यहां 6 माह तक बंधक बना कर रखा गया। मारपीट करके डराया-धमकाया गया। यही नहीं, खाने के लिए भोजन तक नहीं दिया गया। जब उन्होंने आरोपियों से बात की तो उन्होंने 4 लाख रुपए और की डिमांड की। उन्होंने बेटे की जान बचाने के लिए 4 लाख रुपए और ट्रांसफर कर दिए।

## प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) राजकीय** बहुतकनीकी अंबाला शहर मे आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत ' टैलेंट शो 2023 ' के तहत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे बहुत बड़ी संख्या मे विद्यार्थियो ने भाग लिया । इस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का विषय ड़ा भीमराव आम्बेडकर भारतीय संविधान के शिल्पकार थे । इस प्रतियोगिता मे न्यायधीश की भुमिका मुनीष गुप्ता विभागाध्यक्ष कंम्प्यूटर विभाग व शीशपाल ने निभाई । इस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के संयोजक अनिश सैनी व कुमारी सईद नादिया अली थी।

# बजाना खुर्द गांव के खेत में पेड़ पर लटका मिला व्यक्ति का शव

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
**बजाना खुर्द** गांव में बुधवार को एक व्यक्ति का शव उसी के खेत में पेड़ पर लटका हुआ मिला। मृतक जयप्रकाश बजाना खुर्द का ही रहने वाला है। सूचना मिलने के बाद थाना गन्नौर प्रभारी रवि कुमार व खुबडू झाल पुलिस चौकी प्रभारी एसआई रविंद्र पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जयप्रकाश के स्वजन ने पुलिस के समक्ष जयप्रकाश की हत्या होने की आशंका जताई। जिसके बाद पुलिस ने एफएसएल टीम के साथ ही डाग स्क्वेड को भी मौके पर बुलाया। एफएसएल टीम व डाग स्क्वेड द्वारा छानबीन करने के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सोनीपत के सिविल अस्पताल में भिजवा दिया। स्वजन ने मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराने की मांग की है। ज्ञात रहे कि जयप्रकाश पर पिछले कुछ दिनों से गांव के साहिल नाम की युवक का हत्या करने का आरोप लग रहा था। साहिल के स्वजन जयप्रकाश पर साहिल की हत्या करने का आरोप लगा रहे थे। साहिल के स्वजन ने मंगलवार को पुलिस द्वारा जयप्रकाश के खिलाफ कार्रवाई न किए जाने के विरोध में मंगलवार को लघु सचिवालय में प्रदर्शन भी किया था।

साहिल की सड़क दुर्घटना में मृत्यू होने का मामला है दर्ज
गत 17 अप्रैल को तरह साहिल जयप्रकाश के ट्रैक्टर पर काम करने के लिए गया हुआ था, लेकिन शाम तक वापिस नहीं लौटा। मंगलवार की सुबह साहिल बजाना खुर्द रोड पर मृत अवस्था में पड़ा था। साहिल के पिता ने उस समय ब्यान दिए थे कि उसके बेटे की मौत अज्ञात वाहन की चपेट में आने की वजह से हुई है। जिस पर थाना गन्नौर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया था, लेकिन उसके बाद साहिल के स्वजन ने जयप्रकाश पर साहिल की हत्या करने का आरोप लगाना शुरू कर दिया था।

**वह अभी कुछ कहने की स्थिती में नहीं है :** मृतक जयप्रकाश गांव के सरपंच नीरज शर्मा का रिश्ते में भतीजा लगता था।
सरपंच नीरज शर्मा का कहना है कि वह अभी कुछ कहने की स्थिती में नहीं है। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद ही आगामी कार्रवाई की जाएगी।

## ओम शांति शिक्षा सदन में मंत्र उच्चारण प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

**टीम एक्शन इंडिया/राई।**
**ओम शांति** शिक्षा सदन नाथूपुर में मनोज गर्ग के नेतृत्व में मंत्र एवं भजन उच्चारण प्रतियोगिता बड़े ही हर्षोल्लास के साथ आयोजित हुई। प्रतियोगिता में कक्षा छठी से नौवीं के छात्रों ने गायन शैली में रुचि दिखाते हुए भाग लिया। इस अवसर पर संस्कृत विद्वान वारिदत्तशास्त्री, विवेक,स्कूल प्रबंधक योगराज भारद्वाज प्रधानाचार्य राजेश गुप्ता ने प्रतिभागी छात्रों का हौसल्ला बढ़ाया। भजन एवं मंत्र उच्चारण की प्रतियोगिता में मंच संचालिका की भूमिका कुमारी अनुष्का व इशिका ने सफलतापूर्वक निभाई। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अनेक इष्ट देवों के मंत्र एवं भजन जैसे सरस्वती वंदना, गायत्री मंत्र ,महामृत्युंजय मंत्र, आरती ,शिव तांडव, हनुमान चालीसा व श्याम भजनों पर अपनी प्रस्तुति देते हुए पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। प्रतियोगिता में अपनी गायन शैली रुचि व प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए प्रथम स्थान जूही, शगुन ,वैष्णवी द्वितीय स्थान स्वाति एवं तृतीय स्थान अंजू ,सुप्रिया ने प्राप्त किया।
प्रधानाचार्य ने विजेता छात्रों को बधाई देते हुए एवं पुरस्कृत करते हुए कहा कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य सनातन धर्म से अवगत करवाना व हिंदुत्व की भावना को बढ़ाना है। जिससे सभी छात्रों में भगवान के प्रति आस्था वह स्वयं को भारतवासी होने पर गर्व महसूस हो। अंत में एक बार पुनः प्राचार्य जी ने आए हुए अतिथियों का दिल की गहराइयों से धन्यवाद किया। व परमपिता परमात्मा से छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना की।

**▶▶ अंत में एक बार पुनः प्राचार्य जी ने आए हुए अतिथियों का दिल की गहराइयों से धन्यवाद किया**

# 'मनुष्य जीवन की उत्कृष्टता दूसरों के लिए जीवन जीने में निहित'

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) संस्कृति उत्थान** न्यास हरियाणा प्रांत एवं एसडी कॉलेज, अम्बाला के संयुक्त तत्वावधान में एसडी कॉलेज अम्बाला में राष्ट्रीय शिक्षा के संदर्भ में शिक्षा में आत्मनिर्भरता विषय पर आजादी के अमृत महोत्सव के तहत दो दिवसीय ज्ञानोत्सव 2080 का समापन हुआ। इस मौके पर हरियाणा उच्च शिक्षा परिषद के उपाध्यक्ष व केयू के पूर्व कुलपति प्रो. कैलाश चन्द्र शर्मा ने कहा कि मनुष्य के जीवन की उत्कृष्टता अपने लिए नहीं बल्कि दूसरों के लिए जीवन जीने में है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 शिक्षा संवेदनाओं की ओर ले जाते हुए मनुष्य के चरित्र की उत्कृष्टता का निर्माण करेगी। वहीं एनईपी के आने से युवाओं में सर्वांगीण विकास, समग्र विकास, शिक्षा, गुरु-शिष्य परम्परा, चरित्र निर्माण का समावेश हुआ है।
उत्तर क्षेत्र के संयोजक भाई जगराम ने उपस्थित विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि जब मनुष्य अपनी अंतरात्मा से जुड़ेगा तभी उसे कर्त्तव्य बोध होगा। उन्होंने कहा कि सीमा पर खडे. सैनिक की भांति मनुष्य को अपनेपन का भाव जागृत करने की जरूरत है। भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां सोनीपत की कुलपति प्रो. सुदेश छिक्कारा ने दूसरे सत्र की अध्यक्षता करते हुए कहा कि भारत की आत्मनिर्भरता की आकांक्षा ग्लोबलिज्म (वैश्विकता) को नए सिरे से मजबूत करेगी तथा इस अभियान के द्वारा इंडस्ट्री 4.0 (चौथी औद्योगिक क्रांति) से भी बहुत बड़ी मदद मिलेगी।
कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि ब्रज प्रांत संयोजक डॉ. अलंकार ने हरियाणा प्रांत के उत्थान न्यास के ज्ञानोत्सव 2080 के भव्य आयोजन एवं नवाचार एवं उद्यमिता पर आधारित छात्रों द्वारा लगाई प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए सभी कार्यकत्ताओं की सराहना एवं प्रशंसा की। जीजेयू के पूर्व कुलपति डॉ. राधेश्याम शर्मा ने कहा कि एनईपी 2020 के विषय में तथा आर्य कॉलेज से डॉ. अनुपमा आर्य ने न्यास के उद्देश्य के बारे में बताया।
वहीं उत्थान न्यास हरियाणा प्रांत के संरक्षक प्रो. विवेक कोहली ने कहा कि अपनी क्षमताओं को जानना ही आत्मनिर्भरता है। केयू प्रो. पवन शर्मा ने भारतीय ज्ञान परम्परा के प्रमुख सात तत्वों का उल्लेख किया। डॉ. गजराज सिंह आर्य व डॉ. संजय कौशिक ने शिक्षकों के दायित्व के बारे में बताया। इस अवसर पर केयू प्रो. मंजूला चौधरी ने भारतीय प्रबन्धन की दृष्टि एवं ग्रामीण तकनीकी प्रोत्साहन से आत्मनिर्भर भारत की पृष्ठभूमि पर व्याख्यान दिया।

## फ्रेंडशिप ऐप पर कॉल करना पड़ा भारी, वीडियो बना किया वायरल

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) वॉट्सऐप** पर व्यक्ति से न्यूड वीडियो कॉल करके ब्लैकमेल कर पैसें ऐंठने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस को दी शिकायत में चेन्नई निवासी एम लोकेश ने बताया कि उसकी चेन्नई में उसकी एक दुकान है। उसने करीब 20 दिन पहले डेटिंग वेबसाइट॒नंबाुनंबा.बवउ पर रजिस्ट्रेशन किया था। उसी सोशल वेबसाइट के जरिए उसकी मुलाकात महिला से हई थी। इस वेबसाइट के जरिए अंकिता नाम की महिला का मैसेज आया। महिला ने बताया था कि वह पार्लर में काम करती है। शिकायतकर्ता ने बताया कि महिला की तरफ से वीडियो कॉल आई, जब उसने कॉल उठाई तो न्यूड थी। महिला ने उसे भी कपड़े उतारने को कहा। मना करने पर कुछ सेकेंड बाद वीडियो बंद कर दी। महिला ने उससे फेसबुक प्क पूछी और कहा कि वह फ्रैंड रिक्वेस्ट भेजेगी। उसने अपनी प्क बता दी। शिकायतकर्ता ने बताया कि फेसबुक की प्क मांगने के आधे घंटे बाद ही उसके सभी दोस्तों के साथ वो वीडियो वायरल कर दी। पीड़ित ने बताया कि महिला ने दबाव बनाते हुए पैसे की डिमांड की। जिस पर महिला द्वारा दिए जिस गूगल पे नंबर पर उसने 10 हजार रुपए ट्रांसफर किए थे, महिला ने 40 हजार रुपए की डिमांड की। इसके बावजूद वीडियो वायरल करने की धमकी मिल रही थी।

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**अंबाला**
**(मनीष)**
**मो. नं. : 9896772006**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**पानीपत**
**(बिजेंद्र सिंह)**
**मो. नं. : 9466035040**

## अखिल ब्राह्मण सभा शालीमार बाग ने भव्य रूप में किया सुन्दर कांड पाठ का आयोजन

# परशुराम जन्मोत्सव पर सुन्दर कांड पाठ का आयोजन








**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के** वजीरपुर स्थित मरीना ड्रीम बैंकट हाल में अखिल ब्राह्मण सभा शालीमार बाग (पंजीकृत) ने भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य पर सुन्दर काण्ड पाठ का आयोजन किया।

**मुख्य रूप से ये लोग रहे मौजूद** : निगम पार्षद जलज चौधरी, निगम पार्षद अमित नागपाल, रेखा गुप्ता निगम पार्षद, अशोक विहार से पार्षद पूनम भारद्वाज, सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन नवीन त्यागी, जिला अध्यक्ष भाजपा राज कुमार भाटिया, पूर्व जिला अध्यक्ष रोशन कंसल, सुनीता मिश्रा पूर्व निगम पार्षद, शक्ति सिंह सोनू, भूपेन्द्र मोहन भंडारी, रमेश मुद्गल, पूर्व निगम प्रत्याशी मंगत राम शर्मा, विपिन पिव्हाल, जयहिन्द मंच से सुरेश शर्मा, एक्शन इंडिया के मुख्य संपादक रवि भारद्वाज, मोहन लाल गौड प्रधान त्रीनगर ब्राहाण सभा, अशोक मुद्गल श्री ब्राहाण सभा केशवपुरम, वेद भंडारी, संजय कुमार के अलावा कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### सुन्दर कांड पाठ...

**● परशुराम जन्मोत्सव पर आयोजित सुन्दर कांड में दिल्ली-एनसीआर की कई संस्थाओं के पदाधिकारियों ने भी भाग लिया।**

**सुन्दर कांड पाठ की प्रस्तुति अजय यागनिक ने दी**: जाने-माने गायक आदरणीय अजय यागनिक के द्वारा सुन्दर कांड पाठ का गायन किया गया।

**कार्यक्रम में मौजूद रहे हजारों लोग**: अखिल ब्राह्मण सभा शालीमार बाग के द्वारा आयोजित सुन्दर कांड पाठ में बहुताय की संख्या में लोगों ने भाग लिया और साथ ही प्रभु का आशीर्वाद लिया।

**कार्यक्रम में आये हुए गणमान्य लोगों का पदाधिकारियों ने किया भव्य स्वागत**: अखिल ब्राह्मण सभा के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम में आये हुए मुख्य लोगों का भव्य रूप में स्वागत किया।

**कार्यक्रम में कई संस्थाओं के पदाधिकारियों ने भी लिया भाग**: अखिल ब्राह्मण सभा शालीमार बाग द्वारा आयोजित भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर आयोजित सुन्दर कांड पाठ में दिल्ली-एनसीआर की कई संस्थाओं के पदाधिकारियों ने भी भाग लिया।

**ये पदाधिकारी रहे मौजूद**: अखिल ब्राह्मण सभा शालीमार बाग के मुख्य संरक्षक बालमुकुंद शर्मा (गुरु जी ठंडाई), चेयरमैन गोविन्द शर्मा, एस के मुदगल अध्यक्ष, मुख्य सलाहकार डाक्टर हरिनारायण शास्त्री के साथ अन्य पदाधिकारी आर पी कौशिक, यज्ञदत शर्मा, के पी शर्मा, गांगुली जी, डाक्टर ऋषि कान्त दीक्षित, अजय शर्मा, राम मेहर शर्मा, विकास वत्स, ऋषि शर्मा, मुकेश शर्मा,कौशल शर्मा, राजेश शास्त्री, अशोक कौशिक, सतीश वत्स, सत्यवान गौड़, राम निवास शर्मा ने भाग लिया। इनके मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम अत्यंत सफल हुआ।

**कार्यक्रम में बहुताय की संख्या में मातृ शक्ति ने लिया भाग**: परशुराम जन्मोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम में बहुताय की संख्या में मातृ शक्ति ने भी भाग लिया और भगवान का आशीर्वाद लिया।

**कार्यक्रम में बच्चों ने भी दी सुन्दर कार्यक्रमों की प्रस्तुति**: इस आयोजन के शुरू में ही होनहार बच्चों ने भी बहुत ही सुन्दर प्रस्तुति दी।


कार्यक्रम के पश्चात सभी ने प्रसाद के रुप में स्वादिष्ट भोजन का आनंद लिया।



**बाल मुकुंद शर्मा, संरक्षक, अखिल ब्राह्मण सभा शालीमार बागः आज बड़े ही भव्य रूप में भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर भव्य रूप में सुन्दर कांड़ पाठ का आयोजन किया गया। इसके लिए सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद।**



**गोविन्द शर्मा, चेयरमैन, अखिल ब्राह्मण सभा शालीमार बागः कार्यक्रम में आये हुए सभी गणमान्य लोगों का मैं धन्यवाद करता हूं। सभी को परशुराम जन्मोत्सव पर भव्य कार्यक्रम आयोजित करने चाहिए।**



**एस.के. मुद्गल, प्रधान, अखिल ब्राह्मण सभा शालीमार बागः हमारी संस्था का प्रयास रहता है कि हम अधिक से अधिक कार्यक्रम आयोजित करें, जिससे की समाज के लोगों में एक अच्छा मैसेज जाये।**



**ऋषि कांत दीक्षित, महासचिव, अखिल ब्राह्मण सभा शालीमार बागः सभी को संगठित होकर रहना चाहिए और गरीब व निर्धन तबके की हमेशा ही मदद करनी चाहिए, जिससे की सभी वर्ग के लोगों का कल्याण हो सके।**






# नरेलाः गौतम कॉलोनी में मनाया गया मजदूर दिवस




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नरेला** की गौतम कॉलोनी में विभिन्न ट्रेड यूनियन ने संयुक्त रूप से श्रमिक कुंज भवन में अंतराष्ट्रीय मजदूर दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। इसकी अध्यक्षता पीपुल्स फ्रंट के नेता कामरेड नरेश गुप्ता तथा जोरदार संचालन सीपीआई माले के युवा नेता कामरेड सुरेंद्र पंचाल ने किया। उन्होंने उपस्थित हिस्सेदारी कर रहे सैकड़ों मेहनतकश श्रमिकों को इस दिन का गौरवशाली इतिहास बताते हुए कहा कि 1886 में अमेरिका के शिकागो शहर में काम के 8 घंटे की मांग को लेकर कई हजार श्रमिकों द्वारा जोरदार धरना-प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर कलमकार राजव्रत, लेबर प्रोग्रेसिव फ्रंट से कामरेड आरके मौर्य, एडवोकेट धर्मपाल, एडवोकेट सरणजीत, एडवोकेट सतीश, अमन खान, रामबाबू, रमजान, कामरेड अनिल कुशवाहा एआईसीसीटीयू, पादरी अमर सिंह, राधेश्याम हरेवली मौजूद रहे।

# शालीमार गांव में प्रभु श्री हनुमान की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा पर विशाल भंडारे का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के शालीमार गांव के मंदिर में प्रभुश्री हनुमान जी की मूर्ति की स्थापना के पश्चात हवन एवं भंडारा का आयोजन किया गया। मूर्ति की स्थापना सुरभि जाजू के द्वारा की गई। तो वहीं प्रसाद का वितरण समाजसेवी रमेश चंद्र बत्रा के सहयोग से किया गया। इस मौके पर पूर्व निगम पार्षद सुजीत ठाकुर, वीरेंद्र सिंह पिंटू, सतीश कालीरमन, विनोद सैनी, तरुण जैन, राजेश गोयल, लखन, नरेंद्र गुप्ता, सुनील ठाकुर, ओमकार गुप्ता, मंडल अध्यक्ष किशन यादव, अरुण बंसल, सोनू सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।



अशोक विहार फेस-3 के पार्को को स्वच्छ और सुंदर बनाने को लेकर पार्क का निरीक्षण करते हुए वजीरपुर वार्ड की निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी साथ में अन्य गणमान्य लोग।

# अशोक विहार में बच्चों ने निकाली पर्यावरण संरक्षण रैली




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**पृथ्वी** दिवस पर ज्ञान आधार सोसायटी के बच्चों ने अशोक विहार में पर्यावरण संरक्षण पर रैली निकाली।

इस कार्यक्रम में कई शिक्षकों, पर्यावरणविदों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। ज्ञान आधार सोसायटी की सचिव वीनू विज ने कहा कि धरती को जननी कहते हैं और ये हमको श्वास, जल और भोजन देती है। दिन पर दिन पृथ्वी और इसका वातावरण दूषित हो रहा है। ऐसे में विश्व प्रतिवर्ष 22 अप्रैल को अर्थ डे यानी पृथ्वी दिवस मनाता है। पृथ्वी दिवस मनाने का उद्देश्य वातावरण को संरक्षित करने के लिए लोगों को जागरूक करना है। योग शिक्षक योगेश कुमार ने कहा कि पर्यावरणीय खतरे को कम करने के लिए लोग पृथ्वी द्वारा प्रदत्त चीजों को शुक्रिया किया जाना चाहिए और पृथ्वी दिवस पर प्रकृति के संरक्षण का संकल्प लेना चाहिए। रैली का आयोजन अशोक विहार दीप मार्केट में भी किया गया। मार्केट के व्यापारी संघ ने इन बच्चों को प्रोत्साहित किया और सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध पर एक कार्यशाला आयोजित की गई। ज्ञान आधार और व्यापारी संघ के सदस्यों ने सड़कों से प्लास्टिक कचरा एकत्र किया और सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को समाप्त करने का संकल्प लिया। अशोक विहार के बाजारों में भी कई पेड़ लगाए गए। इस अवसर पर ज्ञान आधार वेलफेयर सोसायटी की समस्त शिक्षिकाओं उषा, आशा, मौसम, कविता, काजल एवं संजली ने भी अपना उद्बोधन दिया। उन्होंने बच्चों को पृथ्वी दिवस पर पेंटिंग बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस कार्यक्रम में एनजीओ के कोषाध्यक्ष मनोज कुमार भी मौजूद रहे।

# नरेला के गौतम कॉलोनी में डीएवी मोंटसरी स्कूल का हुआ उद्घाटन




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बाहरी दिल्ली** के नरेला स्थित गौतम कॉलोनी में डी.ए.वी मोंटसरी स्कूल का उद्घाटन कार्यक्रम बुधवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोचार के साथ हवन यज्ञ कर हुआ। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि अति विशिष्ट अतिथियों के रूप में पहुंचे विद्यालय के चेयरमैन जे.के कपूर, वाइस चेयरमैन नानक चंद, एडवाइजरी बोर्ड मेंबर अनीता वडेरा, विवेक मित्तल, डीएवी स्कूल बूढ़पुर की प्रधानाचार्या देविका दत्ता ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। डीएवी पब्लिक स्कूल नरेला की प्रधानाचार्या अनुपमा बिंद्रा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर अतिथियों का स्वागत अभिनंदन किया। इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर डीएवी संस्था के वाइस प्रेसिडेंट और विद्यालय के चेयरमैन जे.के कपूर ने कहा कि डीएवी संस्था के अंतर्गत सैकड़ों स्कूल एवं कॉलेज हैं। साथ ही अपना विश्वविद्यालय भी है। वही वाईस चेयरमैन नानक चंद ने डीएवी विद्यालय की शिक्षा पद्धति के बारे में विस्तार से बताया। विद्यालय प्रबंधक स्नेहा वर्मा ने डीएवी मोंटसरी स्कूल के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि मध्यम वर्गीय गरीब परिवार का बच्चा अच्छे स्कूलों में नहीं पढ़ पाता। इसी को ध्यान में रखते हुए डीएवी संस्था ने गौतम कॉलोनी में इस विद्यालय को शुरू किया है। इसमें फीस इतनी कम रखी गई है कि गरीब का बच्चा भी स्कूल में पढ़ सके। अभी मोंटसरी स्कूल को प्ले से लेकर दूसरी कक्षा तक शुरू किया गया है। कार्यक्रम में विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य एवं कंसलटेंट विमलेश झा, आचार्य हरि भारद्वाज, मांगेराम अत्रि सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
Fro- t Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 04 मई 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHI / 2006 / 19302
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# उप्र निकाय चुनाव में आज वोटिंग

## उप्र नगर निकाय चुनाव : 37 जिलों में पहले चरण का गुरुवार को मतदान





**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**उत्तर** प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव-2023 के पहले चरण का मतदान चार मई (गुरुवार) को होगा। निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से मतदान सम्पन्न कराने के लिए चुनाव आयोग ने व्यापक बंदोबस्त किए हैं। जिला व पुलिस प्रशासन के अधिकारियों और कर्मियों को चुनाव ड्यूटी में लगाया गया है। चुनाव से एक दिन पूर्व बुधवार को मतदान केन्द्र और बूथों के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना कर दी गई हैं। मतदान केन्द्रों में सुरक्षा व्यवस्था का कड़ा इंतजाम किया गया है।राज्य में नगरीय निकाय चुनाव दो चरणों में सम्पन्न कराया जाना है। पहले चरण का मतदान गुरुवार को होगा, जिसमें यूपी के नौ मंडलों के 37 जिले शामिल हैं। पहले चरण में 10 नगर निगम के मेयर, 830 पार्षदों, 104 नगर पालिका अध्यक्ष, 276 नगर पंचायत अध्यक्ष और इनके सदस्य चुने जाने हैं। पिछले चुनाव में 10 नगर निगम की सभी दस सीटें भारतीय जनता पार्टी ने जीती थी। बुधवार को सभी जनपदों में जिला निर्वाचन अधिकारियों की निगरानी में पोलिंग पार्टियों को मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया गया। इससे पूर्व अधिकारियों ने पोलिंग ड्यूटी में लगाए गए कर्मियों के साथ ईवीएम समेत सभी मतदान सामग्री की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज कुमार ने बुधवार को बताया कि पहले चरण में चार मई को सहारनपुर, मुरादाबाद, आगरा, झांसी, प्रयागराज, लखनऊ, देवीपाटन, गोरखपुर और वाराणसी मंडल के 37 जिलों मतदान होगा। इनमें चार कमिश्नरेट कानपुर, लखनऊ, वाराणसी व आगरा आते हैं। इनमें कुल 2.4 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। यह मतदाता 10 नगर निगमों के महापौर व 820 पार्षद उम्मीदवारों, 103 नगर पालिका परिषदों के अध्यक्ष व 2,740 सदस्य तथा 275 नगर पंचायतों के अध्यक्ष सहित 3,645 सदस्य उम्मीदवार समेत कुल 7,593 पदों के लिए 44 हजार से अधिक उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे। उल्लेखनीय है कि पहले चरण में एक नगर पालिका परिषद अध्यक्ष और एक नगर पंचायत अध्यक्ष समेत कुल 86 उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित हो चुके हैं।

# बृजभूषण शरण की गिरफ्तारी की मांग पर किसानों का प्रदर्शन



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/फतेहाबाद**
महिला पहलवानों के यौन शोषण के आरोपी कुश्ती संघ के अध्यक्ष एवं भाजपा सांसद बृजभूषण शरण की गिरफ्तारी की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन खेती बचाओ हरियाणा द्वारा बुधवार को फतेहाबाद में उपायुक्त कार्यालय पर रोष प्रदर्शन किया गया।
लघु सचिवालय के बाहर धरने पर बैठे किसानों ने भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और बाद में उपायुक्त को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन का नेतृत्व यूनियन के जिला प्रधान राजविन्द्र सिंह चहल ने की वहीं मुख्य वक्ता के तौर पर प्रधान जरनैल सिंह मलवाला मौजूद रहे। धरने को संबोधित करते हुए जरनैल सिंह मलवाला ने कहा कि देश के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मेडल जीतने वाले पहलवान खासकर हमारे देश का नाम विश्वभर में चमकाने वाली बेटियां 23 अप्रैल से जंतर-मंतर पर धरने पर बैठी हैं। भाजपा सांसद व कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण पर महिला पहलवानों के यौन शोषण के गंभीर आरोप है। सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद बृजभूषण शरण पर पॉक्सो जैसी अति गंभीर धाराओं के तहत मामले दर्ज किए गए हैं लेकिन उसके बावजूद आरोपी सांसद को अब तक गिरफ्तार नहीं किया गया है। इसके अलावा बृजभूषण शरण पर पहले से मामले दर्ज हैं। उन्होंने राष्ट्रपति से मांग की कि इस अति गंभीर मामले में महिला पहलवानों के साथ न्याय किया जाए और यौन शोषण के आरोपी बृजभूषण शरण को गिरफ्तार किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने आरोपी सांसद को बचाने का प्रयास किया और देश की बेटियों को न्याय नहीं मिला तो देश का अन्नदाता किसान अपनी बेटियों को इंसाफ दिलवाने के लिए सड़कों पर उतरने को मजबूर होगा। इस अवसर पर उपाध्यक्ष बेगराज फुलां, सतनाम सिंह लाम्बा, दरिया सिंह पूनियां, हनुमान सिंह फुलां, विनोद गिजरोईया भट्ठू, राम जाट, संदीप गढ़वाल सहित काफी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# कृषि मंत्री जेपी दलाल ने गांवों का किया दौरा



**टीम एक्शन इंडिया/भिवानी**
**प्रदेश के कृषि** एवं पशुपालन मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि भिवानी जिला के गांव गरवा में 100 करोड़ रुपए की लागत से उत्तर भारत का सबसे बड़ा उत्कृष्ट मछली पालन अनुसंधान केंद्र का निर्माण करवाया जाएगा। इसके अलावा कृषि, बागवानी, पशुपालन तथा मोटे अनाज के अनुसंधान केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं, ये अनुसंधान केंद्र किसानों की पैदावार बढाने के साथ-साथ आय, रोजगार बढ़ेगा और क्षेत्र में खुशहाली के लिए मील के पत्थर साबित होंगे। वे बुधवार को गोपालवास, कासनीकलां, सुरपुरा खुर्द, बहल तथा शेरला गावों में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। कृषि मंत्री ने कहा कि बाजरे जैसे मोटे अनाज को प्रोत्साहित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2023 को मिलेट्स वर्ष घोषित किया है, इससे बाजरे तथा मोटे अनाज

### अनुसंधान केंद्र

**कृषि, बागवानी, पशुपालन तथा मोटे अनाज के अनुसंधान केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं**

उत्पादन क्षेत्रों के किसानों को बहुत बड़ा फायदा होगा बाजरे का भाव बढ़ेगा और विकसित देशों में इसका निर्यात हो सकेगा। गोकुलपुरा में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा 50 करोड़ की लागत से मोटे अनाज अनुसंधान केंद्र की स्थापना की जा रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इसके अलावा खरकड़ी में महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय का उत्कृष्ट केंद्र स्थापित किया जा रहा है। गांव गिगनाऊ में 60 एकड़ भूमि पर इंडो इजरायल तकनीक पर आधारित बागवानी का एक्सीलेंस सेंटर का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है।

# 'बोर्ड, निगमों की भूमि पर पौधारोपण करेगा वन विभाग'



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा के वन मंत्री कंवर पाल ने कहा कि** राज्य के बोर्ड, निगमों की लम्बे समय से खाली पड़ी भूमि पर वन विभाग पौधारोपण कर वन क्षेत्र को बढ़ावा देगी। सरकार का प्रयास है कि अधिक से अधिक पौधारोपण करके प्रदेश को हरा भरा बनाया जाए। वन मंत्री पाल बुधवार को वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने बैठक में पेड़ों की अवैध कटाई पर जुमार्ना व सजा में किए जाने वाले संशोधन पर विस्तार से समीक्षा की। इसके अलावा एफआरआई सेंटर के लिए किशनपुरा की भूमि पर खड़े पेड़ों की बोली बारे वर्तमान स्थिति की भी जानकारी ली। वन मंत्री ने मजदूर यूनियन हरियाणा के पदाधिकारियों के साथ भी बातचीत की। उन्होंने कहा कि वन विभाग में कार्य कर रहे लेबर कोर्ट द्वारा अवार्डिड मजदूरों को बैक्वेजिज का भुगतान तुरंत प्रभाव से किया जाएगा। इसके अलावा विभाग की सभी नर्सरियों में शौचालयों की व्यवस्था का भी जल्द ही प्रावधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मजदूरों के लिए बढे हुए रेटों की अधिसूचना जारी होते ही न्यूनतम वेतन लागू किया जाएगा तथा मजदूरों को कार्य के लिए औजार व विभागीय मजदूरों को पहचान पत्र भी उपलब्ध करवाए जाएगें। कंवर पाल ने कहा कि वन विभाग की नर्सरियों में ही पौधे तैयार किए जा रहे हैं। लेकिन उनके संज्ञान में आया है कि जीन्द, कैथल, असंध की नर्सरियों में बाहर से पौधे मंगवाए गए हैं उनकी जांच करवाई जाएगी।

### समीक्षा

**बैठक में पेड़ों की अवैध कटाई पर जुमार्ना व सजा में किए जाने वाले संशोधन पर विस्तार से समीक्षा की**

